kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes


# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

www.kanwhizztimes.com

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-109 ❐ मंगलवार, 19 मई 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12

भारत और नॉर्वे दोनों नियम-आधारित व्यवस्था, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। केवल सैन्य संघर्ष से किसी भी



समस्या का समाधान संभव नहीं है। आर्थिक साझेदारी समझौते से भारत और नॉर्वे के बीच साझा प्रगति और समृद्धि को नई दिशा मिलेगी। — नरेन्द्र मोदी

जून से धर्म आधारित कल्याणकारी योजनाएं बंद करेगी भाजपा सरकार 11

बिहार को उद्योग और निवेश के जरिए समृद्ध बनाएंगे : सम्राट चौधरी 12

## संक्षेप

### रुपया 54 पैसे टूटकर सर्वकालिक निचले स्तर पर

**मुंबई।** रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 54 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 96.35 (अस्थायी) पर रहा। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, वैश्विक अनिश्चितताओं और मजबूत डॉलर के कारण घरेलू मुद्रा पर दबाव कायम है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव से वैश्विक बाजार धारणा प्रभावित बनी हुई है। इसके अलावा कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से भारत सहित उभरती अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव बढ़ा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.19 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह और टूटकर 96.39 प्रति डॉलर तक पहुंच गया।

### सभी हाईकोर्ट से वर्चुअल सुनवाई का आग्रह

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सोमवार को कहा कि उन्होंने सभी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध किया है कि वे भी पश्चिम एशिया संकट के चलते सोमवार और शुक्रवार को ऑनलाइन (वर्चुअल) सुनवाई करें। सुप्रीम कोर्ट ने 15 मई को सोमवार और शुक्रवार को सिर्फ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मामलों की सुनवाई करने का फैसला किया, और जजों ने 'सर्वसम्मति से तय किया' कि ईंधन का सही इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए वे आपस में कार-पूलिंग की व्यवस्था को बढ़ावा देंगे। सीजेआई ने कहा कि शुक्रवार को ही, मैंने सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध किया था कि अगर संभव हो, तो वे भी फिलहाल सुनवाई के लिए इसी ऑनलाइन तरीके को अपनाएं।

### बार काउंसिल चुनाव विवादों के लिए दो ट्रिब्यूनल गठित हों

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राज्य विधिज्ञ परिषद चुनावों से उत्पन्न विवादों पर फैसला करने के लिए शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की अगुवाई में दो चुनाव न्यायाधिकरण गठित करने का आदेश दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने भारतीय विधिज्ञ परिषद (बीसीआई) को न्यायाधिकरणों की अगुवाई करने के लिए दोनों सेवानिवृत्त जज से औपचारिक सहमति लेने का निर्देश दिया। यह आदेश अलग-अलग राज्यों में बार चुनावों को लेकर बढ़ते मुकदमों से निपटने के लिए दिया गया था।

### यूपी रेरा ने 13 नई परियोजनाओं को दी मंजूरी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश भू सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने राज्य के आठ जिलों में करीब 3,052.73 करोड़ की लागत वाली 13 नई रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं के माध्यम से लगभग 4,772 आवासीय और वाणिज्यिक इकाइयों का विकास किया जाएगा। इन परियोजनाओं को सोमवार को यूपी रेरा की 202 वीं बैठक में मंजूरी दी गई।

# यूपी के 13 शहर तपे, बांदा में तापमान 47.6 पर पहुंचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज पूरी तरह शुष्क होते ही लू का सिलसिला शुरू हो गया है।

मौसम विभाग की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश के 26 प्रमुख शहर 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में तपे। बुंदेलखंड का बांदा जिला 47.6 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ पूरे प्रदेश में सबसे गर्म रहा, जबकि प्रयागराज में पारा 46.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। सूबे की राजधानी लखनऊ में भी झुलसाने वाली गर्मी रही, जहां अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री अधिक 43.2 और न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने 22 जिलों में मंगलवार को लू की स्थिति का ● शेष पेज 11 पर

### 43 डिग्री से ऊपर 13 शहर

प्रदेश के 13 शहरों में पारा 43 डिग्री के पार पहुंच गया। इनमें बांदा (47.6 डिग्री), प्रयागराज (46.8 डिग्री), झांसी (45.7 डिग्री), हमीरपुर (45.6 डिग्री), बुलंदशहर (45.0 डिग्री), वाराणसी बीएचयू (45.0 डिग्री), अयोध्या (44.7 डिग्री), कानपुर आईएएफ (44.6 डिग्री), उरई (44.6 डिग्री), आगरा (44.5 डिग्री), वाराणसी एयरपोर्ट (44.5 डिग्री), गाजीपुर (44.0 डिग्री) और चुर्क (43.6 डिग्री) शामिल हैं।

### 42 डिग्री के ऊपर पांच शहर

अमौसी स्थित मौसम मुख्यालय के अनुसार सोमवार को अलीगढ़ में 42.6 डिग्री, मेरठ (42.4 डिग्री), आजमगढ़ (42.2 डिग्री), फतेहगढ़ (42.0 डिग्री) और फुर्सतगंज में 42.0 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

# सीबीआई ने पेपर लीक मामले में की दसवीं गिरफ्तारी

## महाराष्ट्र के लातूर से कोचिंग सेंटर संचालक धरा गया, -दिल्ली की अदालत ने नौ दिन की हिरासत में भेजा

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में दसवीं गिरफ्तारी की है। महाराष्ट्र के लातूर से कोचिंग सेंटर संस्थापक को तीन दिन तक चली जांच और आठ घंटे से अधिक पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को दिल्ली की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे नौ दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि लातूर में रेणुकाई करियर सेंटर के संस्थापक शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर पेपर लीक मामले में संदेह के दायरे में थे। सीबीआई की एक टीम शुक्रवार से उनकी जांच कर रही थी। मोटेगांवकर से उनके घर पर आठ घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की गई थी, जबकि उनके कोचिंग सेंटर में भी दस्तावेजों की जांच जारी थी। बताया कि



कोचिंग सेंटर में तलाशी के दौरान मिले मोटेगांवकर के मोबाइल फोन की जांच की गई तो उसमें लीक हुआ पेपर मिला। इसके बाद रविवार रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि जब्त मोबाइल फोन को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जा रहा है, ताकि उसमें से डिलीट किया गया डाटा भी बरामद किया जा सके। सोमवार को सीबीआई टीम ने मोटेगांवकर को दिल्ली की कोर्ट में पेश किया। विशेष जज (सीबीआई) अजय गुप्ता की अदालत ने एजेंसी को आरोपी को नौ दिन तक हिरासत में रखकर पूछताछ की अनुमति दे दी। एजेंसी ने दस दिन की हिरासत मांगी थी। अधिकारियों के अनुसार, पूछताछ और जांच में साफ हुआ है कि मोटेगांवकर पेपर लीक मामले में संलिप्त संगठित गिरोह में शामिल था। बताया गया कि आरोपी को तीन मई को हुई परीक्षा से दस दिन पहले यानी 23 अप्रैल को ही पेपर में पूछे गए प्रश्न और उनके जवाब मिल गए थे। एजेंसी के अनुसार, मोटेगांवकर ने लीक पेपर के सवाल-जवाब कई लोगों को हाथ से लिखे नोट्स के तौर पर उपलब्ध कराई थीं, जिन्हें पेपर हो जाने के बाद नष्ट कर दिया गया।

### नीट पेपर लीक पर संसदीय समिति सख्त, एनटीए अध्यक्ष तलब

नई दिल्ली। नीट-यूजी पेपर लीक मामले को लेकर संसद की शिक्षा मामलों से जुड़ी समिति ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के अध्यक्ष और उच्च शिक्षा सचिव को तलब किया है। समिति 21 मई को इस मामले की समीक्षा करने वाली है। एनटीए प्रमुख और उच्च शिक्षा सचिव समेत अधिकारियों को इस मामले की पूरी जानकारी समिति को उपलब्ध कराने को कहा गया है। सोमवार को राज्यसभा सचिवालय की ओर से जारी किए गए एक नोटिस में यह जानकारी दी गई। इसके अनुसार, कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता वाली शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल मामलों की संसदीय स्थायी समिति 21 मई को कथित पेपर लीक मामले की समीक्षा करेगी। इस दौरान एनटीए के ढांचे और परीक्षा प्रक्रिया में सुधार पर भी चर्चा की जाएगी। इसके लिए समिति ने शिक्षा मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी और एनटीए के अध्यक्ष प्रदीप कुमार जोशी को तलब किया है। उन्हें समिति की समीक्षा बैठक में उपस्थित रहने और पेपर लीक मामले, राधाकृष्णन समिति की सिफारिशों, परीक्षा प्रक्रिया में सुधार के तरीकों और पेपर लीक मामले में अब तक ● शेष पेज 11 पर

# पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण लिए गठित होगा आयोग

## योगी कैबिनेट

- ❐ उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में सरकार का निर्णय
- ❐ छह माह में आयोग देगा रिपोर्ट-पंचायत चुनावों में ओबीसी आरक्षण के लिए सामाजिक और राजनीतिक अध्ययन करेगा आयोग
- ❐ पांच सदस्यीय होगा आयोग, हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश होंगे अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को लोकभवन में आयोजित कैबिनेट बैठक में प्रदेश के त्रिस्तरीय ग्रामीण निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण के निर्धारण के लिए ल्लउत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। यह आयोग पंचायत चुनावों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने के लिए उनके सामाजिक और राजनीतिक पिछड़ेपन की स्थिति की जांच करेगा। कैबिनेट बैठक में कुल 12 प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए और सभी को स्वीकृत कर लिया गया।

कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में प्रदेश सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को आरक्षण देने के लिए ल्लउत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा ● शेष पेज 11 पर



### जन्म और मृत्यु पंजीकरण की सूचना 21 दिन बाद दी तो लगेगी फीस

**लखनऊ।** सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में जन्म और मत्यु पंजीकरण नियमावली को मंजूरी दे दी गई। इसके तहत अगर पंजीकरण के लिए जन्म और मृत्यु की सूचना 21 दिन बाद दी जाती है तो आवेदक से फीस ली जाएगी। फीस की रकम देरी के साथ बढ़ती जाएगी। जन्म या मृत्यु की सूचना 21 दिन के भीतर प्राप्त होने पर रजिस्ट्रार के आदेश से निशुल्क जारी किए जाएंगे। वहीं, 21 से 30 दिनों के भीतर यह सूचना मिलने पर 20 रुपये का शुल्क प्रमाण पत्र जारी करने के लिए लिया जाएगा। 30 दिन की अवधि बीत जाने के बाद लेकिन एक साल से पहले अगर जन्म या मृत्यु की सूचना दी जाती है तो 50 रुपये फीस ली जाएगी। हालांकि, इस दशा में रजिस्ट्रार सीधे प्रमाणपत्र जारी नहीं कर सकेंगे। ऐसी स्थिति में जिला रजिस्ट्रार अथवा अपर जिला रजिस्ट्रार (नगरीय या ग्रामीण) के आदेश से रजिस्ट्रार जारी करेंगे। वहीं, एक साल के बाद सूचना देने पर 100 रुपये फीस ली जाएगी। वहीं, प्रमाण पत्र जिला मैजिस्ट्रेट या उप जिला मैजिस्ट्रेट या जिला मैजिस्ट्रेट द्वारा प्राधिकृत कार्यपालक मैजिस्ट्रेट के आदेश से रजिस्ट्रार द्वारा जारी किए जाएंगे।

### चारबाग से वसंतकुंज तक मेट्रो रेल के लिए एमओयू को मंजूरी

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने लखनऊ में चारबाग से वसंतकुंज तक मेट्रो रेल परियोजना को गति देने के लिए त्रिपक्षीय मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) करने को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला हुआ। लखनऊ मेट्रो परियोजना फ़ेज-एकबी ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर (चारबाग से वसंतकुंज) के लिए केंद्र व यूपी सरकार और उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. के बीच त्रिपक्षीय एमओयू होना है।
वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि इस परियोजना की डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) को पहले ही कैबिनेट से मंजूरी मिल चुकी है। कैबिनेट की बैठक में सोमवार को 5801.05 करोड़ रुपये की अनुमोदित लागत पर सहमति दी गई है। इसके लिए त्रिपक्षीय एमओयू होगा। परियोजना में केंद्र और राज्य सरकार की 50-50 प्रतिशत भागीदारी होगी। चारबाग से वसंतकुंज तक बनने वाला यह ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर राजधानी लखनऊ में यातायात व्यवस्था को और बेहतर करेगा और नागरिकों को आधुनिक और सुगम सार्वजनिक परिवहन ● शेष पेज 11 पर

# ट्रक और मैजिक की टक्कर में दो महिलाओं सहित दस मजदूरों की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर-नानपारा मार्ग पर सोमवार की सुबह एक सवारी मैजिक वाहन और ट्रक के बीच आमने-सामने की भिड़ंत में दस लोगों की मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मैजिक के परखच्चे उड़ गए। इस घटना पर प्रधानमंत्री

नरेन्द्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। जानकारी के अनुसार लखीमपुर में



मजदूरी करने के बाद सभी मजदूर मैजिक वाहन से घर बहराइच जनपद के नानपारा लौट रहे थे। सुबह करीब 7:00 बजे ईसानगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अदलीसपुर के मजरा भरेहटा के पास बहराइच की दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक और मजदूरों के मैजिक वाहन की आमने ● शेष पेज 11 पर

## दर्दनाक

- ❐ लखीमपुर-बहराइच नेशनल हाइवे पर हादसा
- ❐ पीएम ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख की आर्थिक मदद का किया ऐलान
- ❐ मुख्यमंत्री योगी ने मृतकों के परिजनों को हरसंभव सहायता पहुंचाने के दिए निर्देश

### बीसीसीआई 'सार्वजनिक प्राधिकरण' नहीं है : सीआईसी

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने सोमवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत 'सार्वजनिक प्राधिकरण' नहीं है क्योंकि यह न तो सरकार के स्वामित्व में है, न सरकार द्वारा नियंत्रित है और न ही सरकार द्वारा पर्याप्त रूप से वित्त-पोषित है। इसके साथ, आयोग ने वह अपील खारिज कर दी जिसमें उन प्रावधानों और प्राधिकार के बारे में सूचना मांगी गई थी, जिसके तहत बीसीसीआई भारत का प्रतिनिधित्व करता है और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन करता है। सीआईसी ने कहा कि बीसीसीआई एक निजी स्वायत्त निकाय है, जो 'तमिलनाडु सोसाइटी पंजीकरण कानून' के तहत पंजीकृत है। इसका गठन न तो संविधान, संसद अथवा राज्य विधानमंडल द्वारा ● शेष पेज 11 पर

# सरकारी बैंकों और बीमा कंपनियों को खर्च घटाने का निर्देश

- ❐ प्रशासनिक खर्चों में कमी लाने की प्रयास
- ❐ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को प्राथमिकता देने का निर्देश

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सरकारी बैंकों, बीमा कंपनियों और अन्य वित्तीय संस्थानों को खर्चों में कटौती करने के लिए व्यापक निर्देश जारी किए हैं। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग ने सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, सरकारी बीमा कंपनियों और वित्तीय संस्थानों से कहा है कि वे परिचालन खर्च कम करने के लिए सख्त कदम उठाएं। माना जा रहा है कि इन निर्देशों का असर लाखों कर्मचारियों और संस्थानों की कार्यप्रणाली पर पड़ेगा। सरकार का यह कदम ऐसे समय आया है जब वैश्विक स्तर पर आर्थिक अनिश्चितता, पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। सरकार चाहती है कि सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थान संसाधनों का अधिक कुशल तरीके से इस्तेमाल करें और गैर-जरूरी खर्चों पर नियंत्रण रखें।

सरकार ने इन संस्थानों से कहा है कि बैठकों, समीक्षा बैठकों और प्रशासनिक चर्चाओं के लिए अधिक से अधिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का इस्तेमाल किया जाए। केवल अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों में ही अधिकारियों और कर्मचारियों को यात्रा करने की अनुमति दी जाए। वित्त मंत्रालय का मानना है कि डिजिटल माध्यमों के बढ़ते इस्तेमाल ● शेष पेज 11 पर

## तेहरान ने 14 सूत्रीय मसौदा अमेरिका को भेजा

# अमेरिका से वार्ता जारी, परमाणु अधिकारों पर कोई समझौते नहीं : ईरान

एजेंसी

तेहरान। ईरान ने सोमवार को पुष्टि की कि पाकिस्तान की जरिए अमेरिका के साथ उसकी अप्रत्यक्ष वार्ता जारी है। हालांकि, ईरान साफ किया है कि वह अपने 'परमाणु अधिकारों' पर कोई समझौता नहीं करेगा, भले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी जारी करते हुए ईरान को समय पर निर्णय लेने की कड़ी चेतावनी दी है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच प्रस्तावों और आपत्तियों का आदान-प्रदान लगातार जारी है। उनके अनुसार, ईरान ने पहले 14 बिंदुओं वाला एक ढांचा पेश किया था, जिसके जवाब में अमेरिका ने अपनी 'सुधारात्मक टिप्पणियां' पाकिस्तान के माध्यम से भेजी थीं।

बगाई ने कहा कि ईरान ने इन सुझावों की समीक्षा कर अपनी संशोधित प्रतिक्रिया



वापस भेज दी है और प्रक्रिया अभी भी जारी है। उन्होंने साफ किया कि परमाणु संवर्द्धन का अधिकार ईरान के लिए गैर-समझौता योग्य है और यह अधिकार परमाणु अप्रसार संधि के तहत पहले से मान्यता प्राप्त है। बगाई ने कहा कि ईरान अपने अधिकारों पर किसी दबाव या समझौते के लिए तैयार नहीं है और वह अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखते हुए आगे की रणनीति बना रहा है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने सोमवार को संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ सीधी बातचीत करने के तेहरान के फैसले का जोरदार बचाव किया है। उन्होंने घोषणा की कि गरिमा के साथ बातचीत करना नितांत आवश्यक है और साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि ईरान अपने राष्ट्रीय अधिकारों की रक्षा करता रहेगा। वॉशिंगटन के साथ किसी भी तरह की कूटनीतिक बातचीत का विरोध करने वाले आलोचकों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए राष्ट्रपति ने तर्क दिया कि देश को बातचीत की मेज से अलग-थलग करना पूरी तरह से नुकसानदेह है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह कहना तार्किक नहीं है कि हम बातचीत नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि ईरान में कुछ कट्टरपंथी नारा लगाते हैं कि हमें बातचीत में शामिल नहीं होना चाहिए। अगर हम बात नहीं करेंगे तो क्या करेंगे? अंत तक लड़ते रहेंगे? राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने कहा कि ईरान कूटनीतिक बातचीत को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाते हुए अपने रणनीतिक हितों की मजबूती से रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है। हमें तार्किक ● शेष पेज 11 पर

# यूपी में सफलता देश में पहचान का आधार : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चयनित अभ्यर्थियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा है कि जो भी अधिकारी व कर्मचारी भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में यूपी के अंदर काम कर लेगा, देश-दुनिया में उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है। जो यूपी में सफल है, वह हर जगह सफल है, क्योंकि 25 करोड़ आबादी का यूपी अलग-अलग परिस्थितियों में काम करता है और सम-विषम परिस्थितियों में परिणाम भी देता है। आप सभी को ऐसे राज्य में कार्य करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री योगी सरकार के मिशन रोजगार के तहत सोमवार को 21 विभागों में विभिन्न पदों पर 932 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य-प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2024 के तहत चयनित युवाओं को सोमवार को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। लोकभवन में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के हार्थों नियुक्ति पत्र पाकर नवचयनितों के चेहरे खिल उठे।



❐ 21 विभागों में विभिन्न पदों पर चयनित 932 अभ्यर्थियों को दिया गया नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री ने चयनित युवाओं से कहा कि यह आपके, माता-पिता, अभिभावक, पारिवारिक सदस्यों, मित्रों के लिए खुशी का पल है। आपकी सफलता प्रदेश की सफलता का आधार बनना चाहिए। जिस पारदर्शी तरीके से आपका चयन हुआ है, शासन भी सर्विस कालखंड के दौरान उसी पारदर्शी व शुचितापूर्ण कार्यपद्धति की अपेक्षा करता है। जो कार्य आज करना है, उसे आज ही करने की आदत डालनी पड़ेगी। पहले 10 वर्ष में जो मेहनत कर पाएंगे, वह आपके आगे के 30-35 वर्ष के सेवाकाल व उसके बाद के कार्यकाल के लिए भी मजबूत नींव होगी। परिश्रम व्यक्ति को सफलता की ऊंचाई तक पहुंचाता है। आपका परिश्रम ईमानदार व्यवस्था के साथ जुड़ता है तो परिणाम आता है। यही परिणाम आगे भी परिश्रम का आधार बनेगा तो वह जीवन भर सुखद अनुभूति का अहसास कराएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की मंशा, व्यवस्था और कार्ययोजना क्या है। उसे इंप्लीमेंट करने के लिए भर्ती आयोग व बोर्ड की कार्यपद्धति उदाहरण बनती है। अगर भर्ती प्रक्रिया ही पारदर्शी व शुचितापूर्ण न हो तो जिन लोगों का चयन होगा, उनसे ईमानदारी से परिणाम देने, प्रदेश की गति को प्रगति व समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान देने की बात दिवास्वप्न ही होगी। गति को प्रगति की ओर वही ले जा सकता है, जिसका ईमानदारी से चयन हो और जिसने परिश्रम-मेहनत से स्थान प्राप्त किया है। सिफारिश और पैसे के लेन-देन से चयनित व्यक्ति प्रगति नहीं, दुर्गति कराएगा। वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में यही होता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सौभाग्यशाली हैं कि आपको नकल विहीन परीक्षा देने का अवसर प्राप्त हुआ। आपने स्कूली शिक्षा, विश्वविद्यालय, प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम के साथ ही चयन प्रक्रिया की शुचितापूर्ण व्यवस्था ● शेष पेज 11 पर

# नागेश्वर राव के नैक अध्यक्ष बनने से प्रयागराज का बढ़ा गौरव

## प्रो.सत्यकाम-इग्नू और राजर्षि टंडन सहित देश भर के शिक्षाविदों में खुशी की लहर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । देश के प्रख्यात शिक्षाविद प्रो. नागेश्वर राव को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय महत्व के संस्थान राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की कार्यकारी समिति नैक ईसी का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर देश भर के शिक्षाविदों में खुशी की लहर है। देश के शिक्षाविदों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि एक योग्य शिक्षाविद के हाथ में नैक की बागडोर आने से देश के शिक्षण संस्थानों का गुणवत्तापूर्ण विकास होगा। शिक्षा के विकास से ही भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना साकार होगा।उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के कुलपति एवं प्रो. नागेश्वर राव के साथ इग्नू में प्रतिकुलपति रहे प्रो. सत्यकाम ने प्रो. नागेश्वर राव को नैक ईसी का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर बधाई देते हुए कहा कि इस प्रतिष्ठापूर्ण नियुक्ति से मुक्त विश्वविद्यालयों का गौरव बढ़ा है। ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रो. नागेश्वर राव के प्रयास अभतपूर्व हैं। उनके प्रयासों से ही मुक्त विश्वविद्यालयों की प्रतिष्ठा पूरे देश में बढ़ी है। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से गोल्ड मेडलिस्ट रहे प्रो. राव कॉमर्स और बिजनेस मैनेजमेंट के विद्वान हैं। शिक्षण करियर में 48 साल का अनुभव रखने वाले प्रो. राव के कई शिष्य देश के प्रमुख संस्थानों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं।अपनी ऐतिहासिक शैक्षिक यात्रा के दौरान प्रो. राव इलाहाबाद विश्वविद्यालय में जुलाई 1978 से फरवरी 1985 तक कॉमर्स और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग में लेक्चरर रहे। इसके उपरांत बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी में फरवरी 1985 से अक्टूबर 1990 तक फैकेल्टी आफ मैनेजमेंट स्टडीज में रीडर रहे। देश में सबसे कम उम्र में प्रोफ़ेसर बनने का गौरव हासिल करने वाले प्रोफ़ेसर राव विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन में अक्टूबर 1990 से दिसम्बर 2013 तक पं. जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट आफ बिजनेस मैनेजमेंट में प्रोफ़ेसर के पद में कार्यरत रहे। उन्होंने देश के कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थानों के प्रशासनिक पदों के प्रमुख का दायित्व ग्रहण किया। देश के कई राज्य और केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में उनका कार्यकाल महत्वपूर्ण उपलब्धियों से भरा रहा।प्रो. राव सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलपति नियुक्त हुए। मुक्त विश्वविद्यालय में सबसे युवा कुलपति होने का उनका रिकॉर्ड अभी तक टूट नहीं पाया है। इसके उपरांत प्रो. राव को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के सम कुलपति और फिर कार्यवाहक कुलपति की कमान सौंपी गई। इसके उपरांत प्रो. राव उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, नैनीताल के कुलपति के पद पर नियुक्त हुए। तदोपरांत राष्ट्रपति द्वारा इग्नू के पूर्णकालिक कुलपति नियुक्त किए गये। इग्नू के कुलपति के रूप में प्रो. राव ने काफी प्रतिष्ठा हासिल की। जिसके परिणाम स्वरूप भारत सरकार ने उनकी नेतृत्व क्षमता पर भरोसा करते हुए उन्हें राष्ट्रीय महत्व के संस्थान केंद्रीय हिंदी निदेशालय तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ एडवांस्ड स्टडी के निदेशक का अतिरिक्त पदभार भी सौंपा।इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली को इनके कार्यकाल में नैक में ए डबल प्लस ग्रेड मिला। जो किसी भी मुक्त विश्वविद्यालय के लिए अभी तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

# भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ता का करता है निर्माण : मनीष शुक्ल

## राष्ट्र प्रथम व 2027 के विजय संकल्प लेकर प्रशिक्षण वर्ग से विदा हुए कार्यकर्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । भाजपा प्रयागराज महानगर के दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन सोमवार को हुआ। कैंटोनमेंट पैलेस में आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग से कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम व 2027 के विजय का संकल्प लेकर विदा हुए।समापन सत्र में बतौर मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी मनीष शुक्ल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों में 2017 से भी बड़ी जीत दर्ज करने के लिए कार्यकर्ताओं को बूथ प्रबंधन और जनसंपर्क की रणनीति अपनानी होगी। भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ता का निर्माण करता है।

प्रशिक्षण की ताकत से भाजपा आज इस मुकाम पर पहुंची है। भाजपा सरकार ने समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए काम किया। प्रशिक्षण वर्ग में हम जो सीखते हैं संगठनात्मक के साथ जीवन में भी वो हमारे काम आता है। भाजपा का कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना को लेकर कार्य करता है।मीडिया व सोशल मीडिया प्रबंधन पर बोलते हुए मनीष शुक्ल ने कहा कि आज सोशल मीडिया एआई के जरिए अफवाह बहुत तेजी से फैलती है। इसका सदुपयोग है तो दुरूपयोग भी। सोशल मीडिया पर हमें कोई भी विषय पोस्ट करने के पहले सोचना चाहिए, खासतौर पर पोस्ट को शेयर करते समय। विपक्ष इसी दुरूपयोग का सहारा लेकर जनता को भ्रमित करने का कुत्सित प्रयास करता है, जिसका उत्तर हम भाजपा कार्यकर्ताओं को सजगता से देना होगा। भाजपा का कार्यकर्ता बूथ पर डटकर संगठन के लिए कार्य करता है।अध्यक्षीय उद्‌बोधन करते हुए महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के सहयोग व परिश्रम



के बिना ये आयोजन संभव नहीं था। कार्यकर्ता संगठन की ताकत हैं। मां भारती व संगठन की सेवा का प्रण लेकर हम इस प्रशिक्षण वर्ग से विदा लें और समाज में तथा कार्यकर्ताओं के बीच जाकर अपने अनुभवों को बांटे। जितने भी सत्र संचालित किए गए हैं उन सभी सत्रों में हमें कुछ न कुछ सीखने को मिला। संगठन सर्वोपरि की भावना को लेकर हमें 2027 के रंग में उतरना है।भाजपा मीडिया प्रभारी विवेक मिश्र ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में दो दिनों में कुल 11 सत्र संचालित किए गए। पहले दिन रविवार को 6 व दूसरे दिन सोमवार को 5 सत्र विभिन्न वक्ताओं द्वारा सम्बोधित किए गए। प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन विचार परिवार, भाजपा का इतिहास एवं विकास, मीडिया प्रबंधन एवं सोशल मीडिया (एआई) जैसे विषयों पर सत्र संचालित किए गए। समापन सत्र में कार्यकर्ता विकास विषय पर चर्चा की गई। भाजपा प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी, अमरनाथ यादव, राम रक्षा त्रिपाठी ने वक्ता के रूप में सत्रों को सम्बोधित किया।प्रशिक्षण वर्ग का संचालन महानगर महामंत्री डॉ शैलेश पांडेय ने किया।

## प्रयागराज के सिविल लाइन स्थित एक होटल में लगी आग




**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित सिविल लाइन स्थित होटल विट्ठल में सोमवार को दोपहर बाद अचानक आग लग गई। आग लगने से वहां अफरातफरी मच गई। सूचना पर अग्निशमन विभाग के कर्मचारी दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास में जुटे हुए हैं।पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र में स्थित होटल विट्ठल में सोमवार दोपहर बाद अचानक आग लगने की सूचना प्राप्त हुई है। इस सूचना पर तत्काल अग्निशमन विभाग के कर्मचारी दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे और आग काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि आग में फंसे लोगों को बचा लिया गया है। आग कैसे लगी, यह जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। आग बुझाने के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी।

## छोटे व्यापारियों, मध्यम वर्ग एवं आम नागरिकों के हितों को लेकर डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरोजिनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर प्रदेश में कानून व्यवस्था, सुशासन, निवेश एवं विकास के क्षेत्र में हुए कार्यों की सराहना करते हुए विभिन्न प्रवर्तन एवं स्थानीय प्रशासनिक विभागों द्वारा कार्यवाहियों के दौरान संयम, संवेदनशीलता एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाए जाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज विकास एवं सुशासन का राष्ट्रीय मॉडल बनकर उभरा है और जनता का सरकार पर विश्वास लगातार मजबूत हुआ है। ऐसे में आम नागरिकों, छोटे व्यापारियों, रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों एवं निम्न मध्यम वर्गीय परिवारों के हितों और आजीविका का भी संवेदनशीलता के साथ ध्यान रखा जाना आवश्यक है।डॉ. सिंह ने अपने पत्र में कहा कि छोटी-छोटी बातों पर अत्यधिक चालान, अनावश्यक नोटिस, बिजली विच्छेदन अथवा अन्य कठोर स्थानीय कार्यवाहियों से जन-असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिसका विपक्ष दुरुपयोग करने का प्रयास कर सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि माफिया, भू-माफियाओं, संगठित भ्रष्टाचार एवं गंभीर कानून उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहनी चाहिए, लेकिन सामान्य जनता एवं छोटे आजीविका वर्गों से जुड़े मामलों में प्रशासनिक स्तर पर संवाद, व्यवहारिकता एवं मानवीय दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

## ट्रेन की चपेट में आने से सब्जी कारोबारी की मौत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के चौफटका रेलवे क्रासिंग के समीप सोमवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से सब्जी कारोबारी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की।पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि नगर के करेली थाना क्षेत्र के नई बस्ती बेनीगंज निवासी नरेन्द्र कुमार केसरवानी (32) पुत्र छेदीलाल केसरवानी का शव आज सुबह चौफटका रेलवे ट्रैक पर मिला। इस सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। मृतक के परिवारीजनों ने बताया कि नरेंद्र कुमार केसरवानी चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। वह जीवन यापन करने के लिए सब्जी का कारोबार करता था। प्रतिदिन की भांति सोमवार को लगभग पांच बजे घर से मंडी जाने के लिए निकला था। संभवतः रास्ते में चौफटका रेलवे क्रासिंग के समीप रेलवे ट्रैक पार करते समय वह अचानक आई ट्रेन की चपेट में आ गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस टीम ने उसके पास से मिले मोबाइल से प्राप्त नम्बर से पहचान कर परिवार को खबर दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़े पर पर्यावरण जागरूकता, साइकिल रैली व पौधरोपण

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार उत्तर मध्य रेलवे द्वारा इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़े का आयोजन 15 मई से 05 जून तक किया जा रहा है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम जलवायु परिवर्तन निर्धारित की गई है। इसी शृंखला में सोमवार को उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में विभिन्न पर्यावरण अनुकूल गतिविधियों का आयोजन किया गया।-पर्यावरण जागरूकता साइकिल रैली निकालीवरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि लोगों में पर्यावरण के प्रति चेतना जगाने के उद्देश्य से एक साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली का नेतृत्व महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे नरेश पाल सिंह एवं प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर अनिल कुमार द्विवेदी ने किया। रैली में अन्य विभागाध्यक्ष, अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हुए। साइकिल रैली के समापन के पश्चात महाप्रबंधक, सभी विभागाध्यक्षों, अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा रेलगाँव कॉलोनी में पौधरोपण किया गया।-सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ मुहिमप्लास्टिक और उससे बनी वस्तुओं के उपयोग को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से सफाई कर्मियों को कपड़े के थैले और स्टील की बोतलें वितरित की गईं।

# हंडिया तहसील में आकांक्षा सिंह ने संभाला चार्ज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज जनपद के गंगापार स्थित हंडिया तहसील में आकांक्षा सिंह ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) और उपजिला मजिस्ट्रेट का पदभार ग्रहण कर लिया है। जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है।पदभार ग्रहण करने के बाद नवागंतुक एसडीएम आकांक्षा सिंह ने अपनी प्राथमिकताएं बताईं। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण और सरकारी कब्ज़े वाली भूमि को खाली कराना उनकी प्रमुख प्राथमिकता होगी।एसडीएम आकांक्षा सिंह ने यह भी बताया कि अवैध खनन पर रोक लगाना और सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाना भी उनके मुख्य कार्यों में शामिल रहेगा। उन्होंने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और न्यायालय में लंबित मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया, ताकि लोगों को तहसील के अनावश्यक चक्कर लगाने से मुक्ति मिल सके। इससे पहले, आकांक्षा सिंह जमुनापार क्षेत्र की कोरांव और करछना तहसीलों में भी एसडीएम के पद पर सेवाएं दे चुकी हैं।

# हमारी जनगणना, हमारा भविष्य अभियान देश के विकास की मजबूत आधारशिलाः दयालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने हमारी जनगणना, हमारा भविष्य अभियान को देश के विकास की मजबूत आधारशिला बताते हुए नागरिकों से जनगणना में सक्रिय सहभागिता की अपील की है।

उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह भर नहीं, बल्कि देश की भावी नीतियों, संसाधनों के समुचित वितरण और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का सबसे महत्वपूर्ण आधार है।आयुष मंत्री ने कहा कि सटीक और विश्वसनीय आंकड़े किसी भी राष्ट्र की विकास यात्रा को गति देने का प्रमुख माध्यम होते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास और सामाजिक कल्याण जैसी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तभी संभव है, जब सरकार के पास जनसंख्या और सामाजिक संरचना से जुड़ी सही जानकारी उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि



जनगणना में दी गई प्रत्येक जानकारी आने वाले वर्षों में नीतियों के निर्माण और संसाधनों के बेहतर उपयोग की दिशा तय करती है। डॉ. दयालु ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ल्लविकसित भारतङ्क संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मजबूत और विकसित भारत का निर्माण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें आमजन की भागीदारी भी उतनी ही जरूरी है।उन्होंने स्वयं अपना जनगणना फॉर्म भरकर आमजन को भी इस प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जब जनगणना कर्मी घर-घर पहुंचें तो नागरिक उन्हें सही, पूर्ण और तथ्यात्मक जानकारी दें ताकि भविष्य की योजनाएं अधिक प्रभावी और पारदर्शी बन सकें। उन्होंने कहा कि ल्लहमारी जनगणना, हमारा भविष्यङ्क केवल एक अभियान नहीं बल्कि देश के भविष्य को मजबूत बनाने का राष्ट्रीय संकल्प है।आयुष मंत्री ने कहा कि जनभागीदारी लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और सशक्त आंकड़े ही सशक्त भारत के निर्माण की नींव रखते हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए जनगणना में शामिल हो और राष्ट्र निर्माण की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया का भागीदार बने। त्मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठीत ने मीडिया को जारी जानकारी में बताया कि जनगणना अभियान को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार जनसंपर्क की गतिविधियां चलाई जा रही हैं, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

# प्रापर्टी डीलर की हत्या में आरोपित अधिवक्ता समेत चार गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में नैनी थाना क्षेत्र के महेवा पूरब पट्‌टी मोहल्ले में रविवार शाम हुई प्रापर्टी डीलर हत्याकांडमें पुलिस टीम ने दो नामजद आरोपित सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया। यह जानकारी सोमवार को पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने दी।डीसीपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में अरविन्द भारती, बृजेश निषाद, भूपेन्द्र और प्रिंस को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

हत्या में प्रयुक्त कार भी बरामद कर ली गई है। पुलिस के मुताबिक हत्या की वारदात जमीन और पैसे को लेकर एक साल से चल रहे झगड़े के चलते की गई है। मृतक गिरफ्तार आरोपितों में अरविंद भारती और बृजेश निषाद के साथ पार्टनरशिप में जमीन का काम करते थे। इनमें बृजेश निषाद प्रयागराज हाईकोर्ट में वकील है। आरोपितों को जेल भेजते हुए विधिक कार्रवाई की जा रही है।उल्लेखनीय है कि नैनी कोतवाली थाना क्षेत्र के महेवा पूरब पट्टी निवासी प्रापर्टी डीलर अजहरुद्दीन (35) पुत्र बदरूद्दीन उर्फ बुद्धू की रविवार शाम प्रापर्टी कार्यालय के अन्दर पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस संबंध में परिवार की तहरीर पर प्रापर्टी डीलर अरविन्द भारती, अधिवक्ता बृजेश निषाद समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था।घटना के संबंध में जानकारी देते हुए मृतक के बड़े भाई अलाउद्दीन ने बताया कि आरोपित अरविंद भारती और हाईकोर्ट में वकालत करने वाले बृजेश निषाद के साथ पार्टनरशिप में जमीन का काम करते थे। रविवार शाम भाई अजहरुद्दीन घर पर था। पार्टनर अरविंद ने पैसे के लेनदेन को लेकर भाई को फोन कर मड़ौका स्थित लगन बिहार गेस्ट हाउस के पास अपने ऑफिस बुलाया। करीब 3:30 बजे घर से अजहरुद्दीन बाइक लेकर निकला था। एक घंटे बाद मुझे उसकी हत्या की सूचना मिली। पड़ोस के लोगों ने बताया कि अरविंद भारती और बृजेश निषाद वैगनआर कार से पहले ही ऑफिस में आकर बैठे थे। कुछ देर बाद बाइक से अजहरुद्दीन पहुंचे। करीब 10 मिनट बाद ही अजहरुद्दीन की दाहिनी कनपटी पर गोली मार दी गई। हत्या करने के बाद सभी आरोपित कार से ही भाग निकले थे।

# सरोजनीनगर को 1010 बेड के अत्याधुनिक इमरजेंसी सेंटर की सौगात मिलने पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उत्तर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए सरोजनीनगर क्षेत्रवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के नवीन परिसर, शहीद पथ स्थित गोमती नगर विस्तार सेक्टर-7 में 1010 बेडेड अत्याधुनिक मल्टी स्पेशलिटी इमरजेंसी सेंटर अस्पताल, नवीन ओपीडी ब्लॉक एवं टीचिंग ब्लॉक निर्माण परियोजना की स्वीकृति प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक निर्णय है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले इस संस्थान के विस्तार से न केवल राजधानी लखनऊ बल्कि पूरे प्रदेश के मरीजों को अत्याधुनिक एवं त्वरित स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य अवसंरचना को लगातार सशक्त किया जा रहा है और यह परियोजना उसी दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उन्होंने बताया कि 855 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत 1010 बेड की क्षमता वाला आधुनिक मल्टी स्पेशलिटी इमरजेंसी सेंटर स्थापित किया



जाएगा। इसके साथ ही मरीजों की बढ़ती संख्या एवं बेहतर उपचार व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नया ओपीडी ब्लॉक बनाया जाएगा तथा 200 सीटों की क्षमता वाला अत्याधुनिक टीचिंग ब्लॉक भी विकसित किया जाएगा। इससे चिकित्सा छात्रों को आधुनिक तकनीक एवं संसाधनों से युक्त शिक्षण वातावरण मिलेगा तथा मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता को नई मजबूती प्राप्त होगी। डॉ. सिंह ने कहा कि सरोजनीनगर आज तेजी से उत्तर प्रदेश की ल्लहेल्थ कैपिटलङ्क एवं अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। क्षेत्र में संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (ट्टक्च्क्क), शहीद पथ स्थित राम मनोहर लोहिया हेल्थकेयर सेंटर का नया मल्टी स्पेशलिटी इमरजेंसी सेंटर, कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर संस्थान, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय, मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, अपोलो मेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, आगामी 900 बेड का मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वेल्सन मेडिसिटी, टेंडर पाम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, टी.एस. मिश्रा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, प्रसाद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (घ्क्ड्ढ्र) एंड हॉस्पिटल, ओ.पी. चौधरी डेंटल हॉस्पिटल, राजधानी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ हॉस्पिटल, नोवा शेखर हॉस्पिटल - ख्क्क्ख्रत्रद्ध कैंपस, 2 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (एक्वए) एवं 8 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (घ्क्वए) इत्यादि जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संस्थाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों के कारण सरोजनीनगर प्रदेश के सबसे बड़े स्वास्थ्य एवं मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर हब के रूप में स्थापित हो रहा है। डॉ. सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि आधुनिक चिकित्सा शिक्षा, आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं एवं जनसुलभ चिकित्सा सुविधाओं का व्यापक विस्तार भी है। इस परियोजना से गंभीर रोगियों को विशेषज्ञ उपचार शीघ्र उपलब्ध हो सकेगा तथा प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले मरीजों को राजधानी में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।

# शिक्षा के मंदिर में अश्लीलता का तांडव, स्कूल परिसर में सजे बारबालाओं के ठुमके

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रेहरिया, खीरी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां एक ओर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुधारने और स्कूलों को 'स्मार्ट' बनाने के लिए दिन-रात प्रयासरत हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ गैर-जिम्मेदार कस्टोडियन सरकार की इन कोशिशों पर पानी फ़ेरने में लगे हैं। ऐसा ही एक शर्मनाक और हैरान कर देने वाला मामला लखीमपुर खीरी जिले के ब्लॉक मोहम्मदी से सामने आया है, जिसने शिक्षा के मंदिर को कलंकित कर दिया है।? ?मामला मोहम्मदी ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत ग्रंट साहबगंज के मजरा दिस्तापुर गांव का है। आरोप है कि यहां स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक (हेडमास्टर) ने नियमों को ताक पर रखकर विद्यालय की चाबियां ग्रामीणों को सौंप दीं। इसके बाद विद्यालय प्रांगण का इस्तेमाल किसी शैक्षणिक या सामाजिक सुधार के कार्य के लिए नहीं, बल्कि अश्लीलता परोसने के लिए किया गया।?रात्रि के समय स्कूल परिसर के भीतर



बाकायदा एक बड़ा पंडाल सजाया गया और लाउडस्पीकर लगाए गए। इसके बाद जो कुछ भी हुआ, उसने पूरे शिक्षा विभाग और सभ्य समाज को शर्मसार कर दिया।?मिली जानकारी के अनुसार, रात भर स्कूल प्रांगण में अश्लील गानों पर बारबालाओं के डांस का कार्यक्रम चला। स्टेज पर बारबालाओं ने जमकर ठुमके लगाए और वहां मौजूद ग्रामीण व युवक अश्लीलता की सारी हदें पार करते नजर आए।?बड़ा सवाल यह है कि जो परिसर बच्चों के भविष्य को संवारने और उन्हें नैतिक शिक्षा देने के लिए बनाया गया है, वहां रात के अंधेरे में इस तरह का फूहड़पन और अश्लीलता परोसी जाना बेहद चिंताजनक है।?इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का साफ तौर पर कहना है कि जब विद्यालय के प्रधानाध्यापक खुद इस तरह के अनैतिक कार्यों के लिए स्कूल की चाबी सौंप रहे हैं, तो वह बच्चों को क्या खाक शिक्षा देंगे? ऐसे माहौल में बच्चों के भविष्य और उनकी मानसिकता पर क्या असर पड़ेगा??क्षेत्र की जनता ने इस मामले को बेहद गंभीरता से लिया है और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सीधे तौर पर गुहार लगाई है और मांग की गयी है कि? दोषी प्रधानाध्यापक को तुरंत निलंबित किया जाए। सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग करने और शिक्षा के मंदिर की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप में आयोजकों और प्रधानाध्यापक पर सख्त कानूनी कार्रवाई (क्क्रट) दर्ज हो।शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए ताकि भविष्य में कोई भी ऐसी हिमाकत न कर सके।?यह घटना केवल एक स्कूल की लापरवाही नहीं है, बल्कि यह दर्शाती है कि जमीनी स्तर पर कुछ जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग अपने कर्तव्यों के प्रति कितने लापरवाह हो चुके हैं। 'सख्त मिजाज' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राज में जहां अपराधियों और मर्यादा तोड़ने वालों पर तुरंत 'बुलडोजर एक्शन' या सख्त कार्रवाई होती है, ऐसे में देखना यह होगा कि इस मामले में प्रशासन कितनी तत्परता से एक्शन लेता है।

## कौशल प्रशिक्षण में दिव्यांगजनों को मिलेगा पांच प्रतिशत आरक्षण : कपिलदेव अग्रवाल

लखनऊ । प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा समाज के वंचित एवं विशेष जरूरत वाले वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। योगी सरकार की इस पहल के तहत प्रदेश में संचालित सभी अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रत्येक बैच में दिव्यांगजनों के लिए पांच प्रतिशत सीटें अनिवार्य रूप से आरक्षित की गई हैं।मंत्री अग्रवाल ने बताया कि भारत सरकार के दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के अनुरूप एसिड अटैक पीड़ितों को दिव्यांगजन की श्रेणी में शामिल किए जाने के दृष्टिगत उन्हें कौशल प्रशिक्षण में विशेष प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई एसिड अटैक पीड़ित महिला प्रशिक्षण प्राप्त करने की इच्छुक एवं पात्र है, तो उसे प्राथमिकता के आधार पर पंजीकृत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## बड़े ही धूमधाम से मनाया गया रात्रि माता रानी का जगराता

सीतापुर। जिला सीतापुर कसबा मछरेहटा के भारासेनी पुरवा में मां दुर्गा मंदिर में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें अनेक श्रद्धालु भक्ति गीत भजन करते हुए मातारानी का रात्रि जागरण किया सभी भक्तगण अपनी अपनी श्रद्धानुसार दान करके आए हुए सभी भक्तों को प्रसाद व भोजन कराया गया।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-टेली/टेंडर/05/2026-27 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में नॉन-इंटरलोक्ड एल.सी. गेटों पर फाइबर-आधारित सी.सी.टी.वी. कैमरों की व्यवस्था के प्रावधान का कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु. 4,81,96,529.14/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 9,63,900.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 270 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 05.06.2026 15:30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है • मैनुउल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

**निविदा सू. सं.- 106-टेली/टेंडर/05/2026-27 दिनांक 15.05.2026** 1644/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# लखनऊ में बनेगा 1010 बेडेड मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल

❒ नए अस्पताल के निर्माण के उपरांत व्यापक स्तर पर बेड क्षमता बढ़ेगी




कैनविज टाइम्स संवाददाता।

लखनऊ । राजधानी लखनऊ में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के शहीद पथ स्थित नए परिसर में 1010 बेडेड का मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनेगा।

नए अस्पताल के निर्माण के उपरांत व्यापक स्तर पर बेड क्षमता बढ़ेगी, जिससे गंभीर एवं जटिल रोगों के उपचार हेतु अत्याधुनिक सुविधाओं का विस्तार संभव हो सकेगा। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में इस परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई।प्रस्तावित परियोजना में आधुनिक इमरजेंसी सेवाएं, अत्याधुनिक आईसीयू, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, सुपरस्पेशियलिटी वार्ड, इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी सुविधाएं, स्मार्ट बिल्डिंग सिस्टम, मेडिकल गैस पाइपलाइन सिस्टम, उन्नत फायर सेफ्टी सिस्टम, आधुनिक ओपीडी सेवाएं, टीचिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तथा पर्यावरण अनुकूल व्यवस्थाएं जैसे सोलर वाटर हीटिंग एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग शामिल होंगी।यह विस्तार परियोजना न केवल प्रदेशवासियों को बेहतर, सुलभ एवं उन्नत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायक होगी, बल्कि चिकित्सा शिक्षा, शोध, सुपरस्पेशियलिटी प्रशिक्षण एवं इमरजेंसी हेल्थकेयर सेवाओं को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।लोहिया संस्थान के प्रवक्ता डा.भुवनचन्द्र तिवारी के अनुसार वर्तमान में संस्थान में 41 विभागों के माध्यम से उन्नत चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। प्रतिदिन लगभग 4000 मरीज ओ0पी0डी0 सेवाओं का लाभ प्राप्त करते हैं तथा प्रतिवर्ष लगभग 9 लाख ओ0पी0डी0 मरीजों एवं 50,000 से अधिक भर्ती मरीजों का उपचार किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, ब्रॉड स्पेशियलिटी सेवाओं को शहीद पथ परिसर में स्थानांतरित किए जाने के पश्चात वर्तमान परिसर में उपलब्ध अतिरिक्त बेडों को सुपरस्पेशियलिटी विभागों हेतु आवंटित किया जा सकेगा। इससे संस्थान में सुपरस्पेशियलिटी एवं चतुर्थक (डप्फ्थप्द्न्द्रथन्भ) चिकित्सा सेवाओं में व्यापक वृद्धि होगी तथा गंभीर मरीजों को बेहतर एवं शीघ्र उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। स्थान के नए परिसर में पहले से ही बॉयज एवं गर्ल्स हॉस्टल, नर्सेज फ्लैट्स, आवासीय परिसर, स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर एवं पैरामेडिकल नर्सिंग कॉलेज जैसी सुविधाएं विकसित की जा चुकी हैं।

# वीडियो बनाने पर ढाबा संचालक को मारी गोली, इलाज के दौरान मौत

❒ इलाज के दौरान मौत के बाद फूटा गुस्सा

❒ शव रखकर हाईवे जाम, पुलिस पर लापरवाही के आरोप



बख्शी का तालाब, लखनऊ । मड़ियांव थाना क्षेत्र में मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। ढाबे के बाहर हो रहे झगड़े का वीडियो बनाना ढाबा संचालक विजय यादव को इतना भारी पड़ गया कि दबंगों ने उसके माथे में गोली उतार दी। ट्रॉमा सेंटर में जिंदगी और मौत से जूझ रहे विजय ने सोमवार तड़के दम तोड़ दिया।

युवक की मौत के बाद परिवार और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने सैरपुर थाना के सामने सीतापुर-लखनऊ हाईवे पर शव रखकर जोरदार प्रदर्शन किया, जिससे हाईवे पर लंबा जाम लग गया और यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया।सैरपुर थाना क्षेत्र के तरहिया गांव निवासी विजय यादव (28) अर्जुननगर में यादव ढाबा एंड फैमिली रेस्टोरेंट चलाते थे। रविवार शाम ढाबे के बाहर कुछ युवक आपस में मारपीट और हंगामा कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विजय ने युवकों को शांत कराने की कोशिश की और मोबाइल से वीडियो बनाने लगा। यह बात दबंग युवकों को नागवार गुजरी। पहले कहासुनी हुई, फिर आरोपी वहां से चले गए। आरोप है कि कुछ देर बाद बाइक सवार बदमाश दोबारा पहुंचे और विजय को निशाना बनाते हुए उसके माथे पर गोली मार दी। गोली चलते ही इलाके में भगदड़ मच गई, जबकि आरोपी खुलेआम धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद घायल विजय को आनन-फानन में ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताई थी। सोमवार तड़के इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में मातम फैल गया।पोस्टमार्टम के बाद दोपहर करीब साढ़े तीन बजे परिजन और ग्रामीण शव लेकर सैरपुर थाना पहुंच गए। आक्रोशित लोगों ने शव हाईवे पर रखकर नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शन के चलते सीतापुर-लखनऊ हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अगर पुलिस समय रहते सख्ती करती तो विजय की जान बच सकती थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मड़ियांव, बीकेटी, सैरपुर समेत कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। एसीपी बीकेटी ने परिजनों को जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया, जिसके बाद करीब एक घंटे बाद जाम खुल सका। इसके बाद परिजन शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए गांव रवाना हो गए।डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने तीन संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

# स्कूलों के जलकर एवं सीवर कर आपत्तियों का एक सप्ताह में निस्तारण होगा: महापौर

❒ महापौर की अध्यक्षता में हुई बैठक, नगर आयुक्त गौरव कुमार की मौजूदगी में अधिकारियों को दिए गए निर्देश, पुनरीक्षण के बाद संशोधित वार्षिक मूल्य प्रतिदिन अपडेट करने के आदेश




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। शहर के स्कूलों एवं कॉलेजों से वसूले जा रहे जलकर एवं सीवर कर से संबंधित प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण को लेकर सोमवार को महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त श्री अरुण कुमार गुप्त, जीएम जलकल श्री कुलदीप सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी श्री अशोक सिंह सहित सभी जोनल अधिकारी मौजूद रहे।बैठक में माननीय महापौर एवं नगर आयुक्त द्वारा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि स्कूलों और कॉलेजों से संबंधित सभी आपत्तियों की सुनवाई एवं पुनरीक्षण की प्रक्रिया एक सप्ताह के भीतर पूर्ण की जाए। साथ ही नए कर निर्धारण के बाद वार्षिक मूल्य में जो भी संशोधन हो, उसे तत्काल अपडेट किया जाए।नगर आयुक्त ने निर्देशित किया कि प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट उन्हें उपलब्ध कराई जाए, ताकि आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया की नियमित निगरानी की जा सके। उन्होंने कहा कि सभी मामलों का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे शिक्षण संस्थानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।बैठक में अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि कर निर्धारण से जुड़े मामलों में समन्वय बनाकर कार्य करें तथा प्राप्त शिकायतों एवं आपत्तियों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

# एआईएमआईएम के हाशिम सिद्दीकी बने महानगर अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ठाकुरगंज, लखनऊ । एआईएमआईएम संगठन को मजबूत करने की दिशा में सोमवार को एक अहम फैसला लिया गया। बालागंज स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एआईएमआईएम लखनऊ उत्तर प्रदेश सेंट्रल अध्यक्ष शेख ताहिर सिद्दीकी ने वरिष्ठ समाजवादी नेता रहे हाशिम सिद्दीकी को लखनऊ महानगर अध्यक्ष की नई जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान पूर्व महानगर अध्यक्ष हबीब पठान ने औपचारिक रूप से अपना पदभार हाशिम सिद्दीकी को सौंप दिया।



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर एआईएमआईएम के लखनऊ जिला अध्यक्ष सलमान मंसूरी भी मौजूद रहे। नई जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। हाशिम सिद्दीकी लंबे समय से प्रदेश और देश की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर अपनी बेबाक राय रखने वाले हाशिम सिद्दीकी को संगठन में नई जिम्मेदारी मिलने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर शेख ताहिर सिद्दीकी ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि हाशिम सिद्दीकी जिस मजबूती, स्पष्टता और ईमानदारी के साथ देश और प्रदेश के मुद्दों पर अपनी बात रखते हैं। उसी निष्ठा और समर्पण के साथ महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी निभाएंगे। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूती मिलेगी। नई जिम्मेदारी मिलने पर हाशिम सिद्दीकी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन को मजबूत करने और आम जनता की आवाज बुलंद करने के लिए पूरी मेहनत और ईमानदारी से कार्य करेंगे।

## समाज सेवी ने विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर झुग्गी पाठशाला की जानकारी दी



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वी हेल्प फाउंडेशन के संस्थापक नवेद अहमद ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान शिक्षा, सामाजिक उत्थान एवं विशेष रूप से बस्तियों और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले शिक्षा से वंचित बच्चों की शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर एवं सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर वी हेल्प फाउंडेशन की झुग्गी पाठशाला (नि:शुल्क शिक्षा संकल्प) में पढ़ रहे बच्चों की शिक्षा के मार्गदर्शन को लेकर किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी साझा की गई। फाउंडेशन की टीम ने श्री महाना से कहा कि यदि इन बच्चों को सही मार्गदर्शन, अवसर और सहयोग मिले, तो वे भविष्य में समाज और देश के लिए एक बड़ी सकारात्मक शक्ति बन सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के माध्यम से बच्चों का भविष्य संवारना राष्ट्रहित में सबसे बड़ा योगदान है और संस्था उसे करने का पूरा प्रयास कर रही है। श्री महाना ने भी संस्था के कार्यों की सराहना की तथा शिक्षा एवं सामाजिक पहल से जुड़े प्रयासों में सहयोग एवं मार्गदर्शन का आश्वासन भी प्रदान किया। इस मौके पर वी हेल्प फाउंडेशन की टीम ने विधानसभा अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया।

## प्लॉट पर कब्जे को लेकर विवाद, गेट का ताला तोड़ने और धमकी देने का आरोप

**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** के चिनहट थाना क्षेत्र में प्लॉट पर कब्जे को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। रोहतास बिहार निवासी चितरंजन कुमार सिंह ने चिनहट कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनके प्लॉट पर कुछ लोगों ने जबरन कब्जा करने की कोशिश की।पीड़ित के अनुसार, गनेशपुर रहमानपुर स्थित उनके प्लॉट की बाउंड्री कर गेट, ताला और सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था। आरोप है कि शिवपुरी गांव निवासी अनिल कुमार यादव, अरविंद कुमार यादव और उनके पिता नन्दलाल यादव मौके पर पहुंचे और प्लॉट की बाउंड्री पर लिखा नाम काले रंग से मिटा दिया। साथ ही गेट का ताला तोड़कर फेंक दिया और कैमरा भी क्षतिग्रस्त कर दिया।पीड़ित ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी द्वारा प्लाट पर दुबारा दिखने पर हाथ पैर तोड़ने की धमकी दी गई है वो सब दबंग प्रवृत्ति के हैं और जमीन कब्जाने का काम करते हैं।मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच शुरू कर दी।

## चिनहट में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, महिला समेत कई घायल

**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में महिला समेत कई लोग घायल हो गए। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, कुंभारन टोला निवासी विकास प्रजापति ने आरोप लगाया है कि बीती रात करीब 10 बजे वह अपने घर के बाहर खड़े दोपहिया वाहन को हटा रहे थे। तभी अचानक बच्चेलाल, करण, तारा, देवा समेत कई लोग लाठी-डंडा और लोहे की रॉड लेकर पहुंचे और हमला कर दिया।पीड़ित के मुताबिक शोर सुनकर परिवार के लोग बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। इस दौरान विकास की बहन के सिर पर लोहे की रॉड से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ी। वहीं विकास, उनकी पत्नी और अन्य परिजनों को भी चोटें आईं। आरोप है कि हमलावरों ने महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए सोने के कुंडल भी छीन लिए।घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि आरोपी लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्वस्थ और सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य के लिए बीबीएयू का नया शैक्षणिक अभियान हेल्दी माइंड, हैप्पी लाइफ

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के मानव विकास एवं परिवार अध्ययन विभाग द्वारा हेल्दी माइंड, हैप्पी लाइफ लेक्चर सीरीज़ का शुभारंभ किया गया है। इस शैक्षणिक अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक आयु वर्ग में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को संतुलित, सकारात्मक और खुशहाल जीवन के लिए प्रेरित करना है। इस लेक्चर सीरीज़ की रिकॉर्डिंग एवं निर्माण कार्य विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक मल्टीमीडिया रिसर्च सेंटर मीडिया सेंटर के सहयोग से किया जा रहा है।कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों, किशोरों, युवाओं, वयस्कों तथा वरिष्ठ नागरिकों को मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन, तनाव प्रबंधन और सकारात्मक जीवन शैली से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया जाएगा। ऑनलाइन और डिजिटल प्लेटफार्म पर इसे 15 लेक्चर कार्यक्रम में प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक व्याख्यान विभिन्न विषय के विशेषज्ञों के द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

# संग्रहालय दिवस पर छात्रों ने देखी यूपी की ऐतिहासिक विरासत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 2026 के मौके पर सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में इतिहास, संस्कृति और पुरातात्विक विरासत की खास झलक देखने को मिली। उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय और प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय के संयुक्त आयोजन में छायाचित्र प्रदर्शनी और व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां विद्यार्थियों ने प्रदेश की प्राचीन धरोहरों और ऐतिहासिक स्थलों को करीब से समझा। इस कार्यक्रम में युवाओं की बड़ी भागीदारी ने यह दिखाया कि नई पीढ़ी अब अपनी सांस्कृतिक विरासत को जानने और उससे जुड़ने में रुचि ले रही है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. एस. एन. कपूर ने किया। पुरातात्विक धरोहरों से रूबरू हुए हजारों छात्र कार्यक्रम में आयोजित प्रदर्शनी में लहुरादेवा, जाजमऊ, राजा नल का टीला और मल्हर जैसे महत्वपूर्ण उत्खनन स्थलों के साथ कर्दमेश्वर महादेव मंदिर, मेढक मंदिर और गंगोली शिवाला सहित कई राज्य संरक्षित स्मारकों के छाया चित्र प्रदर्शित किए गए। विद्यार्थियों ने इन तस्वीरों और जानकारियों को बड़े उत्साह के साथ देखा और प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत के बारे में जानकारी हासिल की। कार्यक्रम में 2000 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय द्वारा हुलासखेड़ा उत्खनन स्थल पर 200 से अधिक विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण भी कराया गया। विद्यार्थियों को उत्खनन स्थल और निदेशालय की पिक्चर गैलरी दिखाई गई, जहां उन्हें पुरातत्व, ऐतिहासिक खोजों और विरासत संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। विद्यार्थियों ने इसे सीखने और इतिहास को समझने का यादगार अनुभव बताया। मुख्य अतिथि डॉ. एस. एन. कपूर ने कहा कि संग्रहालय केवल पुरानी वस्तुओं को सुरक्षित रखने का स्थान नहीं हैं, बल्कि समाज और नई पीढ़ी को इतिहास और संस्कृति से जोड़ने का मजबूत माध्यम हैं।

# उप्र सरकार के साथ बेंगलुरु में सजेगा 'यूपी महोत्सव' का महामंच

❒ 21 से 24 मई 2026 तक आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में होगा भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के स्थापना के गौरवमयी 45 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर एक खास उत्सव की शुरुआत होने जा रही है। संस्था के तनुज नारायण, नमिता, नीरू शर्मा ने यूपी प्रेस क्लब में सोमवार को बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन, संस्कृति और उद्योग विभाग के सहयोग से बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में 21 मई से 24 मई 2026 तक चार दिवसीय 'यूपी महोत्सव' का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

यह महोत्सव वैश्विक आध्यात्मिक गुरु परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव के पावन अवसर पर उनकी पावन और दिव्य उपस्थिति में संपन्न होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक राजधानी माने जाने वाले उत्तर प्रदेश की विविध कला, समृद्ध विरासत और वहां के सुप्रसिद्ध खानपान को वैश्विक पटल पर लाना है।

उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से हजारों शिक्षक, स्वयंसेवक, साधक एवं परिवार इस महोत्सव में भाग लेने के लिए बेंगलुरु पहुंच रहे हैं। प्रतिभागियों की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश से दो विशेष ट्रेनों की व्यवस्था भी की गई है, जो कानपुर, प्रयागराज एवं सतना मार्ग से बेंगलुरु तक संचालित होंगी। बड़ी संख्या में लोग इन विशेष ट्रेनों के माध्यम से आश्रम पहुंचेंगे। महोत्सव के सांस्कृतिक सत्रों में उत्तर प्रदेश के अलग-अलग अंचलों की अनूठी कला देखने को मिलेगी। शास्त्रीय गायन में बनारस घराने के प्रख्यात शीर्ष गायक, पद्मभूषण पंडित साजन मिश्रा के सुरों से अध्यात्म का प्रवाह होगा। पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव अपनी सुरीली आवाज में यूपी के पारंपरिक और माटी से जुड़े लोक गीतों की प्रस्तुति देंगी। राजधानी लखनऊ के भातखंडे विश्वविद्यालय की डॉ. आरती और उनकी टीम की ओर से कथक की भावपूर्ण और भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। गीतांजलि और उनकी टीम की ओर से भगवान कृष्ण की पावन धरा के जीवंत 'ब्रज रास' का अलौकिक प्रदर्शन किया जाएगा।

# डॉ. राजेश्वर सिंह की 58वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा संपन्न, आस्था और सेवा का बना दिव्य संगम

❒ 8500 से अधिक श्रद्धालुओं को 150 से अधिक बसों के माध्यम से डॉ. राजेश्वर सिंह ने कराए श्रीरामलला के दर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । राम केवल आस्था नहीं, भारत की आत्मा हैं और सेवा ही वह मार्ग है, जो समाज को संस्कारों से जोड़ता है।ङ्क इन्हीं भावनाओं के साथ सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा आयोजित 58वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा हनुमानपुरी, अमौसी रोड, सरोजनीनगर से सफलतापूर्वक संपन्न हुई। 27 सितंबर 2022 से प्रारंभ हुई यह पावन यात्रा श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीरामलला के दर्शन कराने के साथ-साथ समाज को धर्म, संस्कृति, सेवा और सामाजिक समरसता के सूत्र में जोड़ने का एक प्रेरणादायी अभियान बन चुकी है।

डॉ. राजेश्वर सिंह की प्रेरणा और मार्गदर्शन में संचालित इस पुण्य यात्रा में 150 से अधिक बसों के माध्यम से अब तक 8500 से अधिक श्रद्धालु अयोध्या धाम पहुंचकर प्रभु श्रीरामलला के दर्शन कर चुके हैं। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने सरयू स्नान किया। इसके साथ ही हनुमानगढ़ी के दर्शन प्राप्त किए। इसके बाद प्रभु रामलला का आशीर्वाद लिया। सरोजनीनगर परिवार के बुजुर्गों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने पूरी यात्रा को भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक चेतना के महोत्सव का स्वरूप प्रदान किया।

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भोजन, जलपान, चिकित्सा सहायता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का विशेष प्रबंध किया गया। गीता और प्रसाद भी उपलब्ध कराया गया। पूरी यात्रा में सेवा भाव और अनुशासन का अद्भुत समन्वय देखने को मिला, जिसने श्रद्धालुओं के अनुभव को और अधिक दिव्य एवं स्मरणीय बना दिया।

डॉ. राजेश्वर सिंह के विचारों के अनुरूप रामरथ यात्रा का उद्देश्य केवल दर्शन कराना नहीं, बल्कि प्रभु श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, त्याग, सेवा और राष्ट्रधर्म के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना भी है। यह यात्रा नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, परंपरा और संस्कारों से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बन रही है। उनके सांस्कृतिक एवं सामाजिक सरोकारों के संकल्प के तहत यह अभियान समाज में आध्यात्मिक जागरण, सामाजिक समरसता और सेवा भाव को निरंतर सशक्त कर रहा है। सरोजनीनगर परिवार के लिए यह यात्रा अब केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सेवा और आध्यात्मिक जागरण का जनआंदोलन बन चुकी है। प्रभु श्रीराम की कृपा सभी श्रद्धालुओं पर बनी रहे तथा आने वाले वर्षों में भी यह यात्रा आस्था और संस्कारों की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करती रहे – यही मंगलकामना व्यक्त की गई।

# नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ने की ऊर्ज़ा विभाग एवं नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए.के. शर्मा ने आज संगम सभागार, लखनऊ में ऊर्ज़ा विभाग एवं नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में विद्युत आपूर्ति, उपभोक्ता समस्याओं के निस्तारण तथा नगर विकास से संबंधित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

ऊर्ज़ा विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री शर्मा ने निर्देश दिए कि जहां-जहां विद्युत कैंप लगाए जा रहे हैं, वहां संबंधित अधिकारी नियमित निगरानी करें तथा प्रतिदिन यह सुनिश्चित करें कि कितनी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, उनकी प्रकृति क्या है तथा उनका वर्गीकरण कर उसका विश्लेषण किया जाए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।मंत्री श्री शर्मा ने निर्देशित किया कि जहां भी विद्युत फाल्ट, ट्रांसमिशन संबंधी समस्या अथवा ट्रांसफार्मर जलने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, वहां तत्काल कार्रवाई करते हुए व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं।



हाल ही में आए आंधी-तूफान के कारण रायबरेली, प्रतापगढ़, भदोही एवं प्रयागराज सहित कई जनपदों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई थी।ऊर्ज़ा मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि युद्धस्तर पर दिन-रात कार्य कर विद्युत व्यवस्था को पूर्ण रूप से सुचारु किया जाए।बैठक में सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं एवं चुनौतियों की जानकारी दी तथा कहा कि विशेष कैंपों के माध्यम से अधिक से अधिक उपभोक्ता समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा।

बैठक में यूपीपीसीएल के अध्यक्ष श्री नीतीश कुमार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि सभी डिस्कॉम के एमडी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। यह बैठक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई थी।बैठक के दौरान ऊर्ज़ा संरक्षण पर भी विशेष बल दिया गया। लोगों से अपील की गई कि पेट्रोल एवं डीजल का कम उपयोग करें, कार पूलिंग अपनाएं तथा ऊर्ज़ा की बचत को जनहित का अभियान बनाएं।नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। इसमें वंदना योजना, अंत्येष्टि स्थल, सीएमएनएसवाई, कम ग्रेड उपवन योजना सहित अन्य परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि कई जनपदों में लीगेसी वेस्ट के निस्तारण हेतु अच्छा कार्य हो रहा है, जो सराहनीय है। साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत नगर निकायों द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी प्रशंसा की गई।नगर विकास मंत्री ने सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों को निर्देश दिए कि बरसात से पूर्व नाले-नालियों की सफाई समय रहते पूर्ण कर ली जाए, ताकि जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो।

# पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का ऑन स्पॉट एक्शन

❒ सीएम की जीरो पेण्डेंसी नीति के तहत स्थायी रूप से सुलटाये 87 फीसदी मामले

❒ न्याय की अभूतपूर्व रफ्तार, सुलझाये छात्रवृत्ति व जाति अनुसूची के जटिल पेंच

❒ डेढ़ वर्ष में 2962 पीड़ितों को मिली राहत, धरातल पर उतरी सरकार की मंशा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी में अक्सर फाइलें पटल दर पटल घूमती रहती हैं। पीड़ित पसीना बहाते रहते हैं और उनके मामलों का स्थायी निदान नहीं हो पाता है। उप्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष पूर्व सांसद राजेश वर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व व निर्देशन में ऑन स्पाट एक्शन ले कर जीरो पेण्डेंसी नीति के तहत कार्य करते हुए इस उक्ति को असत्य ठहराने का कार्य किया है। गत डेढ़ वर्ष में पिछड़ा वर्ग आयोग के



अध्यक्ष राजेश वर्मा, उपाध्यक्ष सोहनलाल श्रीमाली व उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाल समेत सभी सदस्यों की सक्रिय कार्यशैली ने पीड़ितों को बड़ी राहत देते हुए आयोग में लम्बित 87 प्रतिशत प्रकरणों का स्थायी समाधान कर प्रदेश सरकार की मंशा को असल जमीन पर उतारने का कार्य कर दिखाया है। आयोग की इस अभूतपूर्व पहल से ऐतिहासिक रूप से 3394 में से 2962 पीड़ितों को तय समय में न केवल न्याय मिला है बल्कि न्याय के प्रति उनकी आस्था पहले की अपेक्षा कहीं अधिक दृढ़ हुई है।

आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने बताया कि बीते सितंबर 2024 से अप्रैल 2026 के मध्य की इस स्पीड ने एक नवीन कीर्तिमान स्थापित किया है। साथ ही पीड़ित वर्ग में सरकार, आयोग व व्यवस्था के प्रति अटूट भरोसा जगाया है। उन्होंने बताया कि आयोग ने प्रदेश के युवाओं के अधिकारों से जुड़े मामलों को अपनी प्राथमिकता में रखा है और छात्रवृत्ति तथा शैक्षणिक सुविधाओं को ले कर दफ्तरों के चक्कर काटने वाले पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए एक सुरक्षा कवच बन कर सामने आया है। उन्होंने बताया कि शिक्षा और करियर से जुड़े मामलों को टॉप प्रायोरिटी पर रखते हुए तत्काल उन्हें सुलझाने की मुहिम छेंड़ी गई है जिससे किसी भी होनहार का भविष्य प्रशासनिक लापरवाही की भेंट न चढ़ सके। श्री वर्मा ने बताया कि तकनीकी बाधाओं के कारण जिन छात्रों की छात्रवृत्तियां किसी कारणवश रूकी थीं, आयोग ने व्यक्तिगत रूचि ले कर उन्हें तत्काल जारी कराया जिससे हजारों युवाओं की पढ़ाई का रास्ता साफ हुआ। आयोग के अध्यक्ष पूर्व सांसद श्री वर्मा ने बताया कि आयोग ने जाति अनुसूची का जटिल पेंच सुलझा कर नीतिगत मोर्चे पर बड़ी जीत हासिल की है। यूपी की राजनीति और सामाजिक ताने बाने में अन्य पिछड़े वर्गों की अनुसूची-एक में जातियों को शामिल करने या हटाने का मुद्दा हमेशा से ही बेहद संवेदनशील और पेचीदा रहा है। तकनीकी और सामाजिक बारीकियों के कारण ऐसे प्रकरण वर्षों वर्ष ठंडे बस्ते में पड़े रहते थे। श्री वर्मा के अनुसार आयोग के पास इस श्रेणी से जुड़े कुल 324 जटिल प्रत्यावेदन आए थे। इनके निस्तारण में आयोग ने असाधारण तेजी दिखाते हुए इनमें से रिकॉर्ड 307 मामलों का अंतिम निस्तारण कर बड़ी कामयाबी दर्ज की है जो कि सामाजिक समरसता की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि आज आयोग का काम सिर्फ दफ्तरों में बैठ कर शिकायतें बटोरना या फाइलों का वजन बढ़ाना नहीं बल्कि हर पीड़ित को धरातल पर वास्तविक और त्वरित राहत पहुंचाना भी है। आयोग की कार्यपद्धति की यह गति भविष्य में भी इसी स्पीड से बरकरार रहेगी।

# न्यायालय की अवमानना कर हुआ चयन सकरन सीडीपीओ पर गंभीर आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ आरोप है कि चयन प्रक्रिया के दौरान सीडीपीओ कार्यालय की ओर से चयन कराने के नाम पर धनराशि की मांग की गई

सकरन, सीतापुर । विकास खंड सकरन में आंगनवाड़ी सहायिका चयन प्रक्रिया एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गई है। ग्राम पंचायत मदनापुर की निवासी शुभांगी सिंह ने बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद चयन किए जाने से पूरे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

शुभांगी सिंह पत्नी अनुपम सिंह का आरोप है कि ग्राम पंचायत मदनापुर में ईडब्ल्यूएस आरक्षित आंगनवाड़ी पद के लिए उन्होंने आवेदन किया था। आरोप है कि चयन प्रक्रिया के दौरान सीडीपीओ कार्यालय की ओर से चयन कराने के नाम पर धनराशि की मांग की गई। पैसा न देने पर उनका चयन रोक दिया गया और पद को रिक्त घोषित कर दिया गया।

पीड़िता के अनुसार, मामले में न्याय पाने के लिए उन्होंने 5 मई 2025 को उच्च न्यायालय लखनऊ में रिट संख्या इ गध. 4250-2025 दायर की थी, जिसकी सुनवाई वर्तमान में डबल बेंच में चल रही है। इसके बावजूद फरवरी 2026 में उक्त पद की आरक्षण श्रेणी बदलकर सामान्य वर्ग कर दी गई और कथित रूप से अपात्र अभ्यर्थी का चयन कर लिया गया।

महिला ने आरोप लगाया कि जब मामला न्यायालय में लंबित था, तब चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाना सीधे तौर पर न्यायालय की अवमानना और नियमों की अनदेखी है। इस संबंध में सोमवार को आईजीआरएस संदर्भ संख्या 40015426038328 के माध्यम से मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

मामले ने तूल पकड़ने के बाद विभागीय अधिकारियों में भी हलचल मच गई है। सीडीपीओ शबीना फातिमा ने पूरे मामले से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि चयन प्रक्रिया जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) स्तर से कराई जाती है। वहीं डीपीओ मनोज कुमार राव ने कहा कि यदि मामला न्यायालय में विचाराधीन है तो जांच कराकर न्यायालय के आदेशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर न्यायालय में मामला लंबित होने के बावजूद चयन प्रक्रिया कैसे पूरी कर दी गई? क्या विभागीय अधिकारियों ने नियमों को दरकिनार कर मनमानी की? या फिर पूरे मामले में किसी बड़े खेल को अंजाम दिया गया? क्षेत्र में इस प्रकरण को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है और लोग निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

# 21 मई को जनपद के 13 परीक्षा केंद्रों पर होगी लेखपाल मुख्य परीक्षा

❒ डीएम ने बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा आयोजित लेखपाल मुख्य परीक्षा 21 मई 2025 को जनपद के 13 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जनपद के 13 परीक्षा केंद्रों पर लेखपाल मुख्य परीक्षा होगी। जिसको लेकर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई और परीक्षा को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निपटाने के लिए केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

बैठक में डीएम ने बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा आयोजित लेखपाल मुख्य परीक्षा 21 मई 2025 को जनपद के 13 परीक्षा केंद्रों पर पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। लेखपाल मुख्य परीक्षा



के लिए राजकीय इंटर कॉलेज, खिरनीबाग, इस्लामिया इंटर कॉलेज, एबी रिच इंटर कॉलेज, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज, आर्य महिला पीजी कॉलेज, आर्य महिला इंटर कॉलेज, हरकुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज, स्वामी सुकदेवानंद कॉलेज, ब्लॉक-बी तथा ब्लॉक-ए, जीएफ कॉलेज ब्लॉक-ए और ब्लॉक-बी एवं स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज निर्धारित परीक्षा केंद्र हैं। परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। कहा कि जिस अधिकारी, कर्मचारी अथवा कार्मिक की ड्यूटी परीक्षा केंद्र पर लगाई गई है, केवल वही व्यक्ति परीक्षा केंद्र के अंदर दिखाई दे। किसी भी प्रकार का अनाधिकृत व्यक्ति, जिसका फिंगर प्रिंट स्कैन न हुआ हो, परीक्षा केंद्र परिसर में प्रवेश न करे। जनपद में धारा-163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 प्रभावी है। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, संचार संबंधी उपकरण एवं अन्य आईटी गैजेट्स पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। साथ ही परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में फोटो कॉपी मशीनों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। अत्यधिक गर्मी को देखते हुए सभी परीक्षा केंद्रों पर पंखा, लाइट, पेयजल एवं जेनरेटर आदि की समुचित व्यवस्था की जाए। परीक्षा समाप्त होने तक किसी भी अभ्यर्थी अथवा प्रश्नपत्र को परीक्षा केंद्र से बाहर न जाने दिया जाए। परीक्षा की गोपनीयता एवं सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुनिश्चित की जाए। बैठक में एसपी सौरभ दीक्षित, एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार, एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एआरटीओ ने ओवरलोड सवारी वाहनों के खिलाफ चलाया अभियान, काटे चालान

शाहजहांपुर। रविवार को ओवरलोड ऑटो और डंपर की टक्कर हो गई थी। हादसे में ऑटो सवार चार लोगों की मौत हो गई थी और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसको लेकर सोमवार को ओवरलोड वाहनों के खिलाफ जनपद में अभियान चलाया गया और 11 ओवरलोड सवारी वाहनों के चालान किए गए। जिनमें से 06 वाहनों को सीज किया गया। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में एआरटीओ (प्रवर्तन) हरिओम और पीटीओ आरपी गौतम ने नियम विरूद्ध संचालित वाहनो के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिना परमिट के अभियोग में एक स्कल बस थाना सिंधोली में निरूद्ध की गई। तीन ऑटो थाना कांट में ओरलोड के अभियोग में तथा तीन ऑटो थाना रामचन्द्र मिशन में प्रपत्रों में कमी होने के आरोप में बन्द किए गए। इसके अलावा 11 वाहनों के चालान भी किए गए। एआरटीओ ने जनपद के समस्त वाहन स्वामियों को निर्देशित किया है कि किसी भी वाहन को नियम के विरूद्ध संचालन कदापि न किया जाए। अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

# सगे भाई का हत्यारोपी गिरफ्तार, आलाकत्ल डण्डा बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर । थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस ने सगे भाई की हत्या करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने आलाकत्ल डण्डा भी बरामद किया है।

14 मई को थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के गांव डींगुरपुर में मरघट के पास एक व्यक्ति की लाश पड़ी मिली थी। मृतक जनपद हरदोई के थाना शाहाबाद क्षेत्र के गांव हैदरपुर का रहने वाला पप्पू था। इस मामले में मृतक के पुत्र रानू कुमार ने अपने गांव के रहने वाले नरेश पर हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस विवेचना में मृतक के सगे भाई आनन्द उर्फ जानकी का नाम प्रकाश में आया। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम डींगुरपुर के पास सवैयापुर पुल से अभियुक्त आनन्द उर्फ जानकी को गिरफ्तार किया। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने आलाकत्ल डण्डा भी बरामद किया।

पुलिस पूछताछ में अभियुक्त आनन्द ने बताया कि मृतक पप्पू उसका सगा भाई था। करीब चार साल पहले उसके भाई पप्पू के पुत्र रानू ने हरिद्वार के एक मैरिज लॉन में



काम करने वाली काजल से शादी की थी। शादी के बाद वो अपनी पत्नी काजल और उसकी मां कलावती को अपने गांव हैदरपुर ले आया था। अभियुक्त ने बताया कि कलावती अपने पति से परेशान थी, इसलिए यहां उसने रानू की सास कलावती से शादी कर ली। कुछ समय बाद रानू की पत्नी काजल उसे छोड़कर अपने पिता के साथ चली गई। इसके बाद कलावती और रानू के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं, लेकिन जब भी रानू अपने काम से बाहर जाता था, तो वो कलावती से मिलता था। इसकी जानकारी उसके भाई पप्पू को हो गई। पप्पू अक्सर उसको धमकी देता था कि वह उक्त बात रानू को बता देगा। इसी बीच 14 मई की शाम गांव के मनोज ने उसे बताया कि ग्राम डींगुरपुर में मरघट के पास शराब के नशे में उसका भाई पप्पू पड़ा है। उसने पप्पू को उठाकर घर ले जाने का प्रयास किया, तो वो उसके और कलावती के संबंधों के बारे में जोर-जोर चिल्लाने लगा। इसी बात पर उसने खेत में पड़ा डंडा उठाकर पप्पू के सिर पर मार दिया और भाग गया। इसके बाद भतीजे रानू से पड़ोसी नरेश के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया। अभियुक्त ने बताया कि नरेश ने भी उसे और कलावती को एक साथ देख लिया था, उसे डर था कि नरेश यह बात रानू को बता सकता है, इसलिए खुद को बचाने के लिए नरेश पर झूठा मुकदमा लिखवाया था। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

# डीएम ने आभूषणों की खरीद-फरोख्त को लेकर सर्राफा व्यापारियों के साथ की बैठक

❒ बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि 28 फरवरी से ईरान/अमेरिका युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित हुई है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। प्रधानमंत्री के आग्रह के बाद सोने के आयात एवं बिक्री को लेकर उत्पन्न भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बिस्मिल सभागार में सर्राफा व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि 28 फरवरी से ईरान/अमेरिका युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे वैश्विक बाजार में विभिन्न वस्तुओं के दामों में वृद्धि देखने को मिली है।

बताया कि भारत सोने के आयात पर काफी हद तक निर्भर है। सरकार की मंशा ज्वैलरी व्यवसाय अथवा आभूषणों की खरीद-फरोख्त पर किसी



प्रकार की बाधा उत्पन्न करना नहीं है। कहा कि शादी अथवा अन्य आवश्यकताओं के लिए आभूषणों की खरीद पूर्ववत जारी रहेगी। सरकार द्वारा मुख्य रूप से गोल्ड बुलियन, सोने के बिस्किट तथा शत-प्रतिशत खरे सोने के आयात एवं उसकी खुली बिक्री को नियंत्रित करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि अत्यधिक आयात पर निर्भरता कम की जा सके। उन्होंने कहा कि पुराने सोने के रिसाइकिल एवं पुनः उपयोग को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। रिसाइकिल किए गए सोने से आभूषण निर्माण को प्रोत्साहित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा, जिससे आयात भार को कम करने में सहायता मिलेगी। बैठक के दौरान सर्राफा व्यापारियों से सुझाव भी प्राप्त किए गए तथा उनकी समस्याओं एवं शंकाओं को गंभीरता से सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया गया। डीएम ने व्यापारियों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें तथा शासन की मंशा को सही रूप में आमजन तक पहुंचाने में सहयोग करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित सहित तमाम सर्राफा व्यापारी मौजूद रहे।

# डकैती की योजना बना रहे 05 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

❒ चोरी के जेवरात, स्मैक, असलहा व कार समेत नकब लगाने के उपकरण बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जनपदीय एसओजी, सर्विलांस सेल व थाना रोजा की संयुक्त पुलिस टीम ने डकैती की योजना बना रहे 05 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी के जेवरात, स्मैक, अवैध असलहा, कारतूस, नकदी, इनोवा कार और नकब लगाने के उपकरण आदि बरामद किए हैं।

बीती रात जनपदीय एसओजी, सर्विलांस सेल व थाना रोजा की संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर परी नमकीन फैक्ट्री तिराहे से डकैती की योजना बना रहे 05 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस ने चोरी किए गए 103 ग्राम पीली धातु और 780 ग्राम सफ़ेद धातु के जेवरात, 6.5 ग्राम अवैध स्मैक, एक देशी तमंचा, 02 जिन्दा



कारतूस, 01 इनोवा कार और नकब लगाने के उपकरण आदि बरामद किए। पकड़े गए अभियुक्त थाना मदनापुर के गांव पंखाखेड़ा निवासी मगरूर पुत्र पठान, मिदरी पुत्र सुल्तान, अबरम पुत्र मुंशी, पतले पुत्र शाहिद और जनपद बदायूं के थाना हजरतपुर क्षेत्र का रहने वाला राहुल तौमर पुत्र राजकुमार सिंह है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वो लोग चोरी, लूट और डकैती जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं और बरामद जेवरात उन्होंने बिहार राज्य के जिला गया के थाना फतेहपुर क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर में एक घर से चोरी किए थे। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्तों पर जनपद शाहजहांपुर के कई थानों के अलावा जनपद फर्रुखाबाद, हरदोई, मैनपुरी, एटा, सीतापुर आदि के थानों में करीब 03 दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

## तीसरे दिन वृत्रासुर वध एवं पिप्पलाद चरित्र का वर्णण, और तीर्थ की हुई माह आरती



**मिश्रिख, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पावन धार्मिक नगरी मिश्रिख तीर्थ स्थित दधीचि कुंड में चल रही भव्य महर्षि दधीचि कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ कथा श्रवण किया। कथा व्यास पंडित कृष्ण गोपाल राहुल जी महाराज ने अपने मुखारविंद से वृत्रासुर वध, पिप्पलाद जी के जन्म, विवाह एवं उनके वंश का विस्तृत वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा व्यास ने बताया कि महर्षि दधीचि ने लोककल्याण के लिए अपनी अस्थियों का दान देकर देवताओं को शक्ति प्रदान की, जिसके माध्यम से वृत्रासुर का वध संभव हो सका। उन्होंने पिप्पलाद ऋषि के तप, त्याग और धर्ममय जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सनातन संस्कृति में ऋषियों का योगदान अतुलनीय रहा है। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। पंडाल में ञ्हर-हर महादेवङ्क और ञ्दधीचि महाराज की जयङ्क के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं।कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-महात्मा एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कथा के समापन पर आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।उसके बाद दधीचि कुंड की महाआरती का आयोजन किया गया।तीर्थ को खूब सजाया गया और बड़े धूम धाम के साथ मुख्य यजमान सहित सभी नगर वासियों ने मिलकर के महाआरती की और प्रसाद ग्रहण किया।

## अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज निंदनीय : लॉयर्स एसोसिएशन



**मिश्रिख, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मिश्रिख लॉयर्स एसोसिएशन द्वारा लखनऊ में अधिवक्ताओं के चैंबर बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए तोड़े जाने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी मिश्रिख अभिनव यादव के माध्यम से प्रेषित किया गया।ज्ञापन में मांग की गई कि चैंबर हटाए जाने से प्रभावित अधिवक्ताओं के लिए शीघ्र नए चैंबर भवन का निर्माण कराया जाए। साथ ही लाठीचार्ज में घायल अधिवक्ताओं को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए तथा दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।अधिवक्ताओं ने कहा कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के चैंबर तोड़ा जाना अन्यायपूर्ण है और अधिवक्ताओं के सम्मान व अधिकारों के खिलाफ है। प्रदर्शन में अधिवक्ता बृजलाल चौधरी, सुधीर शुक्ल राना, अकरम खान, नरेंद्र प्रताप सिंह, सौरभ सक्सेना, भास्कर पाण्डेय, गौरव वाजपेयी, सुनील त्रिपाठी, ठाकुर प्रसाद अर्कवंशी, रजनीश कुमार, प्रेम प्रकाश राजवंशी, पुष्पेंद्र गुप्ता, सुनील प्रताप सिंह, जलालुद्दीन, अमीर अहमद, अजय पांडेय, विमलेंद्र त्रिपाठी, प्रशांत त्रिपाठी, आनंद यादव, सत्यप्रकाश अर्कवंशी, सुशील भारती, विनोद भारती, भजन लाल, सुरेंद्र मोहन, राजेंद्र अवस्थी, शिवेंद्र त्रिपाठी, गोविंद प्रसाद राजवंशी, अरविन्द कुमार, कपिल मुनि, मलखान सिंह सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## मुरादाबाद में सराफा व्यवसायी नहीं बेचेंगे ठोस सोना

मुरादाबाद । राज्य कर के अपर आयुक्त ग्रेड -1 अशोक कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि मुरादाबाद मंडल के सभी सराफा व्यवसायियों को प्रशासनिक अधिकारियों ने ठोस सोना की बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आगे बताया कि सराफा व्यवसायी पुराने जेवरात की खरीद-फरोख्त कर सकते हैं। मुरादाबाद के सराफा व्यवसायियों के साथ मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक होगी।राज्य कर के अपर आयुक्त ग्रेड -1 के अनुसार प्रधानमंत्री नै देशहित में सभी नागरिकों से ठोस सोना नहीं खरीदने की अपील की थी। सोमवार को राज्य कर अधिकारियों ने रामपुर, संभल, अमरोहा, बिजनौर के व्यवसायियों की प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कराई। बैठक में चारों जिलों में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के साथ राज्य कर विभाग संयुक्त आयुक्त मौजूद थे। सराफा कारोबारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष सहमति जताई कि वे पुराने जेवरात की खरीद फरोख्त करेंगे। सोने के सिक्कों की बिक्री नहीं करेंगे। इस दौरान रामपुर जिले में संयुक्त आयुक्त शैलेंद्र उपाध्याय, अमरोहा में संयुक्त आयुक्त मोहित गुप्ता, संभल जिले में उपायुक्त लल्लन प्रसाद यादव, बिजनौर में संजय सिंह मौजूद रहे।

# एनएच-730 पर भीषण हादसा, 10 की मौत, डीएम-एसपी ने जताया दुख

❒ डीएम-एसपी ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति जताई गहरी संवेदना, दिया हरसंभव सहायता का भरोसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। ईसानगर क्षेत्र अंतर्गत एनएच-730 पर सोमवार को भरेहटा मजरा अदलीसपुर के पास मैजिक एवं ट्रक की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में 10 लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो गई। हादसे की सूचना पर प्रशासन व पुलिस महकमा तत्काल सक्रिय हो गया और वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की। डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने घटनास्थल व पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर पूरी स्थिति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

घटना की सूचना मिलते ही डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने दुर्घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों से



पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली तथा राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर जरूरी निर्देश दिए। इसके बाद डीएम और एसपी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने मृतकों की पहचान और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। इस दौरान एएसपी पूर्वी पवन गौतम, एसडीएम शशि कांत मणि,सीओ एसबी सिंह मौजूद रहे।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत हृदयविदारक घटना है। इस सड़क हादसे में कई लोगों के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। लखीमपुर से नानपारा बहराइच जा रही मय ड्राइवर 10 लोग सवार मैजिक और बहराइच से लखीमपुर आ रही ट्रक में आमने-सामने की टक्कर हुई है। मैजिक में सवार 09 लोगों की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। वही एक व्यक्ति की मृत्यु अस्पताल ले जाते समय हो गई। मृतकों में सात पुरुष और दो महिला शामिल है। डीएम ने बताया कि घटनास्थल को देखने से प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि ओवरटेक करने में या किसी अन्य कारण से मैजिक अपना लेन छोड़कर दूसरे लेन में गया, जिससे आमने-सामने की टक्कर हो गई। पुलिस और प्रशासन तत्पर है। मृतकों को सरकार की ओर से हर संभव मदद प्रदान की जाएगी।

## आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से महराजगंज कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने की। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। आपको बता दें कि, बैठक को संबोधित करते हुए कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने कहा कि, बकरीद का पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से अपील करी कि, त्योहार को मिल-जुलकर शांति और सौहार्द के साथ मनाएं तथा प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने विशेष रूप से सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और भ्रामक संदेशों से सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा सूचना की जानकारी तत्काल पुलिस प्रशासन को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि, प्रशासन की प्राथमिकता क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना है और इसके लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद है। त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष निगरानी रखी जाएगी, जिससे आमजन सुरक्षित माहौल में पर्व मना सकें। बैठक में उपस्थित लोगों ने भी प्रशासन को सहयोग देने तथा क्षेत्र में शांति एवं भाईचारे का वातावरण बनाए रखने का भरोसा दिलाया। इस दौरान हाजी जियाउल हक मंसूरी, हाफिज चांद, मौलाना रिजवान, हामिद कोटेदार, प्रधान दिलीप तिवारी, विधायक प्रतिनिधि अमित त्रिपाठी, भावी प्रधान सलेथू उमेश तिवारी, नूरुल हसन, धर्मेंद्र वर्मा, मुस्ताक रायनी, प्रधान कुबना राजेश सिंह, मोहम्मद अली, पीर मोहम्मद, रज्जू कुरैशी सहित दर्जनों क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# जान जोखिम में डाल, ट्रेनों के दरवाजे पर लटककर कर रहे यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । आदर्श रेलवे स्टेशन गोंडा सहित देश के कई रेलवे स्टेशन का विस्तार और आधुनिकीकरण कि या जा रहा है।और रेलवे यात्रियों को बेहतर सुवि धा देने का दावा भी करता है।लेकिन ट्रेनों के दरवा जों पर लटके लोगों को देखकर ऐसा नहीं लगता कि रेलवे के दावे सिर्फ हवा हवाई है सही नहीं हैं। यात्रा करने वालों के लिए जनरल कोच की कमी सबसे बड़ी समस्या बन रही है।मजबूरी में उन्हें बो गी के दरवाजों और पायदानों पर लटककर यात्रा करनी पड़ती है।जिस कारण कई बार यात्री हादसे का शिकार हो जाता है।जिसमें वह अपनी जान तक गंवा बैठता है।स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों में यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाएं फ़ेल दिखती है।ट्रेनो में जनरल कोचों की कमी होने के चलते यात्रियों के साथ हादसों की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ रही हैं।इन दिनों ट्रेनों में यात्रियों से कोच फुल भरे हुए हैं।स्टेशन पर ट्रेन का दो-तीन मिनट के ठहराव में ट्रेन में बैठने के लिए यात्री धक्का-मुक्की क रके कोच में घुस जाते हैं।ट्रेन में जगह मिल जाए इ से लेकर यात्री अपनी जान की परवाह तक नहीं क रते हैं।सोमवार को जब हकीकत जानने कैनविज टाइम्स कि टीम गोंडा रेलवे स्टेशन पहुंचे तो रेलवे की खामियां साफ दिखाई दी।जिसमें अप ट्रेक पर आने वाली गाड़ी संख्या 12587 गोरखपुर- जम्मू तवी एक्सप्रेस की एसी कोच के डब्बे के दरवाजे बंद थे।जनरल बोगियां यात्रियों से फुल भरी थी। कई लोग कोच के दरवाजों से लटके थे।कोचों के फुल होने के बाद भी लोग धक्का-मुक्की देकर अंदर घुसने का प्रयास कर रहे थे।जो कि हादसे को दावत देने जैसा था।गोंडा रेलवे स्टेशन पर भीड़ इतनी थी की महिलाएं और बच्चे ट्रेन में चल नहीं सकते थे।आए दिन यात्रियों के साथ दुर्घटनाएं घट रही हैं यह सब एक्सपे्रस ट्रेनों में जनरल डिब्बों के कम होने का कारण है।



**जनरल कोच कम होने से पायदान पर बैठकर कर रहे यात्रा, दे रहे हादसों को बढ़ावा**

**गोंडा रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा का अभाव यात्रियों के लिए गंभीर चिंता का विषय**

### एक्सप्रेस ट्रेनों में स्थिति खराब

गोंडा रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाली गाड़ी संख्या 12587 गोरखपुर - जम्मूतवी एक्सप्रेस से गोरखपुर से जम्मू तक का सफर तय करती है। शाम को यह स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर पहुंचती है।तो जनरल कोच यात्रियों से फुल दिखाई देते हैं। इसमें सिर्फ चार ही जनरल कोच थे।रिजर्वेशन न होने के बावजूद जल्दबाजी में बड़ी संख्या में यात्रि यों को इन्हीं जनरल कोच में चढ़ना पड़ा।कई बार तो स्थिति इतनी खराब होती है तो परिवार की म हिला सदस्य कोच में भीड़ के कारण चढ़ ही नहीं पाती।मजबूरी में ट्रेन छोडऩी पड़ती है। गोंडा रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था राम भरोसे है।

# भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की तैयारियां हुई तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल। भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण ्लमकान सूचीकरण एवं मकानों की गणनाङ्क के सफल संचालन हेतु जनपद सम्भल में तैयारियां तेज कर दी गयी है। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल द्वारा सभी तहसीलदार और अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि जनगणना कार्य में लगे समस्त प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों द्वारा अपने-अपने गणना ब्लॉकों में भ्रमण कर क्षेत्र से परिचित होने, स्व-गणना कार्य को प्रोत्साहित करने तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को 21 मई, 2026 तक पूर्ण करने की कार्यवाही कर ली जाये। साथ ही जनगणना निदेशालय से प्राप्त कुल 4760 प्रगणक एवं सुपरवाइजरों की जनगणना सामग्री/किट को चार्ज स्तर पर चरणबद्ध तरीके से वितरित कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त समस्त प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को यह भी निर्देशित किया गया है कि वे प्रशिक्षण हेतु उपयोग किए गए प्रशिक्षण ऐप को हटाकर वास्तविक ्लएचएलओङ्क ऐप इंस्टॉल अथवा रिफ्रेश कर लें, जिससे वास्तविक फील्ड कार्य में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या उत्पन्न न हो।

त*स्व.गणना अभियान में अब तक कुल 54275 परिवारों ने अपना विवरण पोर्टल पर स्वयं किया दर्ज स्व.गणना अभियान में अब तक जनपद सम्भल में कुल 54275 परिवारों द्वारा अपना विवरण पोर्टल पर स्वयं दर्ज किया गया है, जिसके दृष्टिगत जनपद प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि स्व-गणना अभियान में अब सिर्फ 03 दिन शेष है, जिसमें सक्रिय सहभागिता करें तथा जनगणना कार्य में सहयोग प्रदान करें, क्योंकि ''हमारी जनगणना, हमारा विकास'' के मूल मंत्र के साथ यह अभियान भविष्य की योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की आधारशिला सिद्ध होगा।

# गौरीगंज में बिना मान्यता के संचालित दो विद्यालयों पर लगाया गया ताला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । शासन के निर्देशों के क्रम में विकास क्षेत्र गौरीगंज क्षेत्र में बिना मान्यता संचालित शिक्षण संस्थानों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये खण्ड शिक्षा अधिकारी गौरीगंज अर्जुन सिंह एवं नायब तहसीलदार गौरीगंज अनुश्री त्रिपाठी द्वारा संयुक्त रूप से दो शिक्षण संस्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान दोनों संस्थान बिना मान्यता संचालित पाये जाने पर उन्हें बंद कराते हुये कक्षा कक्षों में ताला लगवा दिया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने बताया कि जीपीएल पब्लिक स्कूल धारूपुर विकास खंड गौरीगंज की जांच के दौरान विद्यालय बिना मान्यता संचालित पाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जगदीश प्रसाद ने बताया कि विद्यालय में यूकेजी से कक्षा आठ तक कुल उनसठ छात्र छात्राएं नामांकित हैं। जांच के दौरान ग्राम पूरे सरनाम असुरा के कुल आठ छात्र छात्राएं उपस्थित पाये गये। बच्चों के शैक्षिक हित को देखते हुये संबंधित विद्यार्थियों का आयु संगत कक्षाओं में नामांकन सुनिश्चित कराने के लिये प्राथमिक विद्यालय असुरा एवं कम्पोजिट विद्यालय धारूपुर के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया। विद्यालय बंद कराते समय प्रशांत कुमार त्रिपाठी, प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय असुरा एवं रविकांत त्रिपाठी, इंचार्ज प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय धारूपुर मौजूद रहे। विद्यालय संचालक को भविष्य में बिना मान्यता विद्यालय संचालन न करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में मदरसा सैय्यदना इमाम हसन, इस्लाम नगर, असुरा का भी निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान मदरसा बिना मान्यता संचालित पाया गया। मदरसा में एलकेजी से कक्षा नौ तक कुल एक सौ तिरासी छात्र छात्राएं उपस्थित मिलीं। मदरसा के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अंसार द्वारा बताया गया कि संस्था का पंजीकरण रजिस्ट्रार कार्यालय में है लेकिन मदरसा की मान्यता अभी प्राप्त नही हुई है।

विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित न हो इसके लिये बच्चों का नामांकन आयु संगत कक्षाओं में प्राथमिक विद्यालय असुरा एवं कंपोजिट विद्यालय धारूपुर में कराने हेतु निर्देश दिये गये। खण्ड शिक्षा अधिकारी गौरीगंज ने बताया कि जांच के उपरांत दोनों अमान्य संस्थानों के कक्षा कक्षों में ताला लगवाकर उन्हें बंद करा दिया गया है। साथ ही संबंधित संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में बिना मान्यता किसी भी विद्यालय अथवा मदरसे का संचालन न किया जाय।

# देर रात एसपी ने सतर्कता और सुरक्षा इंतजामों का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त रखने और आमजन को सुरक्षित माहौल देने के लिए पुलिस अधीक्षक चारू निगम देर रात अचानक सड़कों पर उतर आईं। आधी रात में उन्होंने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पहुंचकर डायल 112 की कार्यप्रणाली, पुलिसकर्मियों की सतर्कता और सुरक्षा इंतजामों का औचक निरीक्षण किया। एसपी के अचानक निरीक्षण से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। चारू निगम ने मौके पर पहुंचकर डायल 112 वाहनों की स्थिति, पुलिस कर्मियों की मौजूदगी और घटनाओं पर रिस्पॉन्स टाइम की बारीकी से जांच की। उन्होंने पुलिसकर्मियों से पूछा कि सूचना मिलने के कितने समय के भीतर टीम घटनास्थल तक पहुंचती है। निरीक्षण के दौरान कई जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए गए। जब पूरा शहर गहरी नींद में था, तब पुलिस कप्तान खुद सड़क पर रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रही थीं। उनका साफ संदेश था कि जनता की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बेहतर पुलिसिंग और सख्त प्रशासनिक कार्यशैली के लिए चर्चित चारू निगम का यही अंदाज अब सुल्तानपुर में भी दिखाई देने लगा है। आम लोगों के बीच उनकी सक्रियता और निगरानी की चर्चा जोरों पर है। लोगों का कहना है कि कप्तान की लगातार मॉनिटरिंग से पुलिस व्यवस्था पहले से ज्यादा सक्रिय नजर आ रही है।

## 48 डिग्री की भीषण गर्मी में गौ रक्षा के लिए पदयात्रा पर निकले जगद्गुरु शंकराचार्य

सुल्तानपुर। गौहत्या मुक्त भारत और गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के संकल्प के साथ देशव्यापी पदयात्रा पर निकले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का 20 मई 2026 बुधवार को सुल्तानपुर आगमन होगा। भीषण 48 डिग्री तापमान के बीच जारी उनकी 81 दिवसीय भारत भ्रमण पदयात्रा को लेकर जिले के सनातन धर्मावलंबियों और गौभक्तों में उत्साह देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार दोपहर 2 बजे शाहगंज-पयागीपुर स्थित तिकोनिया पार्क में शंकराचार्य जी का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके उपरांत वे धर्मसभा को संबोधित करेंगे और गौसंरक्षण, सनातन संस्कृति तथा राष्ट्रहित के विषयों पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम के आयोजक राकेश तिवारी ने बताया कि सुल्तानपुर में पहली बार जगदुरु शंकराचार्य का इस प्रकार का ऐतिहासिक आगमन हो रहा है। उन्होंने कहा कि गौमाता की रक्षा का यह अभियान किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की रक्षा के संकल्प के साथ चलाया जा रहा है।

## लखनऊ घटना के विरोध में सड़क पर उतरे अधिवक्ता, पूरनपुर प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन ने किया जोरदार प्रदर्शन

पूरनपुर। लखनऊ में अधिवक्ताओं के चैंबरों पर बुलडोजर कार्रवाई और वकीलों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में पूरनपुर प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन कर रोष व्यक्त किया प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह को सौंपा अधिवक्ताओं ने कहा कि वे माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों का सम्मान करते हैं, लेकिन लखनऊ पुलिस प्रशासन द्वारा जिस प्रकार अलोकतांत्रिक और नियम विरुद्ध तरीके से बुलडोजर चलाकर अधिवक्ताओं के चैंबर हटाए गए तथा विरोध कर रहे वकीलों पर लाठीचार्ज किया गया, वह बेहद निंदनीय है इस घटना से प्रदेश भर के अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है पूरनपुर प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सक्सेना और महामंत्री सुशील सक्सेना के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने मांग उठाई कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी

# निर्धन बालिकाओं का एमजीएस में निशुल्क प्रवेश होगा : प्रबंधक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## एमजीएस में शैक्षिक उन्नयन के लिए संगोष्ठी का हुआ आयोजन



सुल्तानपुर। एमजीएस इंटर कॉलेज में शैक्षिक उन्नयन के लिए मालवीय हॉल में शिक्षकों के साथ एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बताते चलें एमजीएस इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ विनोद कुमार सिंह (सदस्य, शिक्षा सेवा चयन आयोग) की अध्यक्षता में मालवीय हाल में शैक्षिक उन्नयन के लिए विद्यालय के शिक्षकों के साथ एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें प्रबंधक ने शिक्षकों से विद्यालय के शैक्षिक उन्नयन के लिए राय मांगी। शिक्षकों ने बताया ग्रीष्म अवकाश में भी हम सब मिलकर विद्यालय के छात्रों के लिए प्रातः कालीन कक्षाएं संचालित करे। जिसमें खेल आधारित शिक्षा दी जाए, जिससे छात्रों में कौशलात्मक विकास हो सके। प्रबंधक ने प्रातःकालीन कक्षाओं के संचालन के लिए सहमति प्रदान की। प्रबंधक ने अपने संबोधन में बताया कि हाई स्कूल और इंटर की परीक्षा में विद्यालय की बालिकाओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रबंधक ने बताया कि प्रबंध समिति ने निर्णय लिया है की जनपद में किसी भी बालिका की शिक्षा धनाभाव के कारण नहीं छूटेगी। आधी आबादी (बालिका) को शिक्षित करने के लिए हम कृत संकल्पित हैं। सभी छात्राओं को विद्यालय की तरफ से पिछले वर्षों की तरह वर्तमान सत्र में निर्धन बालिकाएं बिना शुल्क प्रवेश प्राप्त कर सकती हैं और नवप्रवेशी छात्राओं को विद्यालय निःशुल्क गणवेश प्रदान करेगा। प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में शिक्षकों को पूरी ऊर्जा के साथ अध्यापन कार्य करने पर बल दिया। शैक्षिक संगोष्ठी में उप प्रधानाचार्य विचित्र वीर सिंह, दीपक सिंह, राकेश कुमार सिंह, वैभव रघुवंशी, मधुलिका सिंह, किरन वर्मा, अंजली, प्रज्ञा, लाल रत्नाकर अंजनी श्रीवास्तव, डॉ अम्बरीष, सुमित श्रीवास्तव, पवन कुमार, सुनील कुमार सिंह, तुलसीराम यादव, रमेश वर्मा, उपकार श्रीवास्तव, अशोक, माधवराम यादव, छोटेलाल सरोज, धर्मेंद्र पांडे, राम प्रकाश, राजेश कन्नौजिया, रमेश प्रजापति, राजीव सिंह, हरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## पॉपकॉर्न व दोना पत्तल मेकिंग मशीन प्राप्त करने हेतु करें आवेदन

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा बताया गया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित नि:शुल्क टूल किट्स वितरण योजना के अर्न्तगत जनपद बदायूँ के ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले सामान्य जाति/अनुसूचित जाति/अल्पसंख्यक एवं पिछडे वर्ग के भुर्जी जाति व परम्परागत स्वरोजगार में रूचि रखने वाले कारीगरों को वर्ष-2026-27 हेतु आधुनिक पॉपकार्न मेकिंग मशीन, मोटराइज्ड दोना पत्तल मशीन नि:शुल्क वितरण हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र बोर्ड की वेवसाइट की ऑनलाइन सेवाओ के अर्न्तगत ऑनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन में आवेदन 05 जून 2026 सांय 5:00 बजे तक आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है। आवेदको का चयन गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा। जिसमें आर्थिक रूप से अत्यन्त पिछडे एंव वी0पी0एल0 परिवार के सदस्यों को वरीयता दी जायेगी, ऐसे इच्छुक व्यक्ति जिनकी आयु 18 वर्ष कम न हो एंव 50 वर्ष से अधिक न हो अपना आवेदन पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय-मो0-शहवाजपुर पुरानी चुॅगी बरेली रोड बदायॅू में जमा कर सकते है। योजनाओ में ऑनलाइन आवेदन करते समय आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूलनिवास प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, फोटो, राशन कार्ड/परिवार आई0डी0, आधार लिंक मोबाइल नम्वर अपलोड करना अनिवार्य है।

## ओ लेवल एवं सी0सी0सी0 का प्रशिक्षण कराने हेतु इच्छुक संस्थायें करें ऑनलाइन आवेदन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी वित्तीय वर्ष 2026-27 में अन्य पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को 'ओ' लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण का कोर्स कराने हेतु जनपद की ऐसी संस्थायें, जो भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट से मान्यता प्राप्त (आवेदन की अंतिम तिथि तक संस्थाओं की मान्यता वैलिड हो) हों, प्रशिक्षण कराने हेतु आवेदन कर सकती हैं। इच्छुक संस्थाओं द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की बेबसाइट पर दिये गये लिंक एवं से निर्धारित प्रारूप पर 03 जून 2026 तक ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। प्रशिक्षण हेतु दिशा-निर्देश/समय-सारणी उक्त बेबसाइट पर भी प्रदर्शित है। संस्थाओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने के उपरान्त उसकी हार्डकॉपी समस्त अभिलेखों एवं उपलब्ध संसाधनों से संबंधित विवरण सहित 03 जून 2026 तक अथवा इसके पूर्व ही जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय कक्ष सं0 118, विकास भवन, बदायूँ में अनिवार्य रूप से जमा करा दें।

## 03 आंगनबाड़ी कार्यकत्री व 02 आंगनबाड़ी सहायिकाओं की सेवाएं समाप्त

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रभारी जिला कार्यकम अधिकारी ने बताया कि बाल विकास परियोजना कादरचौक के आंगनबाड़ी केन्द्र लभारी प्रथम पर तैनात कार्यकत्री श्रीमती मधु देवी एवं लभारी द्वितीय पर तैनात आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमती शकुंतला देवी, बाल विकास परियोजना अम्बियापुर के केन्द्र दीननगर शेखपुर मझारा में तैनात कार्यकत्री श्रीमती सुनीता देवी, केन्द्र गौसमनगर मिर्ज़ापुर सोहरा पर तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्री कुसुमलता एवं बाल विकास परियोजना इस्लामनगर के केन्द्र चिचौटा पर तैनात सहायिका श्रीमती बबिता गौतम द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन नियमित रूप से न करने, घर पर पोषाहार रखे जाने, केन्द्र पर अनुपस्थित रहने, केन्द्र पर साफ-सफाई की व्यवस्था न कराने, आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चों की उपस्थिति, स्टॉक रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का रख-रखाव न करने, बच्चों को शालापूर्व शिक्षा का ज्ञान न देने, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनान्तर्गत आवेदकों के आवेदन को फीड न करने, पोषण ट्रैकर पर गतिविधियों को समय से फीड न करने, मनमाने ढंग से कार्य करने जैसे विभागीय नियमों एवं शासनादेशों का उल्लंघन किए जाने तथा कार्य में गंभीर लापरवाही पाए जाने के कारण सक्षम अधिकारी द्वारा संबंधित आंगनबाडी कार्यकर्ता की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। विभाग द्वारा प्राप्त शिकायतों एवं निरीक्षण जांच आख्या के आधार पर संबंधित कार्यकर्ता के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। जांच में आरोप सिद्ध पाए जाने पर सेवा समाप्ति का निर्णय लिया गया है। विभागीय कार्यों में लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा शासनादेशों की अवहेलना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ करें।

## गन्ना सर्वेक्षण की समस्यओं के त्वरित समाधान हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला गन्ना अधिकारी ने जनपद के कृषकों को सूचित करते हुए बताया कि पेराई सत्र 2026-27 अर्न्तगत जनपद में 01 मई 2026 से गन्ना सर्वेक्षण का कार्य आरम्भ हो चुका है। गन्ना सर्वेक्षण में आने वाली कृषकों की समस्यओं के त्वरित समाधान हेतु इस कार्यालय में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष नम्बर 05832-456030 है। अतः गन्ना कृषक भाईयों के गन्ना सर्वेक्षण सम्बन्धी कार्य में यदि किसी प्रकार की कोई समस्या आती है, तो वह उसके समाधान हेतु कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर पर अपनी समस्या नोट करा सकते हैं।

## आजम खान के लिए हुए दिल्ली धरने में शामिल हुए आमिर सुल्तानी

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । समाजवादी पार्टी पूर्व सांसद और मंत्री आज़म खान इन दिनों जेल में है आज उनको इंसाफ दिलाने के लिए समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अरशद खान के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का दिल्ली जंतर मंतर पर आयोजित किया गया जिसमें बदायूं से आमिर सुल्तानी अपने साथियों के साथ सम्मिलित हुए और महामहिम राष्ट्रपति जी को एक ज्ञापन दिया गया जिसने उनके लिए न्याय की मांग की गई तथा कहा गया कि उनके खिलाफ राजनीतिक झूठे मुकदमों को वापस लिया जाए। आमिर सुल्तानी ने कहा देश में दो तरीके के कानून है जिस कानून के तहत हेड स्पीच मामले में आजम साहब को 2 साल की सजा होती है ऐसे ना जाने कितनी हेड स्पीच मौजूदा सरकार के लोग देते रहते हैं लेकिन उन पर कोई मुकदमा नहीं होता और आजम खान पर मुकदमा भी होता है और उन्हें सज़ा भी सुनाई जाती है इसलिए हम आज उनके लिए आज न्याय की गुहार लगाने आए हैं।

## नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । पूरनपुर देहात क्षेत्र के मोहल्ला अहमदनगर में नाबालिग किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में गायब होने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है पीड़ित परिवार ने युवक पर किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने तथा धमकी देने का आरोप लगाया है नसीम पुत्र हमीद निवासी मोहल्ला अहमदनगर, पूरनपुर देहात ने कोतवाली पूरनपुर में दिए शिकायती पत्र में बताया कि आज सुबह करीब 4 बजे जब वह सोकर उठा तो घर की लेटरीन का दरवाजा टूटा पड़ा था और उसकी करीब 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री शवीना बी घर से गायब थी परिजनों द्वारा खोजबीन करने पर जानकारी मिली कि मोहल्ला अहमदनगर निवासी अशफाक पुत्र मोहम्मद आरिफ कथित रूप से किशोरी को जबरन बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है परिजनों ने आशंका जताई कि उसकी पुत्री को बंधक बनाकर रखा गया है शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि अशफाक, मुस्ताक व इरशाद पुत्रगण मोहम्मद आरिफ ने परिवार को गाली-गलौज करते हुए धमकी दी कि जहां शिकायत करनी हो कर लो, तुम हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा नाबालिग किशोरी की तलाश शुरू कर दी गई है पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी

# भ्रष्टाचार के खिलाफ जिलाधिकारी की कार्रवाई




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । देवरियाकला ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितता और धांधली की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है डीएम प्रियंका निरंजन ने ग्राम प्रधान निर्मला देवी के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार तत्काल प्रभाव से सीज कर दिए हैं।साथ ही मामले में संलिप्त ग्राम पंचाय त सचिव के खिलाफ विभागीय और अनुशासना त्मक कार्रवाई के आदेश भी जारी किए गए हैं।

लाल जी दुबे ने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पहले ग्राम पंचायत निवासी अखिलेश तिवारी ने सड़क निर्माण और ह्यूम पाइप की खरीद व स्थापना में बड़े पैमाने पर धांधली की शिकायत प्रशासन से की थी।शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला धिकारी ने मुख्य कोषाधिकारी और जल निगम के अधिशासी अभियंता की संयुक्त जांच टीम गठित की थी।

### बिना कार्य कराए सरकारी धन का भुगतान

जिले रूपईडीह विकास खंड ग्राम पंचायत देवरि या कला में जांच रिपोर्ट में सामने आया कि काग जों में विकास कार्य पूरा दिखा दिया गया,जबकि जमीन पर करीब 134 मीटर लंबा ह्यूम पाइप लगा या ही नहीं गया था।बिना कार्य कराए सरकारी धन का भुगतान निकाल लिया गया।इसके अलावा पं चायत भवन मरम्मत के नाम पर भी बिना काम क राए भुगतान किए जाने के आरोपों की जांच जारी है।जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन ने ग्राम प्रधा न से स्पष्टीकरण मांगा था,लेकिन जवाब संतोषज नक न मिलने पर उनके अधिकार सीज कर दिए गए है मामले की अंतिम जांच के लिए जिला उद्या न अधिकारी और सरयू नहर खंड–दो के अधिशा सी अभियंता को जिम्मेदारी सौंपी गई है।ग्राम पंचा यत के कार्य प्रभावित न हों,इसके लिए खंड विका स अधिकारी के माध्यम से त्रिस्तरीय समिति गठि त करने का प्रस्ताव मांगा गया है।यह समिति जल्द ही पंचायत के विकास कार्यों की जिम्मेदारी संभा लेगी।प्रशासन की इस कार्रवाई से जिले के अधि कारियों और जनप्रतिनिधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# डिप्टी सीएम से मिलकर बताई किसानों की समस्या

### सिंचाई और कृषि योजनाओं का लाभ समय से दिलाने की मांग उठाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा लखनऊ स्थित आवास पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से अथरिष्ट फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी, लौव्वा टेपरा के सीईओ कुलदीप मिश्रा ने मुलाका त की।इस दौरान जिले के किसानों से जुड़ी विभि न्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। कुलदीप मिश्रा ने किसानों को उर्वरक, सिंचाई और कृषि योजनाओं का लाभ समय से दिलाने की मांग उठाई।डिप्टी सीएम ने समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा - निर्देश देने का आश्वासन दिया है।



# समझ नहीं पा रही पुलिस कहां से आ रहे अवैध असलहे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । बेखौफ अपराधी पुलिस पर दनादन फायरिंग कर रहे हैं।पुलिस भी जवाबी कार्रवाई में आरोपि यों को दबोच कर जेल भेज रही है।पकड़े गए बद माशों के पास से पुलिस लगातार अवैध असलहे बरामद कर रही है। 21 मार्च से अब तक जिले में 12 अवैध असलहे बरामद किए जा चुके हैं,लेकिन पुलिस एक भी असलहा तस्कर को नहीं पकड़ स की है।पिछले अप्रैल महीने में बदमाशों ने पुलिस प्रशासन को चुनौती देते हुए आभूषण कारोबारियों को अपना निशाना बनाया।असलहे के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिया।बाद में जिले की पु लिस ने विभिन्न घटनाओं में शामिल अपराधियों को मुठभेड़ और चेकिंग के दौरान असलहों के सा थ पकड़ने का दावा किया।नवाबगंज थाना क्षेत्र में

पशु तस्कर और पुलिस के मुठभेड़ के दौरान पशु तस्कर पुलिस के हाथ लगे।उनके पास से असलहे भी बरामद हुए है।पुलिस रिकार्ड पर नजर दौड़ाई जाए तो अधिकतर वारदातों का खुलासा करते हुए अपराधियों से मुठभेड़ का दावा किया गया गनीम त यह रही कि मुठभेड़ के दौरान कभी-कभी पुलि स कर्मी मामूली रूप से घायल भी हुए है। पुलिस बदमाशों से पूछताछ के बाद बरामद अवैध हथिया रों के बारे में भी जानकारी जुटाती है, मगर खुलासे के बाद असलहा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर ना भूल जाती है।जिस वजह से असलहा तस्कर ब दमाशों तक लगातार हथियार पहुंचा रहे हैं,यही न हीं सोशल मीडिया पर असलहों के साथ लोगों की फोटो होती है वायरल होती है और अवैध असलहे युवाओं के पास भी पहुंच रहे हैं। कई बार रुतबे के चक्कर में युवा अवैध असलहों संग फोटो खिंचवा कर सोशल साइट पर भी अपलोड कर देते हैं।बीते दिनों एक युवक ने असलहे के साथ फोटो वायरल किया था।जिस पर पुलिस ने उसके खिलाफ मुक दमा दर्ज किया था। आए दिन इस तरह के वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं,

### उठ रहे सवाल,आखिर तस्करों को क्यों भूल जाती है गोंडा पुलिस

अवैध असलहे के साथ पकड़े गए लोगों से पुलिस पूछताछ करते हुए उस व्यक्ति के बारे में भी जान कारी जुटाती है, जो उन्हें हथियार उपलब्ध कराता है।इसके बाद भी उन तक पुलिस नहीं पहुंच पाती है।अवैध असलहों के साथ पकड़े जाने वाले आरो पियों से पूछताछ में जिन लोगों के नाम सामने आ रहे हैं,उनकी गहराई से पड़ताल की जा रही है तो ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं।अवैध असलहों का प्रयोग रोकने के लिए अभियान चलाया जा र हा है।अवैध असलहा तस्करों पर सख्त कार्रवाई होगी।अमित पाठक आईजी देवीपाटन परिक्षेत्र गोंडा ।

# अधिवक्ताओं के समर्थन में उतरी रूल ऑफ लॉ सोसायटी, सीएम को भेजा ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच। रूल ऑफ लॉ सोसायटी के तत्वावधान में मुख्यमंत्री को संबोधित नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर लखनऊ में हुए अधिवक्ताओं पर हुए बर्बरतापूर्ण किए गए लाठी चार्ज एवं चैंबर्स को तोड़े जाने के विरोध में दोषी पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने तथा प्रभावित अधिवक्ताओं को मुआवजा दिलाए जाने की मांग की गई है।



रूल ऑफ लॉ सोसायटी के पदाधिकारीयों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में उल्लेख किया है कि , 26 मई को लखनऊ स्थित पुरानी बिल्डिंग हाईकोर्ट परिसर , कलेक्ट्रेट परिसर व रजिस्ट्रार ऑफिस के आस पास स्थित एडवोकेट चैंबर को प्रशासन के शह पर पुलिस के सहयोग से बुलडोजर चलवाकर गिरवा दिया गया है इस दौरान स्वाभाविक प्रतिरोध कर रहे अधिवक्ताओं के ऊपर पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज कर उन्हें को गंभीर चोटें पहुंचाई गई हैं वकीलों के वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है इससे पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। रूल ऑफ लॉ सोसायटी अवध क्षेत्र संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट , उपाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी एडवोकेट , संयोजक प्रमोद सिंह चौहान एडवोकेट , आशुतोष मिश्रा एडवोकेट , अमित श्रीवास्तव एडवोकेट व अनिल मिश्र एडवोकेट , प्रमोद तिवारी एडवोकेट , समय प्रसाद शुक्ल एडवोकेट आदि ने नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर अधिवताओं के ऊपर लाठी चार्ज करने वाले व उनके वाहनों को क्षतिग्रस्त करने वाले चिन्हित दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ बी0एन0एस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करने , दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने व उनके वेतन से कटौती करके प्रभावित अधिवक्ताओं को मुआवजा दिलाए जाने , प्रभावित अधिवक्ताओं को स्थाई चैंबर उपलब्ध कराए जाने तथा तत्काल प्रभाव से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की मांग की है। रूल ऑफ लॉ सोसायटी के पदाधिकारीयों ने बताया कि ज्ञापन में उल्लेखित मांगे न मानने पर प्रशासन के विरुद्ध पूरे प्रदेश में लोकतांत्रिक ढंग से बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

# इटियाथोक मनरेगा में लूट : ईमानदार अफसरों के नाम पर उगाही का खुला खेल : सूत्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना को इटि याथोक ब्लॉक में भ्रष्टाचार की भट्ठी में झोंक दिया गया है।विकास की बजाय यहां कमीशन का खेल चल रहा है और इस पूरे काले खेल का सूत्रधार है सूत्र बता रहे है कि ब्लॉक स्तरीय एक मनरेगा क र्मी बाबू और एपीओ जो बेखौफ होकर ईमानदार मुख्य विकास अधिकारी जिला समन्वयक (डीसी) मनरेगा के नाम पर भी वसूली कर रहा है। ग्रामीण विकास की रीढ़ मानी जाने वाली ग्राम पंचायतों को इन अफसरों के नाम पर डरा धमका कर लूटा जा रहा है। ग्राम प्रधानों ने नाम न छापने की शर्त पर मौखिक रूप से बताया कि तीन प्रतिशत कमी शन एडवांस एस्टीमेट की स्वीकृति के नाम पर चा र प्रतिशत काम पूरा होने के बाद,दो प्रतिशत लेखा कार,दो प्रतिशत एपीओ,और कंप्यूटर ऑपरेटर के लिए,दो प्रतिशत जेई की जेब में कुल मिलाकर आ ठ प्रतिशत की खुली कटौती जबरन वसूली जा र ही है।सूत्रों के द्वारा यह भी बताया जा रहा है कि ब्लॉक पर मौजूद विधायक का एक करीबी और



कर्मचारियों द्वारा यह भ्रम फैलाया जाता है कि अ गर ऊपर पैसा नहीं गया तो निरीक्षण लग जाएगा जिससे प्रधान डरे सहमे रहते हैं।अफसरों की ईमा नदारी को धूमिल करने का यह सुनियोजित षड्यं त्र अब धीरे धीरे उजागर हो रहा है,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आए दिन जीरो टॉलरेंस की नी ति की बात करते हैं आए दिन भ्रष्टाचार के खिला फ चेतावनी देते हैं कि अगर कोई व्यक्ति वसूली करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। लेकिन ब्लॉक के भ्रष्ट कर्मचारी बेखौफ हैं, जैसे कि उन्हें किसी साजिशन राजनीतिक या प्र शासनिक संरक्षण प्राप्त हो।मनरेगा में साइड की संपूर्ण जि म्मेदारी देखरेख की एपीओ की होती है लेकिन एपीओ साहब तो पुराने भ्रष्टाचारी ही तैनात है,क्यों कि वही एपीओ साहब जो वर्ष 2020 में तरबगंज में तैनाती के दौरान मनरेगा के तहत 74. 27 लाख रुपये के फर्जी भुगतान की साजिश में शामिल एपीओ की सेवा समाप्त कर दी गई थी। तत्का लीन सीडीओ शशांक त्रिपाठी ने मनरेगा के तहत लंबित भुगतान की समीक्षा ब्लॉकवार की थी समीक्षा के दौरान तरबगंज ब्लॉक में गत तीन वर्ष के 74.27 लाख रुपये के बिल-वाउचर भुगतान के लिए लंबित पाए थे।इसके बाद सत्यापन के लिए कमेटी बनाई थी,उन्होंने बताया कि जांच शुरू होने से पहले ही 64.90 लाख रुपये के बिल - बाउचर अचानक डिलीट कर दिए गए। सत्यापन में बिना सामग्री क्रय किए ही भुगतान की कोशिश करने का राजफाश हुआ था।इसपर कारण बताओ नो टिस जारी करके जवाब-तलब किया गया था।संतो षजनक जवाब न मिलने पर मामले में कार्रवाई के लिए रिपोर्ट डीएम को भेजी गई थी।तत्कालीन डी एम डॉ.नितिन बंसल ने तरबगंज के तत्कालीन ए पीओ गिरजेश कुमार पांडेय की संविदा समाप्त कर दी थी। उसके कुछ वर्ष बाद हाईकोर्ट से बहा ल होकर फिर इटियाथोक में तैनाती मिली है। सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि वसूली के बाद कोई अधिकारी निरीक्षण करने नहीं आता।सिर्फ फोटो खींचकर हाजिरी लगवा दी जाती है और कागजों में काम पूरा दिखा दिया जाता है। इटियाथोक ब्लॉक में ग्राम पंचायत सचिवों की भूमिका को पूरी त रह शून्य कर दिया गया है।एमआर (मस्टररोल) जै सी संवेदनशील प्रक्रिया में अब सचिव के हस्ताक्षर की भी जरूरत नहीं समझी जा रही, जबकि नियम साफ कहते हैं कि बिना सचिव के सत्यापन के को ई कार्य वैध नहीं माना जा सकता,बीडीओ,एपीओ और जेई कि तिकड़ी सब सर्वो पर है,सूत्रों का कह ना है कि जिन ग्राम पंचायत में मनरेगा खूब चलती है वहां पर निरीक्षण के नाम पर भी बीच में मोटी धन उगाई की जाती है।अगर अफसर अकेले में बा त करें,तो वे पूरी सच्चाई बता देंगे। वे चाहते हैं कि गोपनीय जांच करवाई जाए,ताकि इस भ्रष्ट तंत्र की असली सूरत सामने लाई जा सके।सरकारी धन की बंदरबांट पर प्रशासन मौन है। अब सवाल यह है कि क्या अफसर अपनी ही साख बचाने के लिए अब कोई कार्रवाई करेंगे या फिर ये लूट यूं ही चल ती रहेगी.? यही समय है जब गोंडा प्रशासन को स ख्ती से नकेल कसनी चाहिए,वरना मनरेगा का भ रोसा मिट्टी में मिल जाएगा।

# महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल पर 23 व 24 मई को आयोजित होगा विजय उत्सव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । महाराजा सुहेलदेव के विजय उत्सव के अवसर पर विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल/परिसर में 23 व 24 मई 2026 को जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।



बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि विजयोत्सव के अवसर पर सुहेलदेव जी की गौरवगाथा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ उनके जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाय। डीएम श्री त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि स्मारक स्थल पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सरस व शिल्प मेले का आयोजन किया जाय। साथ ही सम्बन्धित विभाग अपने-अपने जागरूकता के स्टाल भी लगाये। जिससे स्थानीय मेधा को अपना हुनर प्रदर्शित करने का अवसर मिल सके। डीएम ने आयोजन को सभी आयु वर्ग हेतु रूचिकर बनाये जाने हेतु फूड स्टाल तथा बच्चों के लिए आर्कषक झूले भी लगवाये जायें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंसा, सीएमओ डॉ संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, ग्रामीण दुर्गा प्रसाद, डीडीओ राज कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण, डीआईओएस सर्वदानन्द, अधि.अभि. जिला पंचायत राज अधिकारी चन्द्रभान सिंह, जिला सूचना पर्यटन अधिकारी मनीष श्रीवास्तव, सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# सीमांत थारू समाज का नशामुक्ति संकल्प, युवाओं को बचाने का लिया प्रण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा से सटे कोहलपुर में आध्यात्म, संस्कृति और सामाजिक जागरूकता का अनोखा संगम देखने को मिला। श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह एवं गायत्री महायज्ञ के समापन अवसर पर सीमावर्ती थारू समाज ने अवैध नशे के खिलाफ सामूहिक संकल्प लेकर युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं, युवाओं और ग्रामीणों ने समाज में शांति, संस्कार और नशामुक्ति का संकल्प दोहराया। गायत्री शक्तिपीठ चन्हवा (कोहलपुर) में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीठाधीश्वर व्यास सुरेश जी महाराज (नैमिषारण्य) ने कहा कि सनातन समाज आदि एवं अनंत है, जहां जाति-पाति, छुआछूत और सामाजिक भेदभाव का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति सदियों से पूरी दुनिया को मानवता, शांति और सौहार्द का संदेश देती आ रही है। समाज में स्थायित्व, एकता और भाईचारा बनाए रखने के लिए सभी



को सनातन शिक्षाओं को अपनाकर मानव कल्याण के कार्यों में जुटना चाहिए। प्रज्ञा पुराण कथा में उद्बोधन देते हुए व्यासपीठ सुरेश अवस्थी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर समाज को अन्याय और अधर्म के खिलाफ संगठित होना चाहिए। उन्होंने रामराज्य की अवधारणा को समाज के लिए आदर्श बताते हुए नैतिक मूल्यों को अपनाने पर बल दिया। महामना मालवीय मिशन अवध के अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ते अवैध नशा कारोबार पर चिंता जताते हुए जनजागरण अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशे की लत में पड़कर सैकड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद हो चुका है। यदि समय रहते इस पर प्रभावी नियंत्रण नहीं लगाया गया तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों थारू महिला एवं पुरुषों ने अवैध नशा कारोबार, क्रय-विक्रय, उपभोग और उत्पादन से दूर रहने की सामूहिक प्रतिज्ञा ली तथा सनातन संस्कृति के मूल्यों को अपनाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का संचालन गायत्री शक्तिपीठ कोहलपुर महिला गायत्री परिवार की कमला पौडेल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक थारू सिद्धनाथ चौधरी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सनातन समाज नेता रोहित गुप्ता, कथा वाचक श्रीधर शुक्ल, शिव चरण, कार्तिकेय, पदम् चौधरी, रामकृष्ण थारू, राधे कृष्ण थारू, जीत बहादुर थारू, शिक्षाविद मनोज राजा श्रीवास्तव, मनोज कुमार वर्मा, राधेश्याम गुप्ता, शांतिकुंज प्रतिनिधि डॉ. विष्णु अर्याल सहित सैकड़ों गायत्री परिजन उपस्थित रहे। समापन अवसर पर उपस्थित लोगों ने सीमावर्ती इलाकों में अवैध नशे के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण लगाने और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सामूहिक रूप से जनजागरण अभियान चलाने का संकल्प लिया।

# नीट पेपर लीक, महंगाई व किसानों की समस्याओं को लेकर लोहिया वाहिनी का प्रदर्शन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच। समाजवादी लोहिया वाहिनी बहराइच की ओर से नीट पेपर लीक, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस के बढ़ते दाम, स्मार्ट मीटर व्यवस्था तथा किसानों को खाद उपलब्ध कराने समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाध्यक्ष नन्देश्वर नन्द यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। इसके बाद महामहिम राष्ट्रपति महोदया को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन प्रशासन को सौंपा गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष नन्देश्वर नन्द यादव ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार पेपर लीक होने से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। वहीं पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के बढ़ते दामों से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने स्मार्ट मीटर व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए इसे आम जनता के हितों के विपरीत बताया। प्रदेश उपाध्यक्ष लोहिया



वाहिनी डॉ. संतोष वर्मा ने किसानों को खाद उपलब्ध कराने और चिलवरिया चीनी मिल के किसानों के बकाया भुगतान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार को प्रभावी कदम उठाने चाहिए। कार्यक्रम में मोबीन खान, मयंक मिश्रा, अमरदीप, राजितराम, बलबीर वर्मा, अज्जू बाजपेयी, उमेश गौतम, महबूब अली, धनीराम यादव, रितेश यादव, प्रेम सागर यादव, विकास चौधरी, रिंकू सिंह, अन्नू गुप्ता, गौरव यादव, कमलेश यादव, पंकज निषाद, संजय यादव, विनय यादव, इरशाद अली, सुनील यादव, कुलदीप यादव, कमलेश वर्मा, शाहरुख खान, विद्याराम, लवकुश, आर्यन, यशपाल यादव एडवोकेट, संदीप कश्यप एडवोकेट, तिलकराम यादव एडवोकेट, राजाराम वर्मा, बरसाती गौतम, सोनू, पंकज यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सुल्तानपुर में एनएचएम संविदा कर्मचारियों का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। पूरे उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। पिछले दो महीनों (मार्च और अप्रैल 2026) से मानदेय न मिलने से नाराज कर्मचारियों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 20 मई तक उनका बकाया मानदेय नहीं चुकाया गया, तो 21 मई से नो पे-नो वर्क की नीति अपनाते हुए पूर्ण कार्य बहिष्कार करेंगे।

उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ ने सुल्तानपुर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और प्रशासन को एक पत्र सौंपा। इस पत्र में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि 20 मई तक लंबित मानदेय का भुगतान नहीं किया गया, तो जिले के सभी कर्मचारी 21 मई से पूर्ण कार्य बहिष्कार पर चले जाएंगे। कर्मचारियों का कहना है कि नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है, जिससे

**दो माह का वेतन न मिलने पर 21 मई से नो पे-नो वर्क की चेतावनी**

बच्चों की स्कूल फीस, किताबों और दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उनके पास पैसे नहीं हैं। इस स्थिति ने उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। प्रांतीय संगठन के निर्देशानुसार, 18, 19 और 20 मई को प्रदेश भर के सभी एनएचएम संविदा कर्मचारी अपने-अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन दर्ज करा रहे हैं। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि 20 मई तक दो महीने का मानदेय नहीं मिला, तो 21 मई से पूरी तरह से कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया जाएगा। हालांकि जनहित को ध्यान में रखते हुए आपातकालीन सेवाएं सुचारू रूप से संचालित रहेंगी। डॉ. आकर्ष शुक्ला ने मीडिया से बातचीत में बताया कि जिले के एनएचएम कर्मचारियों का वेतन लंबित है। समय पर मानदेय न मिलने के कारण सभी कर्मचारी और उनके परिवार गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारी पूरी ईमानदारी से ड्यूटी कर रहे हैं, लेकिन उन्हें उनका हक नहीं मिल रहा है, जिससे उन्हें घर का किराया, बिजली का बिल और बच्चों की स्कूल फीस भरने में दिक्कत हो रही है।

# मेडल, सम्मान और सुनहरे भविष्य की गूँज!



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नगर पालिका सभागार का मंच हमारे क्षेत्र की अद्भुत प्रतिभाओं के गौरव का साक्षी बना। स्वामी एजुकेशनल कॉम्प्लेक्स, भसीन इंटरनेशनल स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर, सनातन धर्म इंटर कॉलेज, सेंट जोसेफ स्कूल, लकी चिल्ड्रेन स्कूल और टड्टक सरस्वती विद्या मंदिर के होनहार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं की सफलता को एक नया आसमान मिला। विधायक और विधान परिषद सदस्य सुधीर गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में इन मेधावियों को प्रशस्ति पत्र सौंपना और क्षेत्र के उभरते इंस्टाग्राम क्रिएटर्स को शील्ड देकर सम्मानित करना मेरे लिए अत्यंत भावुक और गर्व का क्षण रहा।डॉ. सुगंध अग्रवाल के कुशल और जीवंत मंच संचालन ने इस पूरे समारोह में चार चांद लगा दिए। बच्चों के चेहरों की मुस्कान, उनके माता-पिता की आँखों में गर्व के आँसू, सम्मानित सभासद गणों का उत्साह और पत्रकार बंधुओं का सहयोग गवाह है कि पूरनपुर का भविष्य बेहद सुरक्षित और उज्ज्वल हाथों में है।सभी सफल विद्यार्थियों और क्रिएटर्स को दिल से बधाई! आप यूँ ही निरंतर आगे बढ़ते रहें और देश का नाम रोशन करें।इस अवसर पर हर्ष गुप्ता सहित सम्मानित सभासद गण उपस्थित रहे है।

# पन्द्रह वर्ष से अधिक पुराने वाहनों पर विशेष निगरानी रखें : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट, सड़क सुधार कार्यों तथा यातायात नियमों के कड़ाई से अनुपालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों पर साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, रोड पैच सुधार, रिफ्लेक्टर एवं रोड मार्किंग के कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाय तथा जहां कार्य पूर्ण हो चुके हैं उनका भौतिक सत्यापन भी सुनिश्चित किया जाय।बैठक में स्कूली वाहनों एवं बसों की नियमित जांच, फिटनेस एवं आवश्यक दस्तावेजों की जांच तथा पन्द्रह वर्ष से अधिक पुराने वाहनों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने ड्रिंक एंड

**जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक डीएम की अध्यक्षता में हुई आयोजित**

ड्राइव, बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही सड़क किनारे उगी झाड़ियों की कटाई, टोल प्लाजा पर कांटा, क्रेन, कटर व एम्बुलेंस की उपलब्धता, तथा प्रमुख चौराहों पर प्रकाश व्यवस्था, संकेतक एवं चेतावनी बोर्ड दुरुस्त रखने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि चालान एवं जुर्माना की कार्रवाई प्रभावी ढंग से की जाए, साथ ही जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड रमेश चंद्र, एआरटीओ, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी, बीएसएम संजय तिवारी, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सपा प्रवक्ता भाटी के बिगड़े बोल पर ब्राह्मणों में उबाल, कुड़वार में फूंका पुतला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राज कुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर की गई कथित टिप्पणी के विरोध में सोमवार को जिले के कुड़वार कस्बे में परशुराम युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला संयोजक उदय प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सपा प्रवक्ता का पुतला फूंककर विरोध जताया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन कुड़वार थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव को सौंपते हुए मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान जिला संयोजक उदय प्रकाश मिश्रा ने कहा कि किसी भी समाज के सम्मान के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की बयानबाजी सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली है और समाज की भावनाओं को आहत करती है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान रमेश तिवारी, श्रवण कुमार मिश्रा, अनंत भूषण पांडेय, गिरीश मिश्रा, धर्मेंद्र तिवारी, विजय तिवारी, सनी दूबे, घनश्याम पांडेय, हरीश शर्मा, सोनू उपाध्याय, सचिन पांडेय, सुधीर सिंह, अनिल चौहान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## फुरसतगंज में मिली अज्ञात नवजात बालिका को शिशु गृह भेजा गया

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना फुरसतगंज क्षेत्र के ग्राम चेतपुर मजरे पीढ़ी में मिली लगभग पांच माह की अज्ञात बालिका को बाल संरक्षण की प्रक्रिया के तहत सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया गया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि बालिका मिलने के उपरांत बीती सात नवम्बर को चाइल्ड हेल्प लाइन अमेठी द्वारा उसे बाल कल्याण समिति अमेठी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बालिका के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुये बाल कल्याण समिति अमेठी ने बालिका को राजकीय शिशु गृह, प्राग नारायण रोड लखनऊ में प्रवेशित कराया है जहां उसकी देखभाल एवं संरक्षण की व्यवस्था की गई है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि यदि उक्त बालिका के वास्तविक माता पिता अथवा सगे संबंधी कोई हों तो वे बालिका को प्राप्त करने हेतु पन्द्रह दिनों के भीतर बाल कल्याण समिति अमेठी अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई अमेठी (निकट रेलवे स्टेशन, शिव महेश शैक्षिक संस्थान, गौरीगंज) में सुसंगत साक्ष्यों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि निर्धारित अवधि में कोई दावा प्रस्तुत न किये जाने की स्थिति में संबंधित संस्था द्वारा नवजात बालिका को स्वतंत्र घोषित करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जायेगी जिसके बाद किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

## अमेठी में तेइस मई को लगेगा नि:शुल्क रोजगार मेला

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, अमेठी एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अमेठी के संयुक्त तत्वाधान में तेइस मई को एक दिवसीय नि:शुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। रोजगार मेला पूर्वान्ह साढ़े नौ बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अमेठी में आयोजित होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियां एल एंड टी, वेलस्पन, टाटा मोटर एवं एसआईएस सिक्योरिटी गार्ड कम्पनी प्रतिभाग करेंगी। मेले के माध्यम से विभिन्न पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में दसवीं, बारहवीं, स्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण तथा अन्य तकनीकी योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर अपनी यूजर आईडी के माध्यम से अपनी योग्यता के अनुरूप संबंधित कंपनियों में आवेदन कर सकते हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी फोटो एवं बायोडाटा के साथ समय से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अमेठी में उपस्थित होकर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

## घर में अकेली नाबालिग को देखकर बिगड़ी तकनीशियन की नीयत, चीख सुनते ही फरार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर में एक बेहद हिला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने लोगों को झकझोर कर रख दिया घरों में सर्विस देने आने वाले तकनीशियनों पर भरोसा करने वाले लोगों के बीच इस घटना के बाद डर और आक्रोश का माहौल है मामला कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के मोहल्ला हबीबगंज का है पीड़ित कामता प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके घर का फ्रिज खराब होने पर फ्रिज मैकेनिक शाहिद पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी मोहल्ला करीमगंज को बुलाया गया था आरोपी एक जानी-मानी ब्रांडेड कम्पनी में सर्विस तकनीशियन के पद पर कार्यरत बताया जा रहा है आरोप है कि 17 मई 2026 की शाम करीब 6 बजे जब तकनीशियन घर पहुंचा, उस समय घर पर केवल प्रार्थी की लगभग 15 वर्षीय पुत्री अंजली अकेली थी इसी दौरान आरोपी ने मौका पाकर किशोरी का हाथ पकड़ लिया अचानक हुई इस हरकत से घबराई किशोरी ने शोर मचाया तो आरोपी कथित रूप से जातिसूचक गालियां देने लगा घटना के बाद डरी-सहमी बच्ची ने परिजनों को पूरी बात बताई इसके बाद जब परिजन अन्य लोगों को साथ लेकर आरोपी की दुकान पर पहुंचे तो वह मौके से फरार मिला पीड़ित परिवार अनुसूचित जाति से संबंधित है, जिसके चलते मामले को और गंभीर माना जा रहा है पुलिस ने आरोपी शाहिद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (उगट्ट) की धारा 74 व 352, पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 तथा एससी-एसटी एक्ट की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि घरों में काम करने आने वाले तकनीशियन ही इस तरह की हरकत करेंगे तो आम लोगों का विश्वास खत्म हो जाएगा फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दे रही है और मामले की जांच जारी है

# जनगणना-2027 को लेकर प्रशासन सक्रियः नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित और अभिषेक त्रिपाठी खुद पहुंचे घर-घर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।जनगणना-2027 को शत-प्रतिशत सफल बनाने के उद्देश्य से प्रशासन ने जमीनी स्तर पर सक्रियता तेज कर दी है इसी क्रम में आज ब्लॉक पूरनपुर एवं पूरनपुर क्षेत्र में लक्षित विभाग समूह द्वारा विशेष स्व-गणना अभियान चलाया गया अभियान के तहत संबंधित विभागों के सहयोगियों ने घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया और उन्हें जनगणना प्रक्रिया के प्रति जागरूक करते हुए स्व-गणना कार्य कराया अभियान की विशेष बात यह रही कि नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित एवं अभिषेक त्रिपाठी स्वयं क्षेत्र में पहुंचे और जनगणना कार्य का निरीक्षण किया अधिकारियों ने विभिन्न मोहल्लों और घरों में जाकर नागरिकों से संवाद किया तथा उन्हें जनगणना के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी अधिकारियों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं है, बल्कि देश और समाज के विकास की आधारशिला है जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी, रोजगार और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की रूपरेखा तैयार करती है इसलिए प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह सही और पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराए इस दौरान अधिकारियों ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कोई भी परिवार जनगणना से वंचित न रहे और प्रत्येक घर तक पहुंच सुनिश्चित की जाए उन्होंने जनगणना कार्य में पारदर्शिता और शुद्धता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया साथ ही लोगों को ऑनलाइन स्व-गणना प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकि नागरिक तकनीकी माध्यमों से भी आसानी से अपनी जानकारी दर्ज कर सकें अभियान के दौरान प्रशासनिक टीमों की सक्रियता से क्षेत्र में जागरूकता का माहौल देखने को मिला लोगों ने भी उत्साहपूर्वक सहयोग करते हुए जनगणना कार्य में सहभागिता दिखाई प्रशासन की इस पहल को लेकर स्थानीय नागरिकों ने सराहना व्यक्त की और इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# सुल्तानपुर से प्रयागराज जा रही बस बनी आग का गोला

**चालक और परिचालक की सूझबूझ से बस में सवार चालीस यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना पीपरपुर क्षेत्र के दुर्गापुर चौराहे के पास सोमवार को सुल्तानपुर से प्रयागराज जा रही उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की अनुबंधित बस अचानक आग की लपटों में घिर गई और शॉर्ट सर्किट से उठी चिंगारी ने कुछ ही पलों में विकराल रुप धारण कर लिया।चालक ने सूझबूझ दिखाते हुये बस को रोककर बस पर सवार करीब चालीस सवारियों को सकुशल बाहर निकाल लिया जिससे एक बड़ा हादसा होते होते बच गया। बताते चलें कि सुल्तानपुर डिपो की बस संख्या यूपी 44 बीटी 4036 सोमवार को सुल्तानपुर से सवारी भरकर प्रयागराज जा रही थी वह दुर्गापुर चौराहा पास पहुंची ही थी कि बस में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते बस धू धू कर जलने लगी। इस हादसे के वक्त बस यात्रियों से भरी थी जिसमें करीब चालीस सवारियां बैठी बताई जाती है लेकिन चालक और परिचालक ने सूझबूझ दिखाते हुये बस रोककर सभी यात्रियों को तत्काल सुरक्षित बाहर निकाल लिया और कुछ ही मिनटों में बस आग का गोला बन गई और पूरी तरह जलकर राख हो गई मगर गनीमत रही कि सभी यात्री सुरक्षित बच निकले।दुर्गापुर चौराहे पर जलती बस को देखकर राहगीरों में अफरा तफरी मच गई। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ समय के लिये सनसनी फैल गई और आवागमन बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया।प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को हादसे की वजह माना जा रहा है जबकि प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुट गया है।इस भयावह हादसे ने एक बार फिर सड़क पर दौड़ रहे वाहनों की तकनीकी जांच और सुरक्षा मानकों पर गम्भीर सवाल खड़े कर दिये हैं।

## प्रशासन को खुली चुनौती! वन विभाग की टीम पर ट्रैक्टर चढ़ाकर हत्या की कोशिश, शीशम माफिया लकड़ी उतारकर फरार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर में अवैध शीशम लकड़ी कारोबार करने वालों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब प्रशासनिक टीमों पर ही जानलेवा हमला किए जाने लगे हैं शनिवार रात वन विभाग की टीम पर ट्रैक्टर-ट्रॉली चढ़ाकर कुचलने की कोशिश किए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई आरोप है कि लकड़ी माफियाओं ने सरकारी कार्रवाई को ठेंगा दिखाते हुए वन कर्मियों के साथ अभद्रता की, सरकारी कार्य में बाधा डाली और मौके पर ही शीशम की लकड़ी उतरवाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली फरार करा दी जानकारी के मुताबिक वन दरोगा सुरजीत कुमार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि शेरपुर कलां निवासी असलम खाँ के डिपो पर अवैध रूप से शीशम की लकड़ी लाई जा रही है सूचना पर वन विभाग की टीम ने पूरनपुर-शेरपुर मार्ग स्थित सिमरिया मोड़ पर घेराबंदी की तभी लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली वहां पहुंची वन टीम द्वारा रोकने का इशारा करते ही चालक ने वाहन की रफ्तार बढ़ा दी और कथित तौर पर वन कर्मियों के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया वन विभाग की टीम ने पीछा किया तो ट्रैक्टर सीधे असलम खाँ के लकड़ी डिपो पर पहुंच गया वहां पहले से मौजूद लोगों ने वन कर्मियों से गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट पर आमादा हो गए आरोप है कि इसी दौरान सरकारी कार्रवाई में बाधा डालते हुए ट्रॉली में भरी शीशम की लकड़ी मौके पर ही उतरवा ली गई और ट्रैक्टर-ट्रॉली को भगा दिया गया घटना के बाद वन विभाग ने इसे प्रशासन को खुली चुनौती बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है वन दरोगा सुरजीत कुमार ने कोतवाली पूरनपुर में तहरीर देकर असलम खाँ, छोटे खाँ तथा अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है इलाके में अवैध लकड़ी कारोबार और माफियाओं की सक्रियता को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं

# तीर्थ स्थल धोपाप में निकली भव्य कलश शोभायात्रा, आज से प्रारंभ होगी श्रीराम कथा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। धोपाप धाम में आयोजित होने वाली श्रीराम कथा के शुभारंभ से एक दिन पूर्व आज भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में रथ पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं बजरंगबली की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। सैकड़ों की संख्या में मातृशक्तियों ने सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा एवं भक्ति के साथ शोभायात्रा में सहभागिता की। कथा के मुख्य संयोजक एवं धोपाप विकास बोर्ड के अध्यक्ष तथा भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में यह भव्य शोभायात्रा सागर कुटीवा से प्रारंभ होकर पवित्र तीर्थ स्थल धोपाप पहुंची। वहां आदि गंगा मां गोमती के पावन तट से जल भरकर आचार्य पंडित राहुल जी द्वारा विधिवत कलश पूजन कराया गया। तत्पश्चात श्रद्धालु कलश लेकर धोपाप मंदिर पहुंचे, जहां पूजन-अर्चन के उपरांत भगवान श्रीराम के मंदिर में कलश स्थापित किया गया। इस अवसर पर मुख्य आयोजक रवीन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि गत कई वर्षों से धोपाप धाम में श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं आध्यात्मिक वातावरण के विकास हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 19 मई से 25 मई तक प्रतिदिन सायं 4 बजे से 7 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। 25 मई को कथा विश्राम होगा तथा रात्रि में तहरी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं 26 मई को प्रातः 6 बजे से प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने कलश शोभायात्रा के दौरान पुलिस एवं प्रशासन द्वारा की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि सुरक्षा एवं व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे तथा पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहा। कार्यक्रम की सफलता के लिए मातृशक्तियों, क्षेत्रवासियों एवं समस्त श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए रवीन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि क्षेत्रवासियों के आशीर्वाद एवं सहयोग से ही ऐतिहासिक एवं पौराणिक तीर्थ स्थल धोपाप का विकास तथा ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों का सफल संचालन संभव हो पा रहा है। उन्होंने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गैर इरादतन हत्या के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोंडा । इटियाथोक थाना क्षेत्र की पुलिस ने गैर इराद तन हत्या के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्या यालय में पेश किया है।वादी पृथ्वीनाथ तिवारी पुत्र रामप्रसाद तिवारी निवासी ग्राम चमैनिया (दिखलौ ल थाना इटियाथोक में लिखित तहरीर दी गयी कि 11 मई 2025 की रात्रि में उनके बड़े भाई चन्द्रशे खर तिवारी,जो मानसिक रूप से अस्वस्थ थे,घर से निकलकर ग्राम अमराडीहा शाहपुर स्थित कृष्णमो हन मिश्रा के घर चले गये थे।आरोप है कि इसी बा त से आक्रोशित होकर शेषनरायण मिश्रा, कृष्णमो हन मिश्रा,ओमप्रकाश मिश्रा व अनिल मिश्रा अयो ध्या प्रसाद मिश्रा ने चन्द्रशेखर तिवारी को लाठी-डण्डों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।उपचार के दौरान चन्द्रशेखर तिवारी की मृत्यु हो गयी है।वादी की लिखित तहरीर पर थाना इटि याथोक में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। इटियाथोक पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त आरोपी अभियुक्त बाला मिश्रा उर्फ विनोद मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

## राज्यमंत्री जी एवं जिलाधिकारी ने नव चयनित 105 आंगनबाडी सहायिकाओं को वितरित किए नियुक्ति पत्र

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। बाल विकास विभाग पीलीभीत की परियोजना ललौरीखेड़ा, अमरिया व मरौरी के सदर विधानसभा क्षेत्र में नव चयनित ऑगनबाड़ी सहायिकाओं को मा0 गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार द्वारा अपने कर कमलों से नियुक्ति पत्र प्राप्त कराये गये। नियुक्ति पत्र पाकर सभी नवचयनित सहायिकाओं के चेहरों पर तो मुस्कान थी ही अपितु बाहर खड़े उनके परिजनों में एक अतिरिक्त उत्साह की चमक थीं अतिरिक्त उत्साह इस बात का है कि उनके घर की महिला को स्वयं राज्यमंत्री के हाथें यह नियुक्ति पत्र मिलना स्वयं में एक गौरव है जो आज से पूर्व किसी सरकार के रहते शायद ही ऐसी किसी निम्नवर्गीय नियुक्ति में किसी को प्राप्त हुआ हो।

## सम्पादकीय

# ‘भारतीय जेलों और पुलिस हवालातों से’ कैदियों की फरारी चिंताजनक!

भारतीय जेलें आज घोर अव्यवस्था का शिकार होने के कारण ‘सुधार घर’ की बजाय ‘बिगाड़ घर’ बन कर रह गई हैं। जेलोंमें हिंसा, मारपीट और पुलिस की हिरासत से हवालातियों की फरारी एक आम बात हो गई है जिसकी इसी वर्ष लगभग 4 महीनों की घटनाएं निम्न में दर्ज हैं 15 जनवरी को ‘सिवनी’ (मध्य प्रदेश) में बलात्कार के आरोप में बंद 3 कैदी मैडीकल जांच के बाद अस्पताल से वापस जेल में लाए जाने के दौरान फरार हो गए। 28 जनवरी को ‘अयोध्या’ (उत्तर प्रदेश) में हत्या के प्रयास और बलात्कार के गंभीर आरोपों में जिला जेल की ‘तन्हाई बैरक’ में बंद 2 शातिर कैदी ‘गोलू अग्रहरि’ तथा ‘शेर अली’ जेल की दीवार तोडने के बाद जेल की बाऊंड्री वॉल से कूदकर फरार हो गए। 5 फरवरी को ‘सदिया जेल’ (असम) से 4 कैदी रस्सी के सहारे ऊंची दीवार फंादकर भाग निकले। 6 फरवरी को ‘लुधियाना’ (पंजाब) में मर्डर केस का एक विचाराधीन आरोपी पुलिस कस्टडी से उस समय फरार हो गया जब उसे इलाज के लिए लुधियाना के सिविल अस्पताल लाया गया था। ‘9 मार्च को ‘सिद्धार्थ नगर’ (उत्तर प्रदेश) के एक पुलिस थाने में बंद 2 ईनामी अभियुक्त पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। अभियुक्तों ने पेट दर्द का बहाना बनाया और लॉकअप रूम का दरवाजा खुलवा कर भाग निकले, हालांकि उन्हें बाद में पकड़ लिया गया।’ 27 मार्च को ‘रेवाड़ी’ (हरियाणा) की हाई टैक जेल में साइबर फ्राड के आरोप में बंद उत्तर प्रदेश के 2 विचाराधीन कैदी जेल की दीवार से सीढ़ी लगाकर फरार हो गए जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। 18 अप्रैल को ‘यरवदा’ ओपन जेल (पुणे, महाराष्ट्र) से ‘समीर शेख’ नामक एक उम्रकैदी फरार हो गया। 8 मई को ‘संतोष लक्ष्मण भिंगारे’ नामक उम्रकैदी अपनी बेटी की सगाई में शामिल होने के लिए जेल से भाग गया। 12 मई को ‘अहमदाबाद’ (गुजरात) की सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली ‘साबरमती सैंट्रल जेल’ में मर्डर और पोक्सो एक्ट के तहत उम्रकैद की सजा काट रहा ‘रामाभाई परमार’ नामक कैदी सुबह के समय मेन गेट से सीधा बाहर निकल कर फरार हो गया। शाम को गिनती के दौरान सी.सी.टी.वी. देखने पर उसके भागने का खुलासा हुआ। 13 मई को ‘यरवदा’ ओपन जेल (पुणे, महाराष्ट्र) में मर्डर के केस में उम्रकैद की सजा काट रहा ‘जनार्दन शंकर अडसूले’ जेल से गायब हो गया। 13 मई को ही ‘गोलाघाट’ (असम) जिले में चोरी और डकैती के मुख्य आरोपी ‘दिलीप सहनी उर्फ ‘लगन’ ने पुलिस द्वारा पूछताछ के सिलसिले में ‘देरगांव’ ले जाए जाते समय अचानक पुलिस कर्मियों को धक्का देकर भागने की कोशिश की। पुलिस की चेतावनी के बाद भी जब वह नहीं रुका, तो पुलिस को गोली चलानी पड़ी, जिससे उसकी मौत हो गई।15 मई को ‘पटियाला’ (पंजाब) की हाई-सिक्योरिटी सैंट्रल जेल से तीन कैदी दीवार फंादकर भाग निकले। भागने के कुछ ही घंटों के भीतर तीनों को पकड़ लिया गया। भारतीय जेलों की सुरक्षा व्यवस्था में चूकों के ये तो चंद उदाहरण मात्र हैं। हर बड़ी घटना के बाद प्रशासन द्वारा व्यवस्था को चाकचौबंद करने की बात कही जाती है परंतु हालात वही रहते हैं। देश में जेलों की क्षमता से ज्यादा कैदी इसका एक बड़ा कारण है। देश में जेलों में 4.54 लाख कैदियों की क्षमता है परंतु इस समय इनमें 5.11 लाख कैदी बंद हैं। क्षमता से अधिक कैदियों के जेल में बंद होने तथा स्टाफ की कमी के कारण इसका प्रभाव जेलों के प्रबंधन पर पड़ रहा है। न्यायिक प्रक्रिया सुस्त होने के कारण विचाराधीन कैदी लम्बे समय तक जेलों में बंद रहते हैं जिससे जेलों पर बोझ बढ़ रहा है। अतः कैदियों की फरारी पर रोक के लिए जेलों का प्रबंधन ठीक करने, कैदियों की संख्या कम करने और न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाने की जरूरत है।

# पढ़ाई पर विज्ञापन की दुहाई

**आज शिक्षा का वातावरण अत्यधिक प्रतिस्पर्धात्मक हो चुका है। बच्चे अब ज्ञान प्राप्त करने के लिए नहीं, बल्कि प्रतिशत हासिल करने के लिए पढ़ रहे हैं। माता-पिता की अपेक्षाएं, समाज की तुलना और विद्यालयों की प्रचार नीति मिलकर बच्चों पर ऐसा दबाव बना देती हैं कि वे स्वयं को अंकों के तराजू में तौलने लगते हैं। यदि किसी बच्चे के 95% अंक आए हैं तो वह प्रतिभाशाली कहलाता है, लेकिन 70% लाने वाला बच्चा स्वयं को साधारण या कमजोर मानने लगता है। यह सोच शिक्षा की आत्मा के विरुद्ध है। हर बच्चा अलग होता है। किसी की रुचि विज्ञान में होती है, किसी की साहित्य में, कोई खेल में उत्कृष्ट होता है तो कोई कला, संगीत या तकनीकी कौशल में। लेकिन वर्तमान शिक्षा व्यवस्था ने सफलता की परिभाषा को केवल परीक्षा परिणामों तक सीमित कर दिया है। विद्यालय भी उसी दिशा में चलते दिखाई देते हैं जहां उन्हें अधिक प्रचार और अधिक प्रवेश मिलने की संभावना हो। परिणामस्वरूप बच्चे ‘विद्यार्थी’ कम और ‘रिजल्ट प्रोडक्ट’ अधिक बनते जा रहे हैं। सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि इस प्रकार का प्रचार बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। जिन छात्रों के अंक अपेक्षाकृत कम आते हैं, वे स्वयं को दूसरों से कमतर समझने लगते हैं। कई बच्चे अवसाद, तनाव और हीनभावना का शिकार हो जाते हैं। कुछ बच्चे तो इतने दबाव में आ जाते हैं कि वे परिवार और समाज से कटने लगते हैं।**

आजकल परीक्षा परिणाम आते ही विद्यालयों के बाहर एक अजीब सी होड़ दिखाई देने लगती है। कहीं बड़े-बड़े होर्डिंग लगे होते हैं, कहीं रंगीन पोस्टर, कहीं सोशल मीडिया पर लगातार तस्वीरों की भरमार। किसी छात्र के साथ 99%, किसी के साथ 98%, किसी के साथ 97% अंक लिखे होते हैं। विद्यालय इन तस्वीरों को ऐसे प्रस्तुत करते हैं मानो कोई व्यावसायिक उपलब्धि हासिल हुई हो। देखने वाले अभिभावकों को संदेश दिया जाता है कि यही वह संस्थान है जहां सफलता मिलती है। शिक्षा अब धीरे-धीरे ज्ञान का माध्यम कम और प्रचार का साधन अधिक बनती दिखाई दे रही है। यही कारण है कि आज यह प्रश्न गंभीरता से उठने लगा है कि क्या पढ़ाई अब शिक्षा कम और विज्ञापन अधिक बन गई है? निस्संदेह, मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान होना चाहिए। अच्छे परिणाम किसी भी छात्र, शिक्षक और अभिभावक के लिए गर्व का विषय होते हैं। लेकिन समस्या तब शुरू होती है जब विद्यालय केवल कुछ चुनिंदा विद्यार्थियों को ही सफलता का चेहरा बनाकर प्रस्तुत करने लगते हैं। बाकी बच्चे, जिन्होंने अपनी क्षमता के अनुसार मेहनत की, संघर्ष किया, परिस्थितियों से लड़ते हुए परीक्षा पास की, वे सब इस चमक-दमक में कहीं पीछे छूट जाते हैं। विद्यालय के पोस्टरों पर उनकी तस्वीरें नहीं होतीं, उनके प्रयासों की चर्चा नहीं होती। धीरे-धीरे उनके मन में यह भावना बैठने लगती है कि शायद वे पर्याप्त अच्छे नहीं हैं। आज शिक्षा का वातावरण अत्यधिक प्रतिस्पर्धात्मक हो चुका है। बच्चे अब ज्ञान प्राप्त करने के लिए नहीं, बल्कि प्रतिशत हासिल करने के लिए पढ़ रहे हैं। माता-पिता की अपेक्षाएं, समाज की तुलना और विद्यालयों की प्रचार नीति मिलकर बच्चों पर ऐसा दबाव बना देती हैं कि वे स्वयं को अंकों के तराजू में तौलने लगते हैं। यदि किसी बच्चे के 95% अंक आए हैं तो वह प्रतिभाशाली कहलाता है, लेकिन 70% लाने वाला बच्चा स्वयं को साधारण या कमजोर मानने लगता है। यह सोच शिक्षा की आत्मा के विरुद्ध है। हर बच्चा अलग होता है। किसी की रुचि विज्ञान में होती है, किसी की साहित्य में, कोई खेल में उत्कृष्ट होता है तो कोई कला, संगीत या तकनीकी कौशल में। लेकिन वर्तमान शिक्षा व्यवस्था ने सफलता की परिभाषा को केवल परीक्षा परिणामों तक सीमित कर दिया है। विद्यालय भी उसी दिशा में चलते दिखाई देते हैं जहां उन्हें अधिक प्रचार और अधिक प्रवेश मिलने की संभावना हो। परिणामस्वरूप बच्चे ‘विद्यार्थी’ कम और ‘रिजल्ट प्रोडक्ट’ अधिक बनते जा रहे हैं। सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि इस प्रकार का प्रचार बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। जिन छात्रों के अंक अपेक्षाकृत कम आते हैं, वे स्वयं को दूसरों से कमतर समझने लगते हैं। कई बच्चे अवसाद, तनाव और हीनभावना का शिकार हो जाते हैं। कुछ बच्चे तो इतने दबाव में आ जाते हैं कि वे परिवार और समाज से कटने लगते हैं। आज देश में परीक्षा परिणामों के बाद आत्महत्या जैसी घटनाएं भी सामने आती हैं। यह केवल व्यक्तिगत कमजोरी नहीं, बल्कि उस सामाजिक और शैक्षणिक दबाव का परिणाम है जो बच्चों पर लगातार डाला जा रहा है। विद्यालयों को यह समझना होगा कि शिक्षा केवल टॉपर बनाने का माध्यम नहीं है। एक योग्य शिक्षक की पहचान केवल इस बात से नहीं होती कि उसके कितने छात्रों ने 95% अंक प्राप्त किए, बल्कि इससे होती है कि उसने कितने बच्चों के भीतर आत्मविश्वास जगाया। असली शिक्षा वह है जो बच्चे को जीवन के संघर्षों के लिए तैयार करे, उसे संवेदनशील बनाए, उसके भीतर नैतिकता और मानवता का विकास करे। यदि कोई बच्चा परीक्षा में औसत अंक लाता है लेकिन अच्छा इंसान बनता है, समाज के प्रति जिम्मेदार बनता है, तो वह भी शिक्षा की सफलता है। आज कई विद्यालय परीक्षा परिणामों को व्यवसायिक रणनीति की तरह इस्तेमाल करते हैं। सोशल मीडिया पर लगातार पोस्ट, अखबारों में विज्ञापन, शहर भर में बैनर—यह सब शिक्षा के व्यवसायीकरण का संकेत है। अभिभावक भी इन चमकदार परिणामों से प्रभावित होकर विद्यालय चुनते हैं। उन्हें लगता है कि जहां अधिक टॉपर हैं, वही विद्यालय श्रेष्ठ है। लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता केवल कुछ विद्यार्थियों के प्रतिशत से तय नहीं हो सकती। किसी विद्यालय की वास्तविक पहचान इस बात से होनी चाहिए कि वहां औसत और कमजोर छात्रों के साथ कैसा व्यवहार होता है, उन्हें कितना सहयोग और प्रोत्साहन मिलता है। यह भी सच है कि बहुत से विद्यालय जानबूझकर केवल मेधावी बच्चों पर अधिक ध्यान देते हैं ताकि उनका परिणाम अच्छा दिखाई दे। कमजोर छात्रों को अक्सर उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। कई बार उन्हें यह महसूस कराया जाता है कि वे विद्यालय की प्रतिष्ठा पर बोझ हैं। यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। शिक्षा में समान अवसर और समान सम्मान सबसे आवश्यक तत्व हैं। यदि विद्यालय ही बच्चों में भेदभाव करने लगेंगे, तो समाज में संवेदनशीलता कैसे विकसित होगी? अभिभावकों की भूमिका भी यहां महत्वपूर्ण है। कई माता-पिता अपने बच्चों की तुलना दूसरों से करने लगते हैं। देखो शर्मा जी के बेटे के 98% आए हैं जैसे वाक्य बच्चों के आत्मविश्वास को तोड़ देते हैं। हर बच्चा अपनी गति और क्षमता के अनुसार सीखता है। जरूरत उसे समझने और प्रोत्साहित करने की है, न कि उसे लगातार दूसरों से कम साबित करने की। बच्चों को यह महसूस होना चाहिए कि वे केवल अंकों के कारण प्रिय नहीं हैं, बल्कि उनके व्यक्तित्व और प्रयास भी महत्वपूर्ण हैं। हमें यह भी समझना होगा कि जीवन में सफलता का संबंध केवल परीक्षा परिणामों से नहीं होता। इतिहास ऐसे अनेक उदाहरणों से भरा पड़ा है जहां औसत या सामान्य छात्र आगे चलकर महान वैज्ञानिक, लेखक, कलाकार, उद्यमी और नेता बने। दुनिया के कई सफल लोग पारंपरिक शिक्षा व्यवस्था में टॉपर नहीं थे। उनका आत्मविश्वास, रचनात्मकता और संघर्ष ही उनकी असली ताकत बने। इसलिए बच्चों को केवल प्रतिशत के आधार पर परखना उनके भविष्य को सीमित करना है। विद्यालय यदि सचमुच बच्चों को प्रेरित करना चाहते हैं तो उन्हें केवल टॉपर्स की तस्वीरें लगाने के बजाय हर उस छात्र की सराहना करनी चाहिए जिसने मेहनत की है। किसी ने पिछली बार से सुधार किया, किसी ने कठिन परिस्थितियों में पढ़ाई जारी रखी, किसी ने आर्थिक समस्याओं के बावजूद परीक्षा पास की—ये उपलब्धियां भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। शिक्षा का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा से अधिक सहयोग होना चाहिए। आज जरूरत इस बात की है कि शिक्षा को फिर से मानवीय बनाया जाए। बच्चों को यह सिखाया जाए कि उनका मूल्य केवल रिपोर्ट कार्ड से तय नहीं होता। विद्यालयों में ऐसी संस्कृति विकसित होनी चाहिए जहां हर बच्चा सम्मान और आत्मविश्वास महसूस करे। शिक्षक बच्चों के भीतर सीखने की जिज्ञासा जगाएँ, केवल अंक लाने की दौड़ नहीं। शिक्षा तब सार्थक होगी जब वह बच्चों को बेहतर इंसान बनाएगी, न कि केवल बेहतर प्रतिशत दिलाएगी। सरकार और शिक्षा विभाग को भी इस विषय पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। विद्यालयों के प्रचार के लिए बच्चों की तस्वीरों और अंकों के अत्यधिक प्रदर्शन पर कुछ दिशानिर्देश होने चाहिए। शिक्षा संस्थानों को यह समझाना होगा कि बच्चे विज्ञापन का माध्यम नहीं हैं। उनकी भावनाएँ, आत्मसम्मान और मानसिक स्वास्थ्य किसी भी प्रचार से अधिक महत्वपूर्ण हैं। समाज को भी अपनी सोच बदलनी होगी। यदि हम केवल ऊंचे अंकों वालों को ही सम्मान देंगे, तो बाकी बच्चे स्वयं को असफल समझने लगेंगे। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हर बच्चा अलग है और हर प्रतिभा महत्वपूर्ण है। कोई बच्चा डॉक्टर बनेगा, कोई कलाकार, कोई किसान, कोई सैनिक, कोई शिक्षक—हर भूमिका समाज के लिए आवश्यक है। शिक्षा का उद्देश्य सभी को एक ही साँचे में ढालना नहीं, बल्कि उनकी व्यक्तिगत क्षमता को विकसित करना होना चाहिए। आज जब पढ़ाई विज्ञापन बनती जा रही है, तब सबसे अधिक आवश्यकता संवेदनशीलता की है। विद्यालयों को बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाना चाहिए, न कि उन्हें तुलना और प्रदर्शन की मशीन बनाना चाहिए। बच्चे प्रतिशत नहीं, भविष्य हैं। उनका सम्मान केवल अंकों से नहीं, बल्कि उनके प्रयास, संघर्ष और सपनों से होना चाहिए। यदि शिक्षा केवल पोस्टरों और प्रतिशत तक सीमित हो गई, तो हम शायद अच्छे अंक तो पा लेंगे, लेकिन अच्छे इंसान खो देंगे। इसलिए समय की मांग है कि शिक्षा को फिर से शिक्षा बनने दिया जाए, विज्ञापन नहीं। **–डॉ. सत्यवान सौरभ**

# ऑनलाइन सैंसरशिप और राजनीतिक तानाशाही की ओर

**मनीष तिवारी**

जब भारत सरकार ने 2021 में सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम पेश किए, तो विशेषज्ञों ने विस्तारित कार्यकारी प्रभाव के बारे में चिंताएं जताईं, जो ऑनलाइन अभिव्यक्ति के संबंध में ‘संवैधानिक अतिरेक’ के समान था। तब से, संशोधनों, परामर्शों और कार्यकारी हस्तक्षेपों के माध्यम से इन नियमों में लगातार विकास हुआ है। सूचना प्रौद्योगिकी नियम द्वितीय संशोधन, 2026 का मसौदा एक और बड़ा महत्वपूर्ण मोड़ है, जो नागरिकों, प्लेटफार्मों और नियामकों के बीच संबंधों को नया रूप दे सकता है। मेइती (इलैक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय) के अनुसार, प्रस्तावित संशोधन प्रकृति में स्पष्टीकरण और प्रक्रियात्मक हैं, जिनका उद्देश्य मध्यवर्ती अनुपालन को मजबूत, कानूनी निश्चितता में सुधार करना और ऑनलाइन सामग्री विनियमन से संबंधित निगरानी तंत्र को बढ़ाना है। हालांकि, बारीकी से पढने पर कार्यकारी निगरानी के दायरे और वैध ऑनलाइन अभिव्यक्ति तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की संवैधानिक गारंटी पर संशोधनों के संभावित प्रभाव के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न भी उठते हैं। ऑनलाइन अभिव्यक्ति विनियमन के दायरे को व्यापक बनाना रू सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तनों में से एक, नियमों का विस्तार प्रकाशकों से सामान्य उपयोगकर्त्ताओं तक करना है। संशोधित नियम 8(1) गैर-प्रकाशक उपयोगकर्त्ताओं द्वारा पोस्ट की गई ‘समाचार और समसामयिक विषयों की सामग्री’ को आई.टी. नियमों के भाग ष्ष् के नियामक ढांचे के तहत लाने का प्रयास करता है। इसका मतलब यह है कि मूल रूप से डिजिटल प्रकाशकों और ओ.टी.टी. प्लेटफार्मों के लिए डिजाइन किया गया तंत्र अब संभावित रूप से उन व्यक्तिगत नागरिकों पर लागू हो सकता है, जो ऑनलाइन टिप्पणी, विश्लेषण या राय पोस्ट करते हैं, जो किसी व्यक्ति की भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करने वाली सैंसरशिप का सबसे चरम रूप है। कार्यकारी निगरानी तंत्र का विस्तार रू संशोधनों का एक अन्य उल्लेखनीय पहलू अंतर-विभागीय समिति (आई.डी.सी.) की विस्तारित भूमिका है, जो एक कार्यकारी नेतृत्व वाली संस्था है, जो डिजिटल सामग्री की निगरानी करती है। संशोधित नियम 14(2) मंत्रालय को किसी पीड़ित पक्ष की शिकायत न होने पर भी सीधे आई.डी.सी. को मामले भेजने की शक्ति देगा। यह सामग्री निगरानी की संरचना में एक उल्लेखनीय बदलाव का प्रतिनिधित्व करेगा। पहले, ढांचा कम से कम नाममात्र के लिए शिकायतों और शिकायत तंत्र पर निर्भर था। नया प्रस्ताव कार्यकारी जांच के एक अधिक सक्रिय मॉडल की ओर बढ़ता हुआ प्रतीत होता है, जहां अधिकारी उपयोगकर्त्ता की शिकायत के बिना भी सामग्री की समीक्षा शुरू कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में स्वतंत्र या न्यायिक निगरानी की कमी गंभीर संवैधानिक चिंताएं पैदा करती है। प्रस्तावित संशोधन ऐसे समय में भी आए हैं, जब 2021 के आई.टी. नियमों के कई प्रावधान पहले से ही संवैधानिक अदालतों के समक्ष न्यायिक चुनौती के अधीन हैं। नियत सावधानी का विस्तार रू संभवतरू सबसे महत्वपूर्ण संशोधन नियम 3(4) को जोडना है, जो मध्यवर्ती ‘सेफ हार्बर’ सुरक्षा को सरकार द्वारा जारी परामर्शों, स्पष्टीकरणों, दिशा-निर्देशों, निर्देशों और मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुपालन से जोड़ता है। मंत्रालय द्वारा जारी विभिन्न कानूनी स्थिति वाले कार्यकारी निर्देशों के अनुपालन की आवश्यकता के कारण, यह संशोधन प्लेटफार्मों के लिए अति-अनुपालन करने का एक मजबूत प्रोत्साहन पैदा कर सकता है। परिणामस्वरूप, मध्यस्थ ‘सेफहार्बर’ खोने के जोखिम को कम करने के लिए संभावित रूप से विवादास्पद सामग्री, विशेष रूप से केंद्र में सत्तारूढ़ व्यवस्था की आलोचना करने वाली सामग्री के प्रति अधिक एहतियाती दृष्टिकोण अपना सकते हैं। कानूनी अनिश्चितता का सामना करने पर, प्लेटफार्मों द्वारा सामग्री को समय से पहले हटाने या भाषण को पूरी तरह से दबाने की अधिक संभावना है। सूचना प्रौद्योगिकी नियम द्वितीय संशोधन, 2026 का मसौदा, तेजी से जटिल होते डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र में प्लेटफॉर्म जवाबदेही, ऑनलाइन सुरक्षा और संवैधानिक स्वतंत्रता को संतुलित करने की बढ़ती वैश्विक चुनौती को दर्शाता है। यदि सार्थक सुरक्षा उपायों के बिना इसे लागू किया जाता है, तो यह एक अधिक प्रतिबंधात्मक डिजिटल स्थान को सामान्य बनाने का जोखिम उठाता है, जहां प्लेटफॉर्म सामग्री हटाने के पक्ष में गलती करते हैं और उपयोगकर्त्ता वैध अभिव्यक्ति का प्रयोग करने में अधिक सतर्क हो जाते हैं।

## सेहत मंत्र

# सेहत का खजाना है भिन्डी

भिन्डी एक ऐसी सब्जी है, जो अधिकतर भारतीय घरों में बनाई जाती है। इसका स्वाद लाजवाब होता है। लेकिन जहां एक ओर यह स्वाद में बेहतरीन होती है, वहीं इसमें कई तरह के गुण व पोषक तत्व भी होते हैं। जो व्यक्ति को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाते हैं। साथ ही कई तरह की शारीरिक समस्या को दूर करते हैं। तो चलिए आज हम आपको भिन्डी से होने वाले कुछ बेहतरीन लाभों के बारे में बताते हैं? भिन्डी में पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते हैं। अगर आप इसका सेवन करते हैं तो आपको विटामिन ए, बी, सी, प्रोटीन, कैल्शियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, आयरन, फाइबर, एंटीऑक्सिडेंट व खनिज पर्याप्त मात्रा में मिलता है। आपको शायद जानकर हैरानी हो लेकिन भिन्डी कैंसर को रोकने में मददगार है। इसका सेवन करने से कोलोन कैंसर होने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। इसका विटामिन ए म्यूकस मेम्ब्रेन बनाने में मदद करता है,जिससे पाचन क्रिया बेहतर होती है। जो भी व्यक्ति मधुमेह ग्रस्त है, उसे भिन्डी को अपनी डाइट में अवश्य शामिल करना चाहिए। दरअसल,भिन्डी में पाया जाने वाला यूगेनॉल शरीर में शर्करा के स्तर को बढ़ने से रोकता है, जिससे मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति को लाभ मिलता है। अगर आप स्वस्थ रहकर वजन कम करना चाहते हैं तो भिन्डी का सेवन करना शुरू करें। दरअसल, एक कटोरी भिंडी में सिर्फ 33 कैलोरी होती है, जिससे वजन नहीं बढ़ता। साथ ही इसका सेवन मेटाबॉलिज्म और पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है। भिन्डी का सेवन पाचन तंत्र के लिए काफी अच्छा माना गया है। जो लोग भिन्डी का सेवन करते हैं, उन्हें पाचन संबंधी परेशानियां नहीं होती। दरअसल, भिंडी में पर्याप्त मात्रा में फाइबर होता है जो कि पाचन तंत्र को दुरूस्त रखता है। इसलिए भिन्डी का सेवन करने से पेट फूलने, पेट में मरोड़ आना, एसिडिटी व डायरिया आदि से बचाव किया जा सकता है। इसके अलावा भिंडी में लो ग्लाइसेमिक इन्डेक्स होता है जो शुगर लेवल को नियंत्रित रखता है।

## धर्म मंत्र

# सोमवार को एक मंत्र बोलकर शिवलिंग पर चढ़ा दें शमी की पत्तियां

ज्योतिष में कुल नौ ग्रह सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि और राहु-केतु बताए गए हैं। इन नौ ग्रहों में शनि, राहु-केतु को क्रूर ग्रह माना गया है। इनकी वजह से कुंडली के सभी शुभ योगों का असर खत्म हो सकता है। इन ग्रहों के दोष दूर करने के लिए शिवजी की पूजा सबसे सरल और कारगर उपाय है। शिवपुराण के अनुसार शिव पूजा में फूल-पत्तियां चढ़ाने का विशेष महत्व है। शिवलिंग पर बिल्व पत्र तो सभी चढ़ाते हैं, लेकिन इसके साथ ही शमी के पत्ते भी शिवलिंग पर अर्पित करना चाहिए। उज्जैन के इंद्रेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी पं. सुनील नागर के अनुसार शमी पत्तों का काफी अधिक महत्व है। ये पेड़ पूजनीय और पवित्र है। घर में शमी का वृक्ष लगाने से शनि के सभी दोषों से मुक्ति मिल सकती है। साथ ही, शमी के पत्ते शिवलिंग पर चढ़ाने से धन और सौभाग्य की इच्छा पूरी होती है। ऐसे चढ़ाएं शमी के पत्तेः ▶▶रोज सुबह शिव मंदिर जाएं और तांबे के लोटे में गंगाजल या साफ जल में थोड़ा सा गंगाजल मिला लें। ▶▶इसके बाद चावल, सफ़ेद चंदन भी पानी में मिला लें। ऊँ नमः शिवाय मंत्र बोलते हुए ये जल शिवलिंग पर अर्पित करें। ▶▶तांबे के लोटे से जल चढ़ाने के बाद शिवलिंग पर चावल, बिल्वपत्र, सफ़ेद वस्त्र, जनेऊ, मिठाई भी चढ़ाएं। ▶▶इसके बाद शमी के पत्ते भी चढ़ाएं। शमी पत्ते चढ़ाते समय ये मंत्र बोलें- **अमंगलानां च शमनीं शमनीं दुष्कृतस्य च। दुःस्वप्रनाशिनीं धन्यां प्रपद्येहं शमीं शुभाम्।।** ▶▶शमी पत्र चढ़ाने के बाद शिवजी की धूप, दीप और कर्पूर से आरती कर प्रसाद ग्रहण करें।

## पर्यटन



# नागालैंड की जोखू वैली जहां कैम्पिंग करने आते हैं पर्यटक

जोखू वैली को कभी बेजान मानकर इसके अपने लोगों ने ही इससे मुंह मोड़ लिया था। मगर आज वही लोग इसकी खूबसूरती का बखान करते नहीं थकते। उंचे-नीचे हरे पहाड़, रहस्य से भरे भूतिया ठूंठ, नीला आसमान, बीच में शीशे सी चमकती नदी। इन सबके बीच बैंगनी रंग के जोखू लिली के फूल, जो दूसरे सफ़ेद, पीले व लाल रंग के फूलों के साथ एक इंद्रधनुषी पेंटिंग तैयार करते हैं। जोखू लिली के फूल यहां के अलावा कहीं और नहीं मिलते और वह भी सिर्फ मानसून में। यहां पहुंचने का रास्ता थोड़ा मुश्किल जरूर है, लेकिन ‘स्वर्ग‘ कहां आसानी से दिखाई देता है। करीब एक घंटे की खड़ी चढ़ाई के बाद आगे बांस के झुरमुटों के बीच से करीब 3 घंटे की ट्रैकिंग के बाद आपको इस खूबसूरत वैली की पहली झलक देखने को मिलती है। यकीन मानिए छोटे-छोटे टीलों से दिखने वाले हरे पहाड़, रंग-बिरंगे फूल और उन पर पड़ती सूरज की किरणें आपको पहली नजर में ही मोह लेंगी। आप चाहें तो यहां पर रात भी बिता सकते हैं। पर्यटन विभाग की मदद से यहां पर रहने के लिए दो कमरे और एक किचन तैयार किया गया है, जहां आपको आधारभूत चीजें मिल जाएंगी। यहां कुछ पैसे खर्च कर आप बिस्तर, तकिया, कंबल सब कुछ पा सकते हैं। हालांकि आप चाहें तो अपना टेंट भी लगा सकते हैं। वैली में बहती नदी के किनारे कैंप लगाने का रोमांच अलग ही है। पिछले कई साल से गाइड की भूमिका निभा रहे निकोलस बताते हैं कि समुद्र तल से 2452 मीटर की उंचाई पर स्थित इस घाटी को लेकर बहुत सी कहानियां भी प्रचलित हैं। कुछ का मानना है कि घाटी के बहते पानी से कोई भी बीमारी ठीक हो सकती है। एक कहानी यह भी है कि इस घाटी के पीछे विशाल जंगल है, जहां सफ़ेद हाथी दिखाई देते हैं। यह बात और है कि आज तक किसी ने उन्हें नहीं देखा है! यही नहीं, कुछ किस्सों में तो यहां एक सुंदर महिला की आत्मा भी रहती है, जो यहां आने वाले पुरुषों को अपने वश में कर लेती है।

# पेट्रोलियम बचत और पर्यावरण संरक्षण के लिए जिला जज ने निकाली पदयात्रा, न्यायिक अधिकारी भी आगे आए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। पेट्रोलियम पदार्थों की बचत एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी की ओर से विशेष पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा जिला जज आवास (सेशन हाउस) से जनपद न्यायालय तक निकाली गई, जिसमें न्यायिक अधिकारी भी बढ़-चढ़कर शामिल हुए।

इस अवसर पर प्रतिमा श्रीवास्तव, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में पेट्रोलियम पदार्थों की बचत अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि छोटे-छोटे कार्यों के लिए पैदल अथवा साइकिल का उपयोग करें, ताकि ईंधन की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दिया जा सके।

उन्होंने बताया कि वैश्विक स्तर पर पेट्रोलियम और बिजली की बढ़ती समस्या को देखते हुए उन्होंने स्वयं पैदल न्यायालय आने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के पेट्रोल बचत संबंधी आह्वान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह पदयात्रा आयोजित की गई है। आगे भी न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी पैदल कचहरी आने का प्रयास करेंगे।

कार्यक्रम में शाम्भवी यादव सहित जनपद न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।



## किटूरी गांव में अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण

सिरौली गौसपुर बराबंकी।
खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने किटूरी गांव में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन किया। लगभग नौ लाख रुपये की लागत से बने इस भवन में राशन भंडारण की बेहतर व्यवस्था होगी। मंत्री ने राशन वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रधान संघ ने कार्यकाल बढ़ाने की उठाई मांग प्रधान संघ अध्यक्ष विकेश वर्मा के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर पंचायत चुनाव तक मौजूदा प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग की। प्रधानों ने कहा कि प्रशासक नियुक्त होने से विकास कार्य प्रभावित हो सकते हैं।

## श्रद्धा के साथ मनाई गई शनिदेव जयंती



निंदूरा बराबंकी। टिकैतगंज स्थित शनि देव मंदिर में शनिदेव जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर तेल अर्पित किया और परिवार की सुख-शांति की कामना की। मंदिर परिसर जय शनिदेव के जयकारों से गूंजता रहा।

# वेतन नहीं तो कार्य नहीं की नीति अपनाएंगे संविदा कर्मचारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ द्वारा लंबित मानदेय भुगतान की मांग को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। कर्मचारियों ने बताया कि मार्च और अप्रैल 2026 का मानदेय अब तक नहीं मिला है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। बच्चों की फीस, किताबें और दैनिक जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो रहा है।

संघ ने कहा कि इस गंभीर समस्या के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। मांग की गई कि 20 मई 2026 तक दोनों माह का लंबित मानदेय जारी किया जाए। अन्यथा 21 मई से प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर जिले के सभी संविदा कर्मचारी ळ्वेतन नहीं तो कार्य नहींङ्क की नीति अपनाते हुए कार्य बहिष्कार करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस संबंध में जिले की विभिन्न सीएचसी पर कर्मचारियों ने प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष आर.पी. सिंह, महामंत्री डॉ. रईस खान, मंडल अध्यक्ष डॉ. ज्ञानेंद्र भारती, सचिव महेंद्र कुमार, प्रवक्ता गौरी शंकर त्रिपाठी, भारतीय मजदूर संघ अध्यक्ष कमल किशोर मिश्रा, सिद्धार्थ, शैलेंद्र राज, समीर अहमद, राम अनुज सिंह, यशपाल सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# गंगा दशहरा पर नहवाई कुटी में निकली भव्य कलश यात्रा, श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ



निंदूरा, बाराबंकी। बिसई ग्राम पंचायत स्थित प्रसिद्ध नहवाई कुटी पर गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय श्रीराम महायज्ञ के शुभारंभ से पूर्व सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पीतांबर वस्त्र धारण किए महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर मंगलगीत गाते हुए यात्रा में हिस्सा लिया, वहीं श्रद्धालु भजनों पर नाचते-गाते जयकारे लगाते आगे बढ़ते रहे। कलश यात्रा यज्ञशाला स्थल से प्रारंभ होकर मोहनपुर, मिर्ज़ापुर, पकरियापुर, पीरानगर, रहीमाबाद, पहाड़पुर, जवाहरपुर और सीतलपुर होते हुए इंदिरा नहर पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जल भरने की रस्म संपन्न कराई गई। इसके बाद यात्रा पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंची। यात्रा के दौरान ढोल-नगाड़ों, डीजे और रंग-गुलाल से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया तथा पानी व शरबत का वितरण भी किया गया। अयोध्या धाम से आए शास्त्री सुशील पांडे ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना कराई। आयोजन हनुमानगढ़ी, अयोध्या धाम के महंत बाबा प्रेमदास जी महाराज के संयोजन में कराया जा रहा है। महायज्ञ के प्रथम दिन अयोध्या धाम से पधारे प्रवचक डॉ. महेश दास ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्म प्रसंग की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

इस अवसर पर मंदिर के महंत राणा दास, अतुल महाराज, यशोदानंदन, राकेश पहलवान, लक्ष्मण दास, विनोद दास, हिमांशु तिवारी, शिवदयाल सहित अयोध्या धाम से आए साधु-संत एवं क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# तीर्थ की मर्यादा और प्रशासन की संवेदना: महादेवा में जागी परिवर्तन की आस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश में तीर्थ स्थलों की पवित्रता बनाए रखने हेतु उनके समीप मदिरा बिक्री पर शासन द्वारा पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। बाराबंकी जनपद के देवा शरीफ श्रीकोटवाधाम व कुंतीश्वर महादेव जैसे प्रमुख तीर्थ स्थल इस नीति के प्रत्यक्ष उदाहरण हैं, जहाँ आबकारी विभाग ने न कोई लाइसेंस जारी किया, न ही दुकान खुलने दी। तत्कालीन सरकार के आबकारी मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा समीक्षा किया करते थे।

किंतु खेद का विषय है कि जनपद का ही प्राचीन एवं सुप्रसिद्ध शिवधाम 'लोधेश्वर महादेवा' आज भी इस नियम का अपवाद बना हुआ है। वर्षों से मंदिर के निकट संचालित शराब की दुकान न केवल शासनादेश की अवहेलना है, बल्कि लाखों श्रद्धालुओं की आस्था को भी ठेस पहुँचाती है।

''मेला समिति की बैठक में गूंजा जन-स्वर''

बीते सप्ताह अधिकमास मेले की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में यह मुद्दा प्रमुखता से उठा। उपस्थित सदस्यों ने आबकारी अधिकारी के समक्ष आग्रह किया कि मेले की शुचिता और शांति व्यवस्था हेतु कम से कम रविवार की रात्रि को ही दुकान बंद रखी जाए,पर आबकारी अधिकारी द्वारा बंदी अनुरोध को पूरी तरह से खारिज कर दिया गया।

जिलाधिकारी की सजगता बनी उम्मीद की किरण

इस प्रकरण में नवागत जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। बैठक के दौरान जब यह विषय उनके संज्ञान में आया, तो वे कुछ क्षणों के लिए गहन चिंतन में डूब गए। उनके माथे पर उभरी चिंता की रेखाएँ और मौन विचार-मग्नता स्वयं बता रही थी कि वे तीर्थ की मर्यादा के प्रति कितने संवेदनशील हैं।

जिलाधीश ईशान प्रताप सिंह की सादगी, प्रशासनिक दक्षता और कर्तव्यनिष्ठा जनपद में पहले से ही चर्चित है। उनका यह विचारमग्न होना कोई साधारण क्षण नहीं था, अपितु एक जिम्मेदार प्रशासक का अपनी अंतरात्मा से संवाद था। जनमत ने उनके चेहरे पर उभरे भावों को पढ़ लिया है। इसलिए अब एक सार्थक परिवर्तन की उम्मीद बँध गई है।

लोधेश्वर महादेवा शुश्रूषा न्यास वर्षों से इस विसंगति पर आपत्ति जताता रहा है, वर्ष 2013, 16 व वर्ष 2018 में मेला दौरान कई कई लोग असम में मृत्यु का आखेट बने। उपन्यास के महंत बीपी दास द्वारा प्रशासनिक तंत्र के खिलाफ उच्च न्यायालय का ध्यान आकर्षित कराया गया। मृतकों को मुआवजा अभी तक नहीं मिला। तात्पर्य प्रशासनिक उदासीनता के कारण समाधान नहीं निकला। किंतु अब जब जिले की कमान एक संवेदनशील, दूरदर्शी और धर्म-मर्यादा का सम्मान करने वाले अधिकारी के हाथों में है, तो विश्वास है कि महादेवा की पावन धरती शीघ्र ही इस कलंक से मुक्त होगी।

अंकुरित हुआ जन विश्वास

तीर्थ स्थल हमारी संस्कृति की आत्मा हैं। उनकी पवित्रता की रक्षा करना केवल कानून का पालन नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के प्रति हमारा नैतिक दायित्व है। जिलाधिकारी श्री ईशान प्रताप सिंह जैसे अधिकारियों की गहरी सोच और त्वरित निर्णय क्षमता ही व्यवस्था में विश्वास जगाती है। महादेवा के श्रद्धालुओं को अब पूर्ण विश्वास है कि उनकी आस्था का सम्मान होगा और धर्मस्थल की गरिमा अक्षुण्ण रहेगी।

## जय दुर्गा माँ स्वयं सहायता समूह को मिला राशन दुकान संचालन का दायित्व

मसौली बाराबंकी। ग्राम पंचायत मसौली में लंबे समय से रिक्त चल रही सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान का चयन सोमवार को आयोजित खुली बैठक में किया गया। ग्राम प्रधान नजमा अंसारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में जय दुर्गा माँ स्वयं सहायता समूह को राशन वितरण की जिम्मेदारी सौंपी गई। पूर्व कोटेदार राधेलाल बौद्ध की दुकान में अनियमितता मिलने पर करीब छह माह पहले कोटा निरस्त कर दिया गया था। इसके बाद कार्डधारकों को साधन सहकारी समिति से संबद्ध कर दिया गया था। उपजिलाधिकारी नवाबगंज के निर्देश पर आयोजित बैठक में 16 स्वयं सहायता समूहों को आमंत्रित किया गया था, जिनमें 8 समूहों ने हिस्सा लिया। गौरी स्वयं सहायता समूह को सार्वजनिक शौचालय तथा श्रीकृष्ण स्वयं सहायता समूह को ड्राई राशन की जिम्मेदारी पहले ही दी जा चुकी थी। अन्य समूहों की वरीयता पूरी न होने पर जय दुर्गा माँ स्वयं सहायता समूह का चयन किया गया। बैठक में प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत संजीव कुमार सिंह, ब्लॉक मैनेजर अनिल कुमार कनौजिया, सचिव सुधाकर सिंह, प्रधान प्रतिनिधि मुईन अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, सांसद तनुज पुनिया बोले– 'आम आदमी पर बढ़ता जा रहा आर्थिक बोझ'

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। बढ़ती महंगाई और बिगड़ती आर्थिक स्थिति को लेकर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर के सामने जोरदार प्रदर्शन किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन की अगुवाई में आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद तनुज पुनिया मौजूद रहे।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और महंगाई, पेट्रोल-डीजल व घरेलू गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर विरोध जताया। इस दौरान कुछ समय के लिए सड़क जाम जैसी स्थिति भी बनी रही। सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि वर्तमान समय में महंगाई चरम पर पहुंच चुकी है और आम आदमी का जीवन कठिन होता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के चलते आम जनता आर्थिक संकट से जूझ रही है। उन्होंने नोटबंदी, कोरोना काल की बंदी और ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए सरकार पर निशाना साधा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, लेकिन सरकार जनता की समस्याओं से आंखें मूंदे बैठी है। उन्होंने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई के कारण आम परिवारों पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है, जिससे सामाजिक और पारिवारिक समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं। प्रदर्शन में नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, सरजू शर्मा, केसी श्रीवास्तव, अजीत वर्मा, मोहम्मद इजहार, अजय रावत, जयंत गौतम, राम हरख रावत, अखिलेश वर्मा, राजकुमार सिंह, डिम्पल सिंह, सुशील वर्मा, मोइनुद्दीन अंसारी, मोहम्मद सफी, रमेश कश्यप, राकेश तिवारी, राजेश पाठक, सईस्ता अख्तर, पिंकी पांडेय, गोपी कनौजिया, श्रीकांत मिश्रा, राजेन्द्र गोस्वामी व केशवराम धीमान समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीजल पेट्रोल के दाम बढ़े भाकियू नाराज , सौपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। किसान समस्याओं को लेकर डीजल पेट्रोल खाद और के दामों में अधिक बढ़ोतरी और राजस्व की समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन हरपालगुट जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी के नेतृत्व में विशाल धरना प्रदर्शन गन्ना संस्थान बाराबंकी में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री कार्यालय घेराव करने के लिए गन्ना संस्थान से प्रस्थान कर दिया गन्ना संस्थान गेट पर भारी पुलिस बल के साथ नायब तहसीलदार राजीव कुमार वर्मा अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी सीओ सिटी संगम कुमार प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सुधीर कुमार सिंह थाना प्रभारी सतरिख डीके सिंह प्रभारी निरीक्षक मसौली अजय प्रकाश त्रिपाठी व प्रभारी निरीक्षक थाना माती अजय कुमार त्रिपाठी के साथ किसानों को शांत कराकर समस्याएं सुनी और खाद डीजल पेट्रोल के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन भेजा गया और तत्काल राजस्व व चकबंदी टीम को मुस्तफाबाद देसी के किसान आशीष मौर्य के यहां भेज कर भूमि की नाप कराई 34 वर्षों से चकबंदी होने के बाद भी आज तक किसानों को कब्जा परिवर्तन नहीं कराया गया था जिसमें आए दिन लड़ाई झगड़ा होता था और वही थाना मसौली क्षेत्र के मेढिया गांव के किसान भजाना की भूमि का मुकदमा चकबंदी में चल रहा था मुकदमा जीत जाने के बाद भूमि स्वामी को कब्जा नहीं करने दिया जा रहा था जिसमें 21 मई को कब्जा दिलाने जाएगी राजस्व और चकबंदी की टीम जाएगी नाप करके कब्जा दिलाएगा और पुलिस संबंधित समस्या को कल 19 तारीख भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधिमंडल को पुलिस अधीक्षक के समक्ष वार्ता की जाएगी जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी बताया कि एक तरफ की 2022 में सरकार किसानों की आय दुगनी करने की बात कर रही है लेकिन किसानों की नहीं हुई लेकिन उद्योगपतियों की और व्यापारियों की जरूर हो गई है और बताया कि 2024 और 2025 में गघ्ख खाद 1470 रुपए की थी अब इस समय 2050 की है एनपीके खाद और 2250 की है एनपी 1616 और 15 15 पर भी काफी बढ़ोतरी की गई है और किसानों का आलू माटी के भाव है लागत नहीं निकल पा रही है जिला अध्यक्ष ने बताया कि लागत मूल्य के हिसाब से सरकार को 50% बढ़ोतरी की जाना चाहिए एम एसपी की बढ़ोतरी की करनी चाहिए थी भारत सरकार लेकिन धान के समर्थन मूल्य पर मात्र 72 रुपया प्रति कुंतल बढ़ाया गया बड़ा ही चिंता का विषय है किसानों के लिए और बताया कि इधर डीजल पेट्रोल पर तीन-तीन रुपए बढ़ा दिए गए हैं यह किसानों और गरीब मजदूरों की कमर तोड़ने का काम किया है और गैस के दाम बढ़ाकर गरीब मजदूर के होटल और ढाबे बंद हो गए हैं किसान गरीब मजदूर भुखमरी की पर आ गया है भारत सरकार ने ब्लॉक अध्यक्ष फूलचंद बताया कि जल जीवन मिशन के तहत कुछ गांव में पानी अभी तक चालू नहीं हुआ है जिसमें ग्राम चंदौली में पानी सप्लाई चालू कराया जाए जिससे इस भीषण गर्मी में लोगों को पानी मिल सके तहसील अध्यक्ष सलमा बानो ने बताया कि थाना लोनी कटरा क्षेत्र में खड़ी मोटरसाइकिल का चलन करके गाड़ी सीज कर कर दिया मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी देवा ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञानवती जैद अंसारी अरविंद यादव ब्लॉक अध्यक्ष फूलचंद यादव अन्नू सिंह सलमा बानो आदर्श वर्मा मेवल रावत अनु सिंह जगन्नाथ वर्मा रावत नीरज कुमार मोहम्मद अजीम नरेंद्र यादव रामानंद यादव दीपू यादव राघवेंद्र रावत बबलू सैनी आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे ।

## बंद पड़े मकान से लाखों की चोरी, जेवरात व नकदी पार

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर कोतवाली क्षेत्र के कटहली बाग में बीती रात बंद पड़े मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि कटहली बाग निवासी जगदम्बा सिंह परिवार सहित एक कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गए थे। इसी दौरान चोरों ने सूने मकान में घुसकर करीब 40 हजार रुपये की नकदी और लगभग 35 लाख रुपये के जेवरात पार कर दिए। परिवार के वापस लौटने पर घर का सामान बिखरा मिला, जिसके बाद चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित की सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भाकियू हरपाल गुट का प्रदर्शन, राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। डीजल, पेट्रोल, खाद समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों और राजस्व संबंधी समस्याओं को लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन हरपाल गुट ने प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी के नेतृत्व में किसान गन्ना संस्थान परिसर से मुख्यमंत्री कार्यालय के घेराव के लिए रवाना हुए, लेकिन गन्ना संस्थान गेट पर भारी पुलिस बल ने उन्हें रोक लिया। मौके पर नायब तहसीलदार राजीव कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी, सीओ सिटी संगम कुमार सहित कई थाना प्रभारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने किसानों को शांत कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद किसानों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए डीजल, पेट्रोल और खाद की बढ़ती कीमतों पर नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान मुस्तफाबाद देसी निवासी किसान आशीष मौर्य की भूमि विवाद की शिकायत पर प्रशासन ने तत्काल राजस्व व चकबंदी टीम भेजकर भूमि की नाप कराई। जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती है, लेकिन किसानों को लागत तक नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि आलू के दाम बेहद कम हैं और खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है। उन्होंने फसलों के समर्थन मूल्य में लागत के अनुसार कम से कम 50 प्रतिशत बढ़ोतरी की मांग उठाई।

## तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से वृद्ध की मौत

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शनिवार सुबह बिंदौरा चौराहे के पास सड़क हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के बड़ा गांव निवासी 72 वर्षीय अब्दुल अली उर्फ मुन्ना अपनी एक्सएल बाइक से रामनगर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आए ऑटो (यूपी 41 सीटी 4623) ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल वृद्ध को डायल 112 की मदद से सीएचसी बड़ागांव पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार और गांव में शोक का माहौल है।

## पुरुषोत्तम मास कर से महादेवा में युद्धस्तर पर तैयारियां

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रविवार से शुरू हो रहे पुरुषोत्तम मास को लेकर लोधेश्वर महादेवा धाम में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। जिला व तहसील प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी मेला व्यवस्था में जुटे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सड़क किनारे बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था और अभरण तालाब की सफाई का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है।
लोधेश्वर महादेवा से केसरीपुर तक रोशनी की व्यवस्था की गई है, जबकि मोहनिया नाले की भी सफाई कराई गई है। हालांकि अभरण तालाब में पानी की कमी चिंता का विषय बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब में पानी न भरने से गर्मी में जीव-जंतु प्रभा 17 मई से 15 जून तक चलने वाले पुरुषोत्तम मास में बड़ी संख्या में शिवभक्त जलाभिषेक और परिक्रमा के लिए पहुंचेंगे। कई श्रद्धालु दंडवत परिक्रमा करते हुए श्री लोधेश्वर महादेवा धाम पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप का अवसर

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी द्वारा विधि के छात्र-छात्राओं के लिए 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश एवं माननीय जनपद न्यायाधीश के आदेश के अनुपालन में संचालित किया जा रहा है। इंटर्नशिप में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी 29 मई 2026 तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया, पात्रता एवं अन्य जानकारी के लिए कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उज्ज्वल उपाध्याय ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विधि छात्रों को न्यायिक व्यवस्था एवं विधिक सेवाओं की कार्यप्रणाली से व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना,आवेदन की तिथि बढ़ी, 30 मई तक करें आवेदन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश सरकार द्वारा संघ लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रतिभावान एवं मेहनती छात्र-छात्राओं के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत जनपद मुख्यालय पर निःशुल्क ऑफलाइन कोचिंग संचालित की जा रही है। यह कोचिंग राजकीय जिला पुस्तकालय एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बाराबंकी में संचालित है। कोचिंग केंद्रों में प्रवेश हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 16 मई 2026 निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 30 मई 2026 कर दिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी ऑफलाइन आवेदन पत्र आवश्यक अभिलेखों सहित जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन बाराबंकी में जमा कर सकते हैं। सिविल सेवा परीक्षाओं हेतु वे छात्र-छात्राएं पात्र होंगे जिन्होंने स्नातक अंतिम वर्ष में प्रवेश ले लिया हो अथवा स्नातक उत्तीर्ण कर लिया हो। वहीं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए इंटरमीडिएट में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

## तनुज ने किया स्वास्थ्य योजना का शुभारंभ

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सांसद तनुज पुनिया ने कस्बा टिकैतगंज स्थित मेडोप्लस क्लिनिक के प्रथम स्थापना दिवस पर वार्षिक पारिवारिक स्वास्थ्य योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने क्लिनिक में उपलब्ध आधुनिक एक्स-रे, ईसीजी, डेंटल व डे-केयर सुविधाओं का निरीक्षण कर कम शुल्क में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयास की सराहना की।स्कीम के तहत 999 रु वार्षिक शुल्क पर एक परिवार के आठ सदस्य पूरे वर्ष चिकित्सकों से असीमित परामर्श ले सकेंगे। साथ ही पैथोलॉजी जांच, दवाइयों और उपचारों पर विशेष छूट भी मिलेगी। इस दौरान क्षेत्रीय कोई तीन दर्जन से अधिक प्रधानों ने भी क्लिनिक का भ्रमण कर सेवाओं की जानकारी ली साथ ही कई प्रधानों ने सदस्यता भी ग्रहण की।

## 18 मई को भाकियू का धरना प्रदर्शन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय किसान यूनियन हरपाल गुट की आपात बैठक जिला कार्यालय गनौरा में जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 18 मई को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रस्तावित धरना प्रदर्शन की तैयारियों की समीक्षा की गई। जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने कहा कि कई बार मांग पत्र देने के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने मुस्तफाबाद देसी में चक परिवर्तन, जल जीवन मिशन के तहत गांवों में पानी सप्लाई शुरू कराने तथा जिला अस्पताल में हार्ट विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि 18 मई को किसान गन्ना संस्थान में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री कार्यालय के घेराव के लिए रवाना होंगे। बैठक में अरविंद यादव, फूलचंद यादव, शिव मोहन वर्मा, अन्नू सिंह, सलमा बानो सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## वट सावित्री व्रत पर महिलाओं ने की बरगद पूजा

निंदूरा क्षेत्र के टिकैतगंज। कुर्सी, बाबागंज सहित आसपास गांवों में शनिवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने बरगद वृक्ष की पूजा कर पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर कच्चा सूत बांधा और व्रत कथा का श्रवण किया।

## ग्राम विकास योजना पर खुली बैठक में उठे कई मुद्दे

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी । क्षेत्र के रामपुर भवानीपुर गांव में ग्राम पंचायत विकास योजना को लेकर खुली बैठक आयोजित हुई। बैठक में बिजली, पानी, सड़क, साफ-सफाई, शौचालय और शिक्षा व्यवस्था जैसी समस्याओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों और प्रशिक्षकों ने ग्रामीणों से विकास कार्यों के लिए सुझाव मांगे।

## सरयू नदी में डूबे युवक का शव बरामद

सूरतगंज बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र में सरयू नदी में नहाने के दौरान डूबे सीतापुर निवासी मुकेश पासी का शव शनिवार सुबह गोताखोरों ने बरामद कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक निर्माण कार्य के दौरान साथियों के साथ नदी में नहाने गया था।

## दो बाल वैज्ञानिक और शिक्षक सम्मानित

बाराबंकुकैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय जागरण मंच और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा बाल वैज्ञानिक पूजा पाल और मान्या श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। उनके शिक्षक राजीव श्रीवास्तव को भी नवाचार कार्यों के लिए सम्मान प्रदान किया गया।





## एलएसजी के खिलाफ करो या मरो मुकाबले में हर विभाग में सुधार करना होगा राजस्थान रॉयल्स को

एजेंसी

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स को अगर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीदों को बरकरार रखना है तो उसे लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में खेल के हर विभाग में सुधार करना होगा। रॉयल्स ने अपने घरेलू मैदान सवाई मानसिंह स्टेडियम में अभी तक एक भी मैच नहीं जीता है और यहां होने वाला अंतिम मैच घरेलू टीम के लिए करो या मरो जैसा बन गया है। रॉयल्स इसके बाद लीग चरण के अपने अंतिम मैच में मुंबई इंडियंस का सामना करेगा। रॉयल्स को रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ निचले क्रम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों की खराब प्रदर्शन के कारण हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा उसकी फील्डिंग भी अच्छी नहीं रही थी। रॉयल्स की टीम अच्छी शुरुआत के लिए 15 वर्षीय वैभव



सूर्यवंशी पर काफी हद तक निर्भर रही है, लेकिन इस युवा खिलाड़ी को दूसरे छोर से यशस्वी जायसवाल से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला है। ध्रुव जुरेल ने कुछ शानदार पारियां खेली हैं, लेकिन पिछले मैच में उन्होंने कुछ धीमी पारी खेली जबकि दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे। कप्तान रियान पराग ने हाल के मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह चाहेंगे कि उनकी टीम आखिरी पांच ओवरों में बल्लेबाजी में और अधिक सटीक प्रदर्शन करे। आईपीएल के मौजूदा सत्र में अधिकतर टीम की फील्डिंग अच्छी नहीं रही है और उन्होंने कई कैच छोड़े हैं। राजस्थान रॉयल्स भी इन टीमों में शामिल है जिसने कुछ अच्छे मौके गंवाए हैं। दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद पराग ने टूर्नामेंट के अंतिम चरण में टीम के अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाने पर निराशा व्यक्त की थी। पराग ने कहा, ''फील्डिंग खराब थी। अगर हम इसी तरह खेलते रहे तो हमें शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में नहीं होना चाहिए। अब अगर हम क्वालीफाई नहीं कर पाते हैं तो यह हमारी गलती होगी किसी और की नहीं। एलएसजी की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। वह अब बिना किसी दबाव के खेल रही है जिसका नमूना पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मिली जीत में देखने को मिला। उसे राजस्थान रॉयल्स के बाद अपने आखिरी लीग मैच में पंजाब किंग्स का सामना करना है। उसकी टीम इन दोनों टीमों के समीकरण बिगाड़ने के लिए प्रतिबद्ध होगी। बल्लेबाजी एलएसजी की सबसे कमजोर कड़ी रही है, लेकिन मिचेल मार्श ने सीएसके के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया जिससे टीम जीत हासिल करने में सफल रही। वह अपना इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखकर इस सत्र का सकारात्मक अंत करना चाहेगी।

## अफगानिस्तान श्रृंखला के लिए भारतीय टीम: बुमराह के कार्यभार और रोहित की फिटनेस पर नजरें

एजेंसी

गुवाहाटी। अफगानिस्तान के खिलाफ अगले महीने होने वाली एकमात्र टेस्ट और तीन वनडे मैचों की श्रृंखला के लिए मंगलवार को जब राष्ट्रीय चयनकर्ता भारतीय टीम का चयन करेंगे, तब तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के कार्यभार प्रबंधन (खिलाड़ियों को चोट से बचाने के लिए शारीरिक और मानसिक दबाव को नियंत्रित करने की प्रक्रिया) और रोहित शर्मा की मैच फिटनेस पर विशेष चर्चा होगी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का फाइनल 31 मई को अहमदाबाद में खेला जाना है, जबकि एक सप्ताह से भी कम समय के अंतराल पर 6 जून से मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़) में अफगानिस्तान दौरे का एकमात्र टेस्ट मैच खेला जाएगा। वनडे मैच धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में क्रमशः 14, 17 और 20 जून को खेले जाएंगे। इस बात की संभावना कम है कि बुमराह को दोनों प्रारूपों के लिए चुना जाएगा, क्योंकि वनडे में उन्हें तुरंत खिलाने की कोई जल्दबाजी नहीं है। 50 ओवर का विश्व कप अभी काफी दूर है (अक्टूबर-नवंबर 2027)। वहीं, रोहित शर्मा की फिटनेस भी चिंता का विषय बनी हुई है। आईपीएल के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट के कारण वह मुंबई इंडियंस के कई मुकाबलों से बाहर रहे थे। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में भी उन्होंने केवल 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में बल्लेबाजी की थी। ऐसे में चयनकर्ता उन्हें तभी टीम में शामिल करेंगे, जब वह पूरी तरह फिट होंगे। दूसरी ओर, विराट कोहली ने आईपीएल में शानदार फॉर्म दिखाकर अपनी उपयोगिता फिर साबित की है। रोहित की तरह अब केवल एक प्रारूप खेलने वाले कोहली के अफगानिस्तान के खिलाफ तीनों वनडे मैचों में खेलने की पूरी संभावना है। सबसे अधिक महत्व एकमात्र टेस्ट मुकाबले को दिया जा रहा है, क्योंकि हाल के समय में भारतीय टीम पारंपरिक प्रारूप में, खासकर घरेलू परिस्थितियों में, संघर्ष करती नजर आई है। बल्लेबाजों की स्पिन-अनुकूल पिचों पर कमजोरियां लगातार सामने आई हैं। पिछले वर्ष नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में यह समस्या खुलकर उजागर हुई थी। चेतेश्वर पुजारा के बाद टेस्ट टीम में नंबर तीन बल्लेबाजी क्रम अब तक स्थिर नहीं हो पाया है। साई सुदर्शन को अवसर मिले, लेकिन वह अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके। अब उम्मीद जताई जा रही है कि देवदत्त पडिक्कल को घरेलू सत्र की शुरुआत से लगातार मौके दिए जाएंगे। जम्मू-कश्मीर को ऐतिहासिक रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने वाले आकिब नबी भी चयनकर्ताओं की चर्चा का हिस्सा बन सकते हैं। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे सत्र में 60 विकेट हासिल किए थे। आईपीएल में अपनी तेज रफ्तार और सटीक गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले प्रिंस यादव को वनडे श्रृंखला में आजमाया जा सकता है। बुमराह अगर टीम का हिस्सा नहीं होते हैं, तो मोहम्मद सिराज आक्रमण की अगुवाई करते नजर आ सकते हैं। प्रसिद्ध कृष्णा के भी टीम में शामिल होने की संभावना है।

## राजस्थान रॉयल्स अपनी पूरी क्षमता से खेले तो किसी भी टीम को हरा सकता है: राठौड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि अगर उनकी टीम अपनी पूरी क्षमता से खेल तो वह किसी भी टीम को हरा सकती है और इसलिए वह अब भी आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंचने की प्रबल दावेदार है। राजस्थान रॉयल्स के अभी 12 अंक हैं और वह छठे स्थान पर है। वह अपने बाकी बचे दो मैच लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलेगा। राठौड़ ने दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद संवाददाताओं से कहा, ''हम प्रत्येक मैच को जीतने की रणनीति बना रहे हैं। हमारे लिए हर मैच महत्वपूर्ण है और हम जीतने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हमें अब दोनों मैच जीतने ही होंगे। हमारा मानना ??है कि अगर हम अपनी पूरी क्षमता से खेलें तो किसी भी टीम को हरा सकते हैं। यही हमारी सोच है। हमें मैदान पर उतरकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। राठौड़ ने ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के बारे में बताया कि घुटने में हल्की चोट के कारण एहतियात के तौर पर उन्हें आराम देने का फैसला किया गया। उन्होंने कहा, ''उनके घुटने में हल्की चोट थी। उन्हें लगा कि अगर हम उन्हें एक और मैच का आराम दें तो यह उनके लिए अच्छा होगा। इसीलिए उन्हें आज आराम दिया गया। टीम के युवा बल्लेबाजों का समर्थन करते हुए राठौड़ ने कहा कि खिलाड़ियों को दूसरों की नकल करने की कोशिश करने के बजाय अपनी व्यक्तिगत क्षमता पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''अलग-अलग खिलाड़ी अलग-अलग तरह से बल्लेबाजी करते हैं। कोई भी सफल हो सकता है। आपको अपनी ताकत को पहचानना और समझना होगा। अगर आप अपनी ताकत पर भरोसा करते हैं और उसी के अनुसार खेलते हैं तो आप रन बना सकते हैं।''

## लखनऊ में सफल मैराथन आयोजन संपन्न

### आयोजन समिति ने पुलिस प्रशासन एवं सहयोगी संस्थाओं का जताया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता





लखनऊ। शहर में आयोजित सफल मैराथन कार्यक्रम के उपरांत आयोजन संस्था एनीटाइम फिटनेस सुषांत गोल्फ सिटी की ओर से सहायक पुलिस आयुक्त Rishabh Yadav, चौकी प्रभारी Shivkant Tiwari एवं सहयोगी संस्था डेकाथलॉन का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

मैराथन में बड़ी संख्या में युवाओं, खिलाड़ियों एवं फिटनेस प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं प्रतिभागियों की सुविधा हेतु पुलिस प्रशासन का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। आयोजकों ने कहा कि सहायक पुलिस आयुक्त ऋषभ यादव एवं चौकी प्रभारी शिवकांत तिवारी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। डेकाथलॉन द्वारा प्रतिभागियों को खेल एवं स्वास्थ्य संबंधी सहयोग प्रदान किया गया, वहीं एनीटाइम फिटनेस के आयोजकों ने स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## एफसीआई 50,000 करोड़ रुपये का अल्पकालिक ऋण जुटाएगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) तीन महीने की अवधि के लिए अनुसूचित बैंकों से 50,000 करोड़ रुपये का अल्पकालिक ऋण जुटाने जा रहा है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसमें अतिरिक्त 25,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए 'ग्रीन शू' विकल्प भी शामिल है। यह धनराशि खाद्यान्न की खरीद एवं वितरण से उत्पन्न नकदी प्रवाह असंतुलन को पाटने के लिए जुटाई जा रही है। इस संबंध में जमा निविदाएं 22 मई को खोली जाएंगी। अधिकारी ने बताया कि निविदा के तहत कुल उधारी किसी भी समय 75,000 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होगी। यह अल्पकालिक ऋण बिना किसी प्रतिभूति के आधार पर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि खाद्य ऋण के लिए एफसीआई को उपलब्ध भारत सरकार की 6,000 करोड़ रुपये की




गारंटी इन उधारियों पर लागू नहीं होगी। निविदा की शर्तों के अनुसार, प्रस्ताव 31 अगस्त तक वैध रहने चाहिए और ऋण वितरण एफसीआई की परिचालन आवश्यकताओं के अनुसार चरणों में किया जाएगा। एफसीआई राशन कार्ड धारकों और कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को खाद्यान्न की खरीद एवं वितरण से जुड़ी सरकार की नोडल एजेंसी है। एफसीआई अभी सक्रिय गेहूं खरीद सत्र आयोजन कर रही है। चालू विपणन सत्र 2026-27 (मार्चऽअप्रैल) में एफसीआई और राज्य एजेंसियों ने अब तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से कुल 2.297 करोड़ टन गेहूं की खरीद की है। खरीद में पंजाब 1.051 करोड़ टन के साथ सबसे आगे है। इसके बाद सूची में मध्य प्रदेश (67.2 लाख टन), हरियाणा (25.8 लाख टन) और राजस्थान (17.7 लाख टन) का स्थान है। सरकार ने 2026-27 के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 3.449 करोड़ टन तय किया है।

## डब्ल्यूपीएल की टीम का भी मालिक बनना चाहता है पंजाब किंग्स

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भले ही महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का तत्काल विस्तार नहीं करना चाहता हो, लेकिन आईपीएल टीम पंजाब किंग्स के सह-मालिक मोहित बर्मन का कहना है कि फ्रेंचाइजी चार सत्र पुराने इस टूर्नामेंट में किसी समय एक टीम का मालिक बनना पसंद करेगी। वर्तमान में डब्ल्यूपीएल में आईपीएल फ्रेंचाइजी के स्वामित्व वाली तीन टीम मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स हैं। बीसीसीआई की मौजूदा पांच टीमों वाली डब्ल्यूपीएल में और टीमें जोड़ने की कोई तत्काल योजना नहीं है, लेकिन बर्मन वैश्विक स्तर पर इस खेल के विकास को लेकर आशान्वित हैं और इसलिए महिला लीग से भी जुड़ना चाहते हैं। पंजाब किंग्स में 48 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले बर्मन ने पीटीआई से कहा, ''डब्ल्यूपीएल ने बहुत कम समय में ही महिला क्रिकेट में एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में अपनी पहचान बना ली है। महिला क्रिकेट की प्रगति शानदार रही है। हमने शुरू में महिला क्रिकेट में निवेश नहीं किया और इसे अविश्वास के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''व्यक्तिगत रूप से मुझे लगता है कि महिला क्रिकेट का भविष्य बेहद उज्ज्वल है। हम एक महिला आईपीएल टीम (डब्ल्यूपीएल) के मालिक बनना चाहेंगे। बर्मन का मानना है कि डब्ल्यूपीएल और भारतीय महिला टीम की हालिया सफलता ने लोगों में काफी रुचि पैदा की है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने पिछले साल पहली बार महिला वनडे विश्व कप जीता था और उसे अगले महीने इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्व कप में भी खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। बर्मन ने कहा, ''आज की युवा लड़कियां महिला क्रिकेटरों का प्रमुख खेल हस्तियों और सक्षम पेशेवर खिलाड़ियों के रूप में अनुसरण कर सकती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय मूल के आरोन राय ने तीन शॉट से पीजीए चैंपियनशिप जीतकर रचा इतिहास

**न्यूटाउन स्क्वायर।** भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय ने अंतिम दौर में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए तीन शॉट से पीजीए चैंपियनशिप जीतकर नया इतिहास रच दिया। वह पिछली एक सदी से भी अधिक समय में इंग्लैंड में जन्मे पहले ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने यह प्रतियोगिता जीती है। राय पहले फॉर्मूला वन ड्राइवर बनना चाहते थे लेकिन बाद में उन्होंने गोल्फ को अपनाया। राय इस टूर्नामेंट में भाग लेने से पहले विश्व रैंकिंग में 44वें स्थान पर थे लेकिन अब वह 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह 31 वर्षीय खिलाड़ी एक समय तीन शॉट से पीछे चल रहा था लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। राय ने पार-5 वाले नौवें होल पर 40 फुट का ईगल पुट लगाया। इसके बाद भी उन्होंने अपना अच्छा खेल जारी रखा और पांच अंडर 65 के स्कोर के साथ समापन किया। उन्होंने कुल नौ अंडर का स्कोर बनाकर तीन शॉट से खिताब जीता। राय का इससे पहले किसी मेजर टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तीन बार संयुक्त 19वें स्थान पर रहना था। उन्होंने अपने 13वें प्रयास में यह चैंपियनशिप जीती। वह पीजीए चैंपियनशिप जीतने वाले इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले जिम बार्न्स ने 1916 और 1919 में यह खिताब जीता था। राय की जीत ने पीजीए चैंपियनशिप में अमेरिकी खिलाड़ियों की लगातार 10 वर्षों की जीत के सिलसिले को भी समाप्त कर दिया। राय के माता-पिता भारतीय मूल के हैं और उनकी पत्नी गौरिका भारत की एक पेशेवर गोल्फर हैं। राय से पहले पीजीए चैंपियन बनने वाले भारतीय मूल के पहले खिलाड़ी विजय सिंह थे। फिजी के इस खिलाड़ी ने दो बार पीजीए चैंपियनशिप जीती थी। उन्होंने कहा, ''यह खिताब मेरी कल्पना से परे है।' राय को इस जीत से पीजीए टूर पर पांच साल की छूट मिल गई है। अब वह मास्टर्स, यूएस ओपन और ब्रिटिश ओपन में खेल सकते हैं। वह अब जीवन भर पीजीए चैंपियनशिप में खेल सकते हैं। राय ने कहा, ''गोल्फ एक अद्भुत खेल है। यह आपको बहुत कुछ सिखाता है। यह आपको बहुत विनम्रता, अनुशासन और अथक परिश्रम करना सिखाता है क्योंकि इस खेल में कुछ भी मुफ्त में नहीं मिलता है।

### जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने जेएसडब्ल्यू स्टील के 2.5 करोड़ शेयर 3150 करोड़ रुपये में बेचे

**नयी दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड के 2.5 करोड़ शेयर 3,150 करोड़ रुपये में बेचने की सोमवार को घोषणा की। यह लेनदेन 18 मई को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड पर थोक सौदे के जरिये किया गया। शेयर बाजार को दी सूचना के अनुसार, इस लेनदेन के बाद कंपनी के पास जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड के 4,50,38,350 शेयर शेष रह गए हैं। कंपनी ने रणनीतिक नकदी सृजन के तहत 18 मई को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड पर थोक सौदे के जरिये जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड के 2.5 करोड़ शेयर (प्रत्येक का अंकित मूल्य एक रुपये) बेचे। इससे उसे 3,150 करोड़ रुपये की सकल प्राप्ति हुई। कंपनी ने कहा कि जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी के एक हिस्से का मुद्रीकरण न केवल विकास रणनीति को आगे बढ़ाने के लिए पूंजी उपलब्ध कराता है बल्कि नियोजित पूंजी पर प्रतिफल में भी सुधार करता है। इससे अनुशासित पूंजी आवंटन और शेयरधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजन के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता मजबूत होती है।

### भूटान में 5,000 मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा क्षमता के लिए टाटा पावर-डीजीपीसी के बीच समझौता

**नयी दिल्ली।** टाटा पावर ने भूटान में 5,000 मेगावाट स्वच्छ ऊर्ज़ा क्षमता विकसित करने के लिए प्रशिक्षण ढांचा तैयार करने हेतु ड्रुक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन (डीजीपीसी) के साथ एक प्रारंभिक समझौता किया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम टाटा पावर स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (टीपीएसडीआई) के माध्यम से संचालित किए जाएंगे। टाटा पावर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक प्रवीर सिन्हा ने कहा, '' डीजीपीसी के साथ यह साझेदारी भूटान के बढ़ते स्वच्छ ऊर्ज़ा क्षेत्र के लिए भविष्य के अनुरूप प्रतिभा परिवेश तैयार करने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। डीजीपीसी के प्रबंध निदेशक दाशो छेवांग रिनजिन ने कहा कि यह समझौता भूटान में 5,000 मेगावाट स्वच्छ ऊर्ज़ा क्षमता विकसित करने की मौजूदा साझेदारी के तहत स्थानीय क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक व्यावहारिक कदम है।

## कच्चे माल की कमी से पटसन उद्योग संकट में, पश्चिम बंगाल की नई सरकार से हस्तक्षेप की मांग

कोलकाता। कच्चे पटसन की भारी कमी और कीमतों में तेज उछाल के बीच पश्चिम बंगाल के पटसन मिल मालिकों ने बड़े पैमाने पर मिल बंद होने एवं रोजगार पर इसके असर पड़ने की आशंका के बीच राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत नई सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। इंडियन जूट मिल्स एसोसिएशन (आईजेएमए) के सूत्रों के अनुसार, हुगली औद्योगिक क्षेत्र में कम से कम 14 मिलों ने या तो संचालन रोक दिया है या कच्चे पटसन (जूट) की कमी एवं अव्यवहार्य लागत के कारण वे उत्पादन में गंभीर बाधा का सामना कर रही हैं। आईजेएमए के एक पूर्व चेयरमैन ने कहा, '' जूट बेलर्स एसोसिएशन (जेबीए) की दर 17,100 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर है, व्यापार पर रोक लगी है और नई फसल आने में अभी 10 सप्ताह बाकी हैं। ऐसे में बंगाल की मिलों से बिना कच्चे माल के संचालन करने को कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मिल मालिकों को उम्मीद है कि नई सरकार ''शेष भंडार जारी करने, आपातकालीन आयात की अनुमति देने और मिल को सहारा देने के लिए व्यवहार्य मूल्य दायरा बहाल करने'' के लिए कदम उठाएगी। इसमे क्षेत्र में करीब दो लाख श्रमिक कार्यरत हैं। मिल मालिकों के अनुमान के अनुसार आंशिक बंदी, उत्पादन में कटौती और अनियमित संचालन के कारण उत्तर 24 परगना और हुगली जिलों सहित आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में करीब 75,000 श्रमिक पहले ही ''अनैच्छिक बेरोजगारी'' का सामना कर रहे हैं। उद्योग प्रतिनिधियों ने कहा कि पिछले चार महीनों में संकट तेजी से बढ़ा है। केंद्रीय वस्त्र सचिव को दिए एक ज्ञापन में जेबीए ने कहा कि व्यापार प्रतिबंध और किसी आधिकारिक मानक दर के अभाव ने बाजार को ''पूर्ण अनिश्चितता'' में डाल दिया है जिससे मिल के लिए खरीद लागत का आकलन करना एवं पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करना मुश्किल हो गया है।

## सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, फीकी पड़ी सोना और चांदी की चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सांकेतिक गिरावट का रुख बना हुआ है। भाव में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर हिस्सों में 24 कैरेट सोना आज 1,56,920 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,43,840 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,47,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह, चांदी के भाव में भी आज लगातार चौथे दिन कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,79,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,57,070 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत



1,43,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,56,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,56,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,43,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,47,490 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,56,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,56,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,43,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,57,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,56,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,43,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,57,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,43,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# बंगाल : जून से धर्म आधारित कल्याणकारी योजनाएं बंद करेगी भाजपा सरकार

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की नवनिर्मित भाजपा सरकार ने घोषणा की है कि राज्य में धर्म पर आधारित सभी सरकारी कल्याणकारी योजनाएं जून से बंद कर दी जायेंगी। सरकार ने महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और अन्नपूर्णा भंडार योजना एक जून से शुरू करने की घोषणा की।

यह निर्णय मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की अध्यक्षता में नबन्ना में आयोजित नई सरकार की दूसरी मंत्रिमंडल बैठक में सोमवार को लिया गया। नयी अन्नपूर्णा भंडार योजना के तहत, राज्य की भाजपा सरकार पात्र महिलाओं को हर महीने 3000 रुपए देगी। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में सोमवार को 'नबन्ना' में आयोजित नयी सरकार की दूसरी कैबिनेट बैठक के बाद इस फैसले की घोषणा की गयी। बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में महिला एवं बाल विकास मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने बताया, ''सूचना एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग तथा अल्पसंख्यक कार्य एवं मदरसा शिक्षा विभाग की ओर से धार्मिक वर्गीकरण के आधार पर चलायी जा रही सभी अनुदान योजनाएं अगले महीने से बंद कर दी जायेंगी। सुश्री अग्निमित्रा ने कहा, ''इन योजनाओं के तहत लाभ मौजूदा मई महीने के लिए जारी रहेगा, लेकिन जून से इन्हें पूरी तरह बंद कर दिया जायेगा। इस फैसले के संबंध में जल्द ही विस्तृत अधिसूचना जारी की जायेगी।'' हालांकि, मंत्री ने स्पष्ट किया कि दुर्गा पूजा समितियों को दिए जाने वाले अनुदान के संबंध में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इस घोषणा को राज्य में कार्यभार संभालने के कुछ ही दिनों के भीतर भाजपा सरकार के लिए गए सबसे बड़े नीतिगत निर्णयों में से एक के रूप में देखा जा रहा है। विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान, भाजपा ने तत्कालीन तृणमूल कांग्रेस सरकार पर कथित 'तुष्टीकरण की राजनीति' को लेकर

**महिलाओं के खाते में एक जून से 3000 रुपए देगी शुभेंदु सरकार**

बार-बार हमला बोला था और 'भत्ता नॉय, भात चाई' (भत्ता नहीं, रोजगार चाहिए) का नारा दिया था। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, इस ताजा फैसले से पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कार्यकाल के दौरान शुरू की गयी कई हाई-प्रोफाइल कल्याणकारी योजनाओं पर असर पड़ने की संभावना है। इनमें हिंदू पुरोहितों, इमामों और मोअज्जिमों को दिया जाने वाला मासिक भत्ता भी शामिल है। पिछली सरकार की योजना के ढांचे के तहत इमामों को 3,000 रुपये का मासिक भत्ता मिल रहा था, जबकि मोअज्जिमों को 1,500 रुपये मिलते थे। हिंदू सनातन ब्राह्मण पुजारियों या पुरोहितों को भी 1,500 रुपये का मासिक भत्ता मिल रहा था। आर्थिक रूप से कमजोर पुजारी इसके अलावा 'बांग्ला आवास योजना' योजना के तहत आवास लाभ के भी योग्य थे। इस नीति की शुरुआत अप्रैल 2012 से हुई थी, जब ममता बनर्जी सरकार ने विशेष रूप से इमामों और मोअज्जिमों के लिए मासिक मानदेय की शुरुआत की थी। इस कदम के कारण बाद में राजनीतिक विवाद और कानूनी चुनौतियां पैदा हुईं। सितंबर 2013 में, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मुस्लिम धर्मगुरुओं को भत्ते के सीधे भुगतान को एक टिप्पणी करते हुए खारिज कर दिया था कि जनता के टैक्स के पैसे का इस्तेमाल किसी विशेष धार्मिक समुदाय के लिए भेदभावपूर्ण तरीके से नहीं किया जा सकता है। अदालत के इस आदेश के बाद राज्य सरकार ने इमामों और मोअज्जिमों के भत्ते को पश्चिम बंगाल वक्फ बोर्ड के माध्यम से देना शुरू कर दिया था। कथित अल्पसंख्यक तुष्टीकरण को लेकर विपक्षी दलों, विशेष रूप से भाजपा की ओर से लगातार हो रही आलोचना के बीच तृणमूल कांग्रेस सरकार ने बाद में सितंबर 2020 में गरीब हिंदू पुजारियों के लिए एक अलग मासिक भत्ते की शुरुआत कर इस योजना का दायरा बढ़ा दिया था। भाजपा नेतृत्व लगातार यह तर्क देता रहा था कि धर्म आधारित वित्तीय अनुदान योजनाओं ने राज्य की अर्थव्यवस्था को कमजोर किया है और भेदभावपूर्ण शासन को बढ़ावा दिया है। सोमवार को कैबिनेट के इस फैसले को नयी सरकार के व्यापक प्रशासनिक और वित्तीय पुनर्गठन के एजेंडे का संकेत देने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है, जो उसके अनुसार 'गैर-भेदभावपूर्ण शासन' पर केंद्रित है। अधिकारियों ने संकेत दिया कि सरकार अपना ध्यान रोजगार सृजन, बुनियादी ढांचे के विकास और धार्मिक पहचान से न जुड़ी व्यापक कल्याणकारी नीतियों की ओर ले जाना चाहती है। आने वाले दिनों में इस फैसले से पूरे राज्य में, खासकर इन योजनाओं के लाभार्थियों और विपक्षी दलों के बीच तीखी राजनीतिक बहस छिड़ने की आशंका है।

## भारत रूस से निरंतर खरीद रहा है तेल, अमेरिकी प्रतिबंधों से पहले भी और बाद में भी : सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होने के बीच भारत ने स्पष्ट किया है कि वह रूस से निरंतर तेल खरीदता रहा है और यह खरीद प्रतिबंधों से पहले, प्रतिबंधों में छूट के दौरान भी और अभी भी जारी है। भारत ने कहा है कि देश की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी खरीद के समय व्यावसायिक यानी बाजार के दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर निर्णय लेती हैं।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न स्थिति की जानकारी देने के लिए बुलाये गये संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है और विभिन्न स्रोतों से खरीद के माध्यम से तेल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। सुश्री शर्मा ने भारत की रूस से तेल खरीद पर अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट के समाप्त होने के बाद वहां से तेल खरीद के बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि भारत रूस से पहले से ही तेल खरीद रहा है यानी छूट से पहले भी, छूट के दौरान भी और अब भी। संयुक्त सचिव ने कहा कि भारत में तेल कहां से खरीदा जाना है इसका निर्णय बाजार की स्थिति को ध्यान में रखकर लिया जाता है। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल की आपूर्ति बराबर सुनिश्चित की जा रही है और यह छूट हो या न हो इससे प्रभावित नहीं होती। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने भारत के रूस से तेल खरीदने पर प्रतिबंध लगा रखा है लेकिन पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए अमेरिका ने इन प्रतिबंधों में छूट दी थी जो 16 मई को समाप्त हो गयी। एक अन्य सवाल के जवाब में सुश्री शर्मा ने बताया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि के बाद से तेल कंपनियों के नुकसान में थोड़ी कमी आई है और अब उन्हें हर रोज 750 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अभी सरकार तेल कंपनियों को नुकसान की भरपाई के लिए सहायता पैकेज देने के किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट शुरू हुए ढाई महीने से अधिक समय हो गया है और होर्मुज जलडमरूमध्य में स्थिति अभी भी सामान्य नहीं है।

## मनी लॉड्रिंग मामले में संजीव अरोड़ा 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

एजेंसी

गुरुग्राम। पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा को मनी लॉड्रिंग मामले में यहां की एक अदालत ने सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। अब इस मामले की अगली सुनवाई एक जून को होगी। न्यायालय में पेशी के दौरान श्री अरोड़ा भावुक नजर आये। परिवार से मुलाकात के दौरान उन्होंने पुत्री कृतिका अरोड़ा को गले लगाया और रो पड़े। इस दौरान पुत्री की आंखों में भी आंसू आ गये। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर श्री अरोड़ा के समर्थन में एक पोस्ट में लिखा कि वह बहादुर और देशभक्त हैं तथा पूरे पंजाब को उन पर गर्व है। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नौ मई को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में श्री अरोड़ा को चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद एजेंसी ने पहले सात दिन और फिर दो दिन की रिमांड हासिल की थी। इधर, गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली श्री अरोड़ा की याचिका पर सोमवार को पंजाब एंड हरयाणा उच्च न्यायालय में भी सुनवाई होनी है, जहां ईडी अपना जवाब दाखिल करेगी। मामले की जांच अब अफसरशाही तक पहुंचती दिखाई दे रही है। ईडी ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी बसंत गर्ग समेत तीन अधिकारियों को तलब किया है। वहीं, ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (गमाडा) के चीफ संदीप कुमार दस्तावेजों के साथ जालंधर स्थित ईडी कार्यालय में पेश हो चुके हैं। श्री अरोड़ा के दो कारोबारी साझेदारों को भी दिल्ली तलब किया गया है। ईडी के जालंधर जोनल कार्यालय ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत गमाडा से न्यू चंडीगढ़ के रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स से जुड़े रिकॉर्ड मांगे हैं। इसी सिलसिले में आठ और नौ मई को कई नामी बिल्डरों के ठिकानों पर छापेमारी भी की गयी थी। इसके अलावा, पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पावरकॉम) के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बसंत गर्ग, निदेशक (वाणिज्यिक) हरशरण कौर नेहन तथा कारोबारी साझेदार हेमंत सूद और चंद्रशेखर को भी ईडी ने पूछताछ के लिए तलब किया है। ईडी ने गुरुग्राम न्यायालय में पेश किया।

## भारत और स्वीडन के बीच विभिन्न क्षेत्रों में छह समझौतों से संबंधों को नयी ऊर्ज़ा और गति मिलेगी : मोदी

एजेंसी

गोथेनबर्ग (स्वीडन)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और स्वीडन के बीच सुरक्षा, आर्थिक , प्रौद्योगिकी और नवाचार सहित छह क्षेत्रों में हुए समझौतों और घोषणाओं से भारत-स्वीडन संबंधों को नई ऊर्ज़ा और गति मिलेगी।

स्वीडन की यात्रा पर गये श्री मोदी ने रविवार देर रात स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की जिसके बाद दोनों देशों ने छह क्षेत्रों में सहयोग की घोषणा और समझौते किये। श्री मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में विश्वास व्यक्त किया कि भारत-स्वीडन साझेदारी एक अधिक समृद्ध और भविष्य-दृष्टि संपन्न विश्व के निर्माण में सार्थक योगदान देगी। उन्होंने कहा ,''ये समझौते भारत-स्वीडन संबंधों को नई ऊर्ज़ा और गति प्रदान करेंगे। मुझे विश्वास है कि भारत-स्वीडन साझेदारी एक अधिक समृद्ध और भविष्य-दृष्टि संपन्न विश्व के निर्माण में सार्थक योगदान देगी। इन समझौतों और घोषणाओं के तहत दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत स्थिरता और सुरक्षा के लिए दोनों देश रणनीतिक संवाद करेंगे। उनके बीच अगली पीढी की आर्थिक साझेदारी होगी। प्रोद्योगिकी के क्षेत्र और लोगों के बीच सहयोग को बल मिलेगा । दोनों देशों ने भारत-स्वीडन संयुक्त नवाचार भागीदारी 2.0 शुरू करने का भी निर्णय लिया है। भारत और स्वीडन संयुक्त रूप से प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता कॉरिडोर का विकास करेंगे। उन्होंने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को दोगुना करने पर सहमति व्यक्त की है। स्टार्ट अप और नवाचार को बढावा देने के लिए उन्होंने भारत-स्वीडन एसएमई और स्टार्ट अप प्लेटफार्म के विकास की भी घोषणा की। दोनों देशों ने विकास भी विरासत श्रृंखला के तहत टैगोर-स्वीडन व्याख्यान भी शुरू करने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री ने यूरोपीय उद्योग गोलमेज सम्मेलन में भारत की सुधारोन्मुख विकास यात्रा पर प्रकाश डाला और बताया कि यह अवसंरचना, नवाचार, प्रौद्योगिकी सहित अनेक क्षेत्रों में नए अवसर प्रदान कर रही है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा,'' कल गोथेनबर्ग में यूरोपीय उद्योग गोलमेज सम्मेलन (ईआरटी) को संबोधित करने का सम्मान प्राप्त हुआ। मेरे भाषण में भारत-यूरोप के बढ़ते सामंजस्य, भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से खुलने वाले अवसरों, भारत की सुधार-प्रेरित विकास यात्रा तथा प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्ज़ा, अवसंरचना, गतिशीलता और स्वास्थ्य सेवा में सहयोग की व्यापक संभावनाओं पर चर्चा की गई। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा ,'' प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन और मैंने कल शाम गोथेनबर्ग में स्वीडन के उद्योग जगत के नेताओं से मुलाकात की। इस संवाद में महामहिम क्राउन प्रिंसेस विक्टोरिया ने भी भाग लिया। हमने भारत और स्वीडन के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा की, विशेषकर भविष्य की प्रौद्योगिकियों, अनुसंधान एवं विकास, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्रों में। मैंने भारत की सुधारोन्मुख विकास यात्रा पर प्रकाश डाला और बताया कि यह अवसंरचना, नवाचार, प्रौद्योगिकी सहित अनेक क्षेत्रों में नए अवसर प्रदान कर रही है।

## अमृतसर में ड्रग्स, अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़: 2.1 किलोग्राम हेरोइन, सात पिस्तौल बरामद

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2.1 किलोग्राम हेरोइन और सात अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद की हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान खुश कुमार उर्फ भोला (26) निवासी गुरवाली गेट, अमृतसर के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट और स्नैचिंग के कई मामले दर्ज हैं। बरामद हथियारों में एक 9एमएम ग्लेडिएटर पिस्तौल (तुर्की निर्मित), एक 9एमएम जिगाना एक्स–शॉट, एक .30 बोर ब्रेटा (इटली निर्मित), एक .30 बोर जिगाना (चीन निर्मित), एक .30 बोर पिस्तौल (ऑस्ट्रिया निर्मित), एक .30 बोर पिस्तौल (चीन निर्मित) और एक अन्य .30 बोर पिस्तौल शामिल है। श्री यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी विदेशी तस्करों के संपर्क में था और वर्चुअल नंबरों के जरिए उनसे बातचीत करता था। पाकिस्तान सीमा पार से ड्रोन के माध्यम से हेरोइन और हथियारों की खेप भेजी जाती थी, जिन्हें आरोपी आगे अपराधियों तक पहुंचाता था। उन्होंने कहा कि पुलिस अब इस नेटवर्क के सभी संपर्क खंगालने में जुटी हुई है, ताकि इसमें शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा सके। अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर चलाये गये विशेष अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने खुश उर्फ भोला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2.1 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। आरोपी से लगातार पूछताछ के बाद सात पिस्टल भी बरामद की गयीं। पुलिस आयुक्त ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया है कि बरामद हथियारों को आपराधिक गतिविधियों के लिए अपराधियों तक पहुंचाया जाना था। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने हालांकि समय रहते आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी वारदातों को टाल दिया।

# पेज एक का शेष

### यूपी के 13 शहर...

ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक मो. दानिश के अनुसार अगले एक हफ़्ते तक राज्य के दक्षिणी और मध्य हिस्सों में लू की स्थिति रहेगी, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अगले दो दिनों तक रात का तापमान ज्यादा होने की वजह से लोगों को परेशानी हो सकती है। आईएमडी ने चेतावनी दी है कि सामान्य लोगों के लिए गर्मी भले ही सीमित रूप से सहनीय हो, लेकिन छोटे बच्चों, बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए यह स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न कर सकती है। तेज गर्मी में मजदूरों, खेतों में काम करने वाले किसानों, खनन और औद्योगिक श्रमिकों में डिहाइड्रेशन और लू लगने का खतरा अधिक रहेगा। मौसम विभाग ने सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की सलाह दी है। लोगों से हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने, सिर को ढककर रखने और पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ लेने को कहा गया है। ओआरएस, लस्सी, छाछ, नींबू पानी और अन्य घरेलू पेय पदार्थों के सेवन पर जोर दिया गया है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड पेय पदार्थ शरीर में पानी की कमी बढ़ा सकते हैं, इसलिए इनसे बचना चाहिए। साथ ही भारी और बासी भोजन का सेवन भी नहीं करने की सलाह दी गई है। किसानों को गन्ना, ग्रीष्मकालीन मक्का, दलहन और सब्जियों की सिंचाई जारी रखने की सलाह दी गई है। वहीं पशुपालकों से दोपहर के समय जानवरों को खुले में न छोड़ने और उन्हें छांव व पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने को कहा गया है। मौसम विभाग ने यह भी कहा है कि हीट स्ट्रोक, चक्कर आना, सिरदर्द, कमजोरी, अधिक पसीना, उल्टी और बेहोशी जैसे लक्षण दिखने पर तत्काल चिकित्सकीय सहायता लेनी चाहिए। आईएमडी ने हीट वेव को लेकर ग्रीन, येलो, ऑरेंज और रेड अलर्ट की श्रेणियां निर्धारित की हैं। येलो अलर्ट का अर्थ है कि लू की स्थिति दो दिन तक बनी रह सकती है, जबकि रेड अलर्ट अत्यधिक गंभीर स्थिति को दर्शाता है, जिसमें लगातार कई दिनों तक भीषण लू चलने की संभावना रहती

### नीट पेपर लीक पर संसदीय...

हुई जांच व कार्रवाई से जुड़ी अद्यतन जानकारियां देने को कहा गया है। समिति एआई के बढ़ते प्रभाव, छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाने की रणनीतियों पर भी चर्चा करेगी। एक अलग सत्र में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कुलपति और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग के अध्यक्ष के साथ संस्थानों से संबंधित मुद्दों पर पर भी चर्चा होगी। समिति महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की 'अनुदान मांगों 2025-26' पर अपनी 365वीं रिपोर्ट में की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई से संबंधित अपनी 379वीं रिपोर्ट पर भी चर्चा करेगा। इसके अलावा राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद के कामकाज की समीक्षा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षक प्रशिक्षण पहलों पर 368वीं रिपोर्ट में की गई सिफारिशों पर की गई कार्रवाई से संबंधित अपनी 380वीं रिपोर्ट पर भी विचार करेगा।

### पंचायत चुनाव में...

वर्ग आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। आयोग प्रदेश में पिछड़े वर्गों की स्थिति, उनकी जनसंख्या, सामाजिक प्रतिनिधित्व और पंचायतों में भागीदारी का समकालीन एवं अनुभवजन्य अध्ययन करेगा तथा निकायवार आनुपातिक आरक्षण निर्धारित करने के लिए अपनी संस्तुतियां देगा। वित्त मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 तथा उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के तहत पंचायतों में आरक्षण की व्यवस्था लागू है। पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण कुल पदों के 27 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा और यदि जनसंख्या के अद्यतन आंकड़े उपलब्ध नहीं होंगे तो सर्वेक्षण के माध्यम से आंकड़े निर्धारित किए जा सकेंगे। आयोग के गठन को कैबिनेट ने मंजूरी दी है तथा आयोग का कार्यकाल सामान्य रूप से छह माह का होगा। आयोग प्रदेश की ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और जिला पंचायतों में ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण तय करने के उद्देश्य से आंकड़ों का अध्ययन करेगा और निकायवार आनुपातिक आरक्षण की संस्तुति देगा। इसके आधार पर आगामी पंचायत चुनावों में आरक्षण व्यवस्था लागू की जाएगी। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार आयोग में कुल पांच सदस्य होंगे, जिन्हें राज्य सरकार नामित करेगी। इनमें एक सदस्य उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश होंगे, जिन्हें आयोग का अध्यक्ष बनाया जाएगा। आयोग में ऐसे व्यक्तियों को शामिल किया जाएगा, जिन्हें पिछड़े वर्गों से जुड़े मामलों का ज्ञान व अनुभव हो। सरकार ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 243-घ तथा संबंधित अधिनियमों की धाराओं के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्गों के लिए पंचायतों में आरक्षण का प्रावधान है। पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण कुल पदों के 27 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा। आयोग की रिपोर्ट के आधार पर पंचायतों में आरक्षण का अंतिम निर्धारण किया जाएगा। योगी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश में जनता को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लिए योगी कैबिनेट ने 3.800 मेगावाट क्षमता की नई तापीय ऊर्ज़ा परियोजना को भी मंजूरी दी है। राज्य की इस 2400 मेगावाट क्षमता वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर लगभग 38,358 करोड़ रुपये लागत आएगी। इस परियोजना को प्रदेश सरकार एवं एनटीपीसी के संयुक्त उपक्रम के माध्यम से मीरजापुर में स्थापित होगी और संचालित किया जाएगा। कैबिनेट बैठक में डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के नवीन परिसर, शहीद पथ स्थित गोमती नगर विस्तार सेक्टर-7 में 1010 बेडेड मल्टी स्पेशलिटी इमरजेंसी सेंटर अस्पताल, नवीन ओपीडी ब्लॉक एवं टीचिंग ब्लॉक के निर्माण संबंधी परियोजना को भी मंजूरी दे दी है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 855 करोड़ चार लाख 34 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त मल्टी स्पेशलिटी इमरजेंसी सेंटर अस्पताल का निर्माण किया जाएगा। इसमें कुल 1010 बेड होंगे। एक नया ओपीडी ब्लॉक भी बनाया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत 200 सीटों की क्षमता वाला नया टीचिंग ब्लॉक विकसित किया जाएगा।

### चारबाग से वसंतकुंज...

सुविधा उपलब्ध कराएगा। लखनऊ मेट्रो फ़ेज-एकबी ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर की डीपीआर को 5 मार्च 2024 को कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दी गई थी। इसके बाद आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय केंद्र सरकार ने 3 सितंबर 2025 को परियोजना की कुल लागत 5801.05 करोड़ रुपये को मंजूरी प्रदान करते हुए परियोजना का अनुमोदन किया था। केंद्र द्वारा जारी स्वीकृति पत्र में यह शर्त रखी गई थी कि परियोजना के लिए केंद्र, राज्य सरकार और उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के बीच त्रिपक्षीय एमओयू किया जाएगा। न्याय विभाग द्वारा परीक्षण के बाद तैयार एमओयू के प्रारूप को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इसमें राज्य सरकार की भूमिका और दायित्वों को भी स्पष्ट रूप से निर्धारित किया गया है।

### ट्रक और मैजिक...

सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मैजिक के परखच्चे उड़ गए और चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। भीषण हादसे की खबर पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने सभी को सरकारी एंबुलेंस से सीएचसी खमरिया भिजवाया, लेकिन डॉक्टरों ने आठ लोगों को तुरंत मृत घोषित कर दिया और अन्य दो की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मैजिक वाहन पर सवार सभी दस मजदूरों की मौत हो गई, जिनमें आठ पुरुष और 2 महिलाएं हैं। घटना के बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पोस्टमार्टम हाउस पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग ने बताया कि लखीमपुर से बहराइच की ओर जा रही सवारी मैजिक वाहन और सामने से आ रहे ट्रक की भिड़ंत हो गई। सभी मृतकों की शिनाख्त कर ली है और उनके शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान जयवीर सिंह (25) पुत्र पेशकार सिंह, निवासी मनगौढिया, मोतीपुर, बहराइच,पवन कुमार पुत्र संतोष, निवासी रामवचनपुरवा, बहराइच, सोहन (21) पुत्र संतोष, निवासी रामवचनपुरवा, बहराइच, अदनान (19) पुत्र वकील, निवासी सिसैया, धौरहरा, खीरी, राजेश गोयल (45) पुत्र मनीलाल गोयल, निवासी मिहीपुरवा, बहराइच, सहजराम (35) पुत्र छोटे निषाद, निवासी ककरहा, मूर्तिहा, बहराइच, पप्पू (18) पुत्र दूलन गौतम, निवासी देवदत्तपुर, खैरीघाट, बहराइच, गायत्री वैश्य (44) पत्नी रमेशचन्द्र गुप्ता, निवासी विजय लक्ष्मीनगर, सीतापुर (पेशा-शिक्षिका, प्रा. वि. रायबोझना, बहराइच), जुलेखा (55) पत्नी स्व. हबीब, निवासी पलटूपुरवा, धौरहरा, खीरी और कलैश (40) पुत्र झब्बू लाल वर्मा, निवासी ग्राम अमेठी, धौरहरा, खीरी के रूप में हुई है। इस भीषण हादसे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गहरा दुख व्य किया। उन्होंने कहा कि लखीमपुर खीरी में हुई दुर्घटना के बारे में सुनकर गहरा दुख हुआ। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस हादसे पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने लखीमपुर खीरी के उच्च अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने और मृतकों के परिजनों को हरसंभव प्रशासनिक व आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के कड़े निर्देश दिए हैं।

### बीसीसीआई 'सार्वजनिक...

किया गया है और न ही किसी सरकारी अधिसूचना के जरिये।

### सरकारी बैंकों और...

से यात्रा, आवास और अन्य प्रशासनिक खर्चों में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। कोविड महामारी के दौरान वर्चुअल बैठकों का जो मॉडल अपनाया गया था, उसे अब स्थायी रूप से अधिक प्रभावी तरीके से लागू करने पर जोर दिया जा रहा है। सरकारी निर्देशों में चेयरमैन, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारियों की विदेश यात्राओं को भी सीमित करने को कहा गया है। विदेश दौरे केवल उन्हीं मामलों में मंजूर किए जाएंगे, जहां वे संस्थान के लिए अत्यंत जरूरी हों। सरकार का मानना है कि कई अंतरराष्ट्रीय बैठकें और सम्मेलन अब डिजिटल माध्यम से भी प्रभावी तरीके से किए जा सकते हैं। इससे विदेशी मुद्रा खर्च में कमी आएगी और संस्थानों की लागत नियंत्रण नीति को मजबूती मिलेगी। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और बीमा कंपनियों को अपने वाहन बेड़े में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को शामिल करने की सलाह दी है। निर्देश में कहा गया है कि मुख्यालय और शाखाओं में जहां संभव हो, वहां पेट्रोल और डीजल वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढ़ाया जाए। यह कदम सरकार की हरित ऊर्ज़ा और कार्बन उत्सर्जन कम करने की नीति के अनुरूप माना जा रहा है। साथ ही, लंबे समय में ईवी के इस्तेमाल से ईंधन और रखरखाव पर होने वाले खर्च में भी कमी आने की उम्मीद है। इन निर्देशों का असर सरकारी बैंकों और बीमा कंपनियों में काम करने वाले लाखों कर्मचारियों पर पड़ेगा। शाखा स्तर से लेकर शीर्ष प्रबंधन तक बैठकों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तरीके बदल सकते हैं। कर्मचारियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल को लेकर अधिक सक्रिय होना पड़ेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि खर्च नियंत्रण के ये उपाय संस्थानों की कार्यकुशलता बढ़ाने में मदद कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए तकनीकी ढांचे को मजबूत बनाना भी जरूरी होगा। ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों की शाखाओं में डिजिटल कनेक्टिविटी और तकनीकी संसाधनों को बेहतर करना एक बड़ी चुनौती हो सकती है। सरकार की चिंता का मुख्य कारण वैश्विक आर्थिक हालात हैं। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आ सकती है, जिसका असर भारत के आयात बिल, महंगाई और रुपये पर पड़ सकता है। ऐसे में सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों को वित्तीय अनुशासन और लागत नियंत्रण के लिए पहले से तैयार करना चाहती है। विशेषज्ञों के मुताबिक, यदि इन उपायों को प्रभावी तरीके से लागू किया गया तो सरकारी बैंकों और बीमा कंपनियों की परिचालन लागत कम हो सकती है और उनकी वित्तीय स्थिति मजबूत बन सकती है। साथ ही, डिजिटल और पर्यावरण-अनुकूल कार्यप्रणाली को भी बढ़ावा मिलेगा।

### अमेरिका से वार्ता जारी...

रूप से बात करनी चाहिए और तार्किक जवाब मिलने चाहिए। बाहरी दबावों की ओर ध्यान दिलाते हुए पेजेश्कियन ने ईरान के विरोधियों पर देश को अस्थिर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया और हाल के क्षेत्रीय संघर्षों पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रियाओं की कड़ी आलोचना की। गाजा में चल रहे विनाशकारी संघर्ष का सीधा जिक्र करते हुए ईरान के राष्ट्रपति ने उस बात की ओर इशारा किया, जिसे वे वैश्विक दोहरे मापदंड के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि हमने देखा कि उन्होंने गाजा और फिलिस्तीन में किस तरह के अपराध किए हैं। तेहरान की ओर से की गई इस कूटनीतिक पहल को वाशिंगटन से भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। कूटनीतिक गतिरोध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को एक और कड़ी चेतावनी जारी की है। ट्रूथ सोशल पर ट्रंप ने लिखा कि ईरान के लिए घड़ी की टिक-टिक शुरू हो चुकी है। बेहतर होगा कि वे जल्द से जल्द कदम उठाएं, वरना उनका कुछ भी नहीं बचेगा। समय बहुत कीमती है।

### यूपी में सफलता देश...

भी देखी है, लेकिन 2017 से पहले यह संभव नहीं था। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंच पर सीमित लोगों को ही बुला कर नियुक्ति पत्र दिया गया। सभी 932 अधिकारी सीधे नियुक्ति पत्र पाने के अधिकारी हैं, लेकिन समय की सीमा है। हमने विभागीय मंत्रियों को प्रतिनिधि के रूप में रखा। यह वह टीम है, जो पीएम के विजन को अपने विभागों में इंप्लीमेंट करने के लिए कार्यक्रमों को लागू करती है। अब आपको मशीनरी के रूप में कार्य करना है। अभी आप ट्रेनिंग में जाएंगे, फिर राज्य के विकास के लिए कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 9 साल की शानदार यात्रा में भी चुनौतियां थीं, लेकिन हमने उनका सफलतापूर्वक मुकाबला किया और टीम भावना से परिणाम भी लाया। नौ वर्ष में यूपी की अर्थव्यवस्था व प्रति व्यक्ति आय को तिगुना करने में सफलता हासिल की। यूपी को अब कोई बीमारू नहीं कह सकता। हमने यूपी को बॉटम-3 से टॉप-3 राज्यों में पहुंचाया है। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, योगी सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, ओमप्रकाश राजभर, दारा सिंह चौहान, दयाशंकर सिंह, रविंद्र जायसवाल, बलदेव सिंह औलख, विजय लक्ष्मी गौतम, दानिश आजाद अंसारी आदि मौजूद रहे।

# सीएम रेखा समेत मंत्रियों ने मेट्रो व बस से सफर करके दिया ईंधन बचत का संदेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को 'मेरा भारत, मेरा योगदान' जन-अभियान के अंतर्गत शुरू की गई 'मेट्रो मंडे' पहल में भाग लेते हुए सार्वजनिक परिवहन, ईंधन संरक्षण और जिम्मेदार नागरिक भागीदारी का संदेश दिया। मुख्यमंत्री की अपील पर दिल्ली सरकार के सभी मंत्रियों व सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपने कार्यालय पहुंचने के लिए मेट्रो रेल व दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों का उपयोग किया।

मुख्यमंत्री ने अपने दिन की शुरुआत जनभागीदारी के संदेश के साथ की। वह अपने आवास से लोक निवास में उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के लिए पैदल पहुंचीं। इसके बाद मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रिक कार के माध्यम से कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन तक यात्रा की और वहां से आईटीओ मेट्रो स्टेशन तक दिल्ली मेट्रो सेवा का उपयोग किया। आईटीओ मेट्रो स्टेशन पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने अपने कार्यालय दिल्ली सचिवालय तक जाने के लिए फीडर बस सेवा का उपयोग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के



साथ दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मेरा भारत, मेरा योगदान' अभियान केवल सरकारी पहल नहीं, बल्कि जनभागीदारी का आंदोलन है। इसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को यह संदेश देना है कि राष्ट्रहित में किया गया छोटा-सा प्रयास भी देश की ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक संतुलन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से ईंधन बचत, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने की जो अपील की गई है, दिल्ली सरकार उसे जन-अभियान के रूप में आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि 'मेट्रो मंडे' उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से लोगों को सप्ताह में कम-से-कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सरकारी स्तर पर भी कई बड़े कदम उठा रही है। इनमें सप्ताह में दो दिन वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था, सरकारी वाहनों के उपयोग में कटौती, ऑनलाइन बैठकों को बढ़ावा तथा सार्वजनिक परिवहन के अधिकतम उपयोग जैसी पहल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मेट्रो-डीटीसी बसों का अधिक उपयोग न केवल ईंधन की बचत करेगा, बल्कि ट्रैफिक जाम और प्रदूषण को कम करने में भी प्रभावी भूमिका निभाएगा। दिल्ली सरकार का उद्देश्य राजधानी को अधिक स्वच्छ, सुगम और पर्यावरण-अनुकूल बनाना है। मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों से अपील की कि सभी नागरिक यथासंभव सार्वजनिक परिवहन का अधिक से अधिक उपयोग करें। इससे न केवल देश के लिए ईंधन की बचत होगी, बल्कि दिल्ली में प्रदूषण और ट्रैफिक जाम जैसी समस्याओं को कम करने में भी बड़ी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि लोग अपनी दिनचर्या में मेट्रो, डीटीसी बसों और अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों को शामिल करना शुरू करें, तो राजधानी को अधिक स्वच्छ, सुगम और पर्यावरण-अनुकूल बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा लास्ट माइल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि 'मेट्रो मंडे' के अंतर्गत दिल्ली सरकार के मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों ने भी सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर लोगों को प्रेरित करने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप विकसित दिल्ली का लक्ष्य अवश्य हासिल किया जाएगा। दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने मेट्रो से उत्तम नगर ईस्ट से आरके आश्रम मार्ग मेट्रो स्टेशन यात्रा की।

### एनडीएमसी उपाध्यक्ष और सांसद मनोज तिवारी ने ईवी ऑटो में किया सफर



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद मनोज तिवारी के साथ सेवा तीर्थ मेट्रो स्टेशन तक पहुंचने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) ऑटो का उपयोग किया। साथ ही कहा कि एनडीएमसी क्षेत्र में कार पार्किंग में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोगकर्ताओं को पार्किंग शुल्क पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने चाणक्यपुरी स्थित अपने आधिकारिक आवास से इलेक्ट्रिक ऑटो में सवार होकर मदर टेरेसा क्रिसेंट से मनोज तिवारी को लिए और फिर सेवा तीर्थ मेट्रो स्टेशन के लिए रवाना हुए। दोनों नेताओं ने पालिका बाजार पर यात्रियों से बातचीत की। उन्होंने दिल्ली मेट्रो के उन यात्रियों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने सार्वजनिक परिवहन को अपने यात्रा के प्राथमिक साधन के रूप में अपनाया है। सेवा तीर्थ मेट्रो स्टेशन तक पहुंचने के लिए ईवी ऑटो का इस्तेमाल करने पर एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'राष्ट्र पहले, ईंधन बचाओ' का नारा दिया है, इसलिए आज मनोज तिवारी के साथ ऑटो पूल करके कनॉट प्लेस जाएंगे और मेट्रो का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने बताया कि वह कई दिनों से मेट्रो और ऑटो में सफर कर रहे हैं इसलिए कोई गर्मी महसूस नहीं हो रही है। एनडीएमसी उन लोगों का भी अभिवादन करेगी जो सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी अपनी खुद की बस शटल सेवा शुरू की है। मनोज तिवारी ने कहा कि यह प्रधानमंत्री की पहल है और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हम इसे दिल्ली में लागू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज से एनडीएमसी क्षेत्र में कार पार्किंग में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोगकर्ताओं को पार्किंग शुल्क पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इस नियम को लागू करने के लिए यहां आने के लिए, एक ऑटो पूल किया और मेट्रो का भी इस्तेमाल किया। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि देशभक्ति यह है कि हम ईंधन का कम से कम इस्तेमाल करें।

# रेलवे ओवरब्रिज निर्माण: 22 लोगों के मकान तोड़ने पर हाईकोर्ट ने लगायी रोक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नवादा। नवादा शहर के बहुचर्चित रेलवे ओवरब्रिज एवं अतिक्रमण हटाओ मामले में पटना हाई कोर्ट ने आज प्रभावित लोगों को बड़ी को राहत दी है। हाई कोर्ट ने मामले में अंतरिम रोक लगाते हुए स्पष्ट किया है कि अगली सुनवाई तक याचिकाकर्ताओं के खिलाफ किसी भी प्रकार की बलपूर्वक कार्रवाई नहीं की जाएगी। अदालत के इस फैसले के बाद प्रभावित परिवारों में राहत की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, रेलवे ओवरब्रिज निर्माण और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर जिले से कुल 22 लोग पटना हाई कोर्ट पहुंचे थे। सबसे पहले अजय साव को अदालत से राहत मिली थी। इसके बाद उसी आदेश को आधार बनाकर 21 अन्य लोगों को भी अंतरिम राहत प्रदान की गई। पटना उच्च न्यायालय में दायर सिविल रिट जूरिस्डिक्शन केस संख्या 6104/2026 की सुनवाई न्यायमूर्ति अजीत



कुमार की एकल पीठ में हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने पूर्व मध्य रेलवे के अधिवक्ता को निर्देश दिया कि वे यह बताएं कि किन दस्तावेजों और साक्ष्यों के आधार पर याचिकाकर्ताओं को अतिक्रमणकारी घोषित किया गया है। कोर्ट ने कहा कि रेलवे प्रशासन द्वारा जारी नोटिस के समर्थन में पर्याप्त अभिलेख प्रस्तुत करना आवश्यक है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई तक किसी भी याचिकाकर्ता को बेदखल नहीं किया जाए और न ही कोई कठोर कार्रवाई की जाए। रेलवे ओवरब्रिज परियोजना और अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया को लेकर पिछले कई दिनों से जिले में व्यापक चर्चा चल रही थी।

# बिहार को उद्योग और निवेश के जरिए समृद्ध बनाएंगे : सम्राट चौधरी

- अग्निशमन विभाग के 80 हाई-टेक अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाई गई
- विभाग को 36 नई स्कॉर्पियो गाड़ियां सौंपी गईं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को पटना के गांधी मैदान से अग्निशमन विभाग के 80 हाई-टेक फायर ब्रिगेड वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही विभाग को 36 नई स्कॉर्पियो वाहन भी सौंपे गए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बिहार को उद्योग, निवेश और बेहतर कानून व्यवस्था के जरिए समृद्ध राज्य बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने संबोधन



में कहा कि बिहार को विकास और समृद्धि के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ाना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में समृद्धि तभी आएगी जब बड़े पैमाने पर उद्योग-धंधे स्थापित होंगे और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने बिहार से बाहर रह रहे लोगों से राज्य लौटकर यहां निवेश करने और उद्योग लगाने की अपील की। उन्होंने कहा, ङ्कमैं बिहार के बाहर रह रहे लोगों से कहना चाहता हूं कि वे वापस लौटें। यदि बिहार के लोग यहां आकर उद्योग लगाएंगे, तो राज्य तेजी से आगे बढ़ेगा।ङ्क सम्राट चौधरी ने बताया कि उन्हें मुख्यमंत्री बने अभी एक महीना और तीन दिन हुए हैं, लेकिन इस दौरान राज्य में निवेश को लेकर सकारात्मक माहौल बनना शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार एक वर्ष के भीतर बिहार में पांच लाख करोड़ रुपये का पूंजी निवेश लाने का लक्ष्य लेकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार नई नीतियों और योजनाओं पर काम कर रही है। कानून व्यवस्था के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सुशासन वाला राज्य है और सरकार ने पुलिस को स्वतंत्र रूप से कार्य करने की छूट दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राज्य में किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, पुलिस अपना काम कर रही है और आगे भी पूरी मजबूती के साथ करती रहेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार को 1000 जवानों की क्षमता वाला केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) का ट्रेनिंग सेंटर मिला है। गयाजी में विकसित किए जा रहे इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में भी एक और सीआईएसएफ ट्रेनिंग सेंटर स्थापित करने का अनुरोध केंद्र सरकार से किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी आपदा को बड़ी विपदा बनने से रोकना सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से राज्य में अग्निशमन सेवाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है। बिहार अग्निशमन सेवा की क्षमता बढ़कर अब 8000 कर्मियों तक पहुंच गई है, जो राज्य में आपदा प्रबंधन और आगजनी की घटनाओं से निपटने में अहम भूमिका निभाएंगे। सम्राट चौधरी ने इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों का भी उल्लेख किया।

## लुधियाना में टारगेट किलिंग की साजिश नाकाम, आतंकवादी-गैंगस्टर नेटवर्क से जुड़े दो आरोपी गिरफ्तार

लुधियाना। पंजाब में लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस ने काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी-गैंगस्टर नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन अवैध पिस्तौल और 11 कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनुराज उर्फ गौरव मसीह और अंकुश, दोनों निवासी फिल्लौर (जालंधर) के रूप में हुई है। आरोपी अंकुश के खिलाफ पहले भी गोराया थाने में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो .30 बोर पिस्तौल, एक .315 बोर पिस्तौल और 11 कारतूस बरामद किये हैं। इसके अलावा अपराधों में इस्तेमाल की जा रही बिना नंबर की बजाज सीटी-100 मोटरसाइकिल भी जब्त की गयी है।

## अमृतसर में ड्रग्स, अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़: 2.1 किलोग्राम हेरोइन, सात पिस्तौल बरामद

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2.1 किलोग्राम हेरोइन और सात अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद की हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान खुश कुमार उर्फ भोला (26) निवासी गुरवाली गेट, अमृतसर के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट और स्नैचिंग के कई मामले दर्ज हैं। बरामद हथियारों में एक 9एमएम ग्लेडिएटर पिस्तौल (तुर्की निर्मित), एक 9एमएम जिगाना एक्स-शॉट, एक .30 बोर ब्रेटा (इटली निर्मित), एक .30 बोर जिगाना (चीन निर्मित), एक .30 बोर पिस्तौल (ऑस्ट्रिया निर्मित), एक .30 बोर पिस्तौल (चीन निर्मित) और एक अन्य .30 बोर पिस्तौल शामिल है।

# दिल्ली में नकली बेयरिंग का करोड़ों का खेल उजागर, क्राइम ब्रांच ने दो फैक्ट्रियां पकड़ीं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली, 18 मई (हि.स.)। राजधानी दिल्ली में नकली ऑटो पार्ट्स और मशीनरी सामान के बड़े कारोबार का खुलासा करते हुए क्राइम ब्रांच ने फराश खाना इलाके में चल रही दो अवैध वर्कशॉप पर छापा मारकर नकली बेयरिंग बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 5067 नकली बेयरिंग, चार स्टैंपिंग एवं एंग्रेविंग मशीन, एक पैकिंग मशीन और भारी मात्रा में पैकिंग व प्रिंटिंग सामग्री बरामद की है। इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है, जो सस्ती विदेशी बेयरिंग पर नामी कंपनियों के नकली ट्रेडमार्क लगाकर उन्हें असली बताकर बाजार में बेच रहे थे। पुलिस ने मामले में 50 वर्षीय आमिर खान और 40




वर्षीय मोहम्मद अनस को गिरफ्तार किया है। आमिर खान पुरानी दिल्ली के लाल कुआं इलाके का रहने वाला है और पांचवीं पास है। पूछताछ में उसने बताया कि वह पुराने और इस्तेमाल किए गए बेयरिंग खरीदकर उनकी मरम्मत करता था। इसके बाद उन पर नकली ब्रांडिंग कर बाजार में बेच देता था। जांच में यह भी सामने आया कि आमिर खान पहले भी इसी तरह के मामले में गिरफ्तार हो चुका है। उसके खिलाफ वर्ष 2006 में कमला मार्केट थाने में धोखाधड़ी और कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। वहीं दूसरा आरोपी मोहम्मद अनस लक्ष्मी नगर का रहने वाला है और 12वीं पास है। वह भी पुराने बेयरिंग खरीदकर उनकी मरम्मत और बिक्री का काम करता था। पुलिस के अनुसार, अनस का पहले कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त संजीव यादव ने सोमवार को बताया कि एंटी रॉबरी एंड स्नैचिंग सेल (एआरएससी) लगातार राजधानी में नकली और डुप्लीकेट उत्पादों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पुरानी दिल्ली के फराश खाना इलाके की मीर मदारी गली में कुछ लोग अवैध तरीके से नकली बेयरिंग तैयार कर बाजार में सप्लाई कर रहे हैं। सूचना के बाद इंस्पेक्टर के.के. शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम में कई पुलिसकर्मियों के साथ संबंधित कंपनियों के अधिकृत प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया।

## 'सात निश्चय-3' के संकल्पों को तेजी से जमीन पर उतार रही राजग सरकार: उमेश सिंह कुशवाहा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पटना। बिहार जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सोमवार को बयान जारी करते हुए कहा कि नीतीश कुमार के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी के नेतृत्व में राजग सरकार 'सात निश्चय-3' के संकल्पों को जमीन पर उतारते हुए विकसित बिहार के निर्माण की दिशा में निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में 'सात निश्चय-1' और 'सात निश्चय-2' के तहत हर घर नल का जल, पक्की गली-नाली, निर्बाध बिजली आपूर्ति तथा मजबूत आधारभूत संरचना का जो जाल बिछाया गया है, उसने बिहार के गांवों की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल दी हैं। आज गांवों में विकास केवल दिखाई ही नहीं देता, बल्कि महसूस भी होता है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने शोषित, वंचित और कमजोर वर्गों को मुख्यधारा में लाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। कौशल विकास, रोजगार सृजन, छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों ने नई सामाजिक-आर्थिक क्रांति की नींव रखी है। आज बिहार का युवा अवसरों के साथ आगे बढ़ रहा है और महिलाएं आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बन रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के साथ-साथ आधुनिक आधारभूत संरचनाओं का तेजी से विस्तार किया गया है।

# मुख्यमंत्री ने चार अत्याधुनिक एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी, बोले-पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं होंगी मजबूत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से चार अत्याधुनिक एम्बुलेंस का फ्लैग ऑफ किया। यह पहल राज्य के दूरस्थ एवं पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि निजी संस्थाओं की ओर से जनहित में किया जा रहा सहयोग सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण है। पर्वतीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों में समय पर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है और एचडीएफसी बैंक की



ओर से उपलब्ध कराई गई ये एम्बुलेंस जरूरतमंद लोगों तक त्वरित चिकित्सा सहायता पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगी। मुख्यमंत्री ने एचडीएफसी बैंक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बड़े धार्मिक आयोजनों, आपदा की स्थितियों और दुर्गम क्षेत्रों में ऐसी सेवाएं बेहद उपयोगी साबित होंगी। उन्होंने आगामी हरिद्वार कुंभ एवं अन्य पर्वतीय जनपदों के लिए भी सीएसआर के माध्यम से अतिरिक्त एम्बुलेंस उपलब्ध कराने की अपेक्षा जताई। बैंक अधिकारियों ने जानकारी दी कि इन एम्बुलेंस में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं और आवश्यक आपातकालीन उपकरण उपलब्ध हैं। साथ ही आगामी तीन वर्षों तक प्रत्येक एम्बुलेंस में चिकित्सक, नर्स, अटेंडेंट एवं चालक की व्यवस्था भी बैंक द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। प्रारंभिक चरण में ये एम्बुलेंस चमोली, चंपावत, पिथौरागढ़ और रुद्रप्रयाग जनपदों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगी। भविष्य में प्रमुख धार्मिक आयोजनों एवं आपदा प्रबंधन कार्यों में भी इनका उपयोग किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक राजकुमार पोरी,विनोद कंडारी, अपर सचिव मनमोहन मैनाली, एचडीएफसी बैंक के से मुस्कान सिंह (ब्रांच बैंकिंग हेड-नॉर्थ 3), संजीव कौशिक (रीजनल हेड- नॉर्थ3),जोनल हेड उत्तराखंड बकुल सिक्का, स्टेटहेड उत्तराखंड गौरव जैन एवं आयुष सिंघल मौजूद थे।

# सरकारी दफ्तरों से बाजार तक ऊर्ज़ा बचत की मुहिम, डीएम ने लागू किए नए नियम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंपावत। वैश्विक हालात और लगातार बढ़ती ईंधन कीमतों के बीच चम्पावत जिला प्रशासन अब ऊर्ज़ा बचत और संसाधनों के सीमित उपयोग को लेकर गंभीर हो गया है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने सरकारी विभागों से लेकर निजी संस्थानों तक के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी करते हुए ऊर्ज़ा संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने पर जोर दिया है। नई व्यवस्था के तहत सरकारी बैठकों में अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को प्राथमिकता दी जाएगी और बेहद जरूरी होने पर ही अधिकारियों की भौतिक मौजूदगी सुनिश्चित की जाएगी। वहीं निजी संस्थानों को भी वर्क फ्रॉम होम संस्कृति अपनाने के लिए प्रेरित किया गया है। प्रशासन ने सरकारी काफिलों में वाहनों की संख्या आधी करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा होटल, मॉल, रेस्तरां और अन्य भवनों में एयर कंडीशनर का तापमान 24



से 26 डिग्री के बीच रखने को कहा गया है, ताकि बिजली और ईंधन की खपत कम की जा सके। अनावश्यक रोशनी और सजावटी लाइटिंग पर भी नियंत्रण रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिलाधिकारी ने हर शनिवार को 'नो व्हीकल डे' के रूप में मनाने की घोषणा की है। इस दौरान कार पूलिंग, सार्वजनिक परिवहन और साइकिल के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही जनपद में इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ाने के लिए ईवी चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार भी किया जाएगा। स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए मेड इन उत्तराखण्ड अभियान के तहत स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प और जीआई टैग उत्पादों को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ने की योजना बनाई गई है। प्रशासन का फोकस पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने पर भी रहेगा, जिसके तहत धार्मिक, ग्रामीण, वेलनेस और इको-टूरिज्म सर्किटों का प्रचार किया जाएगा। ऊर्ज़ा बचत के साथ स्वास्थ्य पर भी जोर देते हुए प्रशासन ने कम तेल वाले भोजन को बढ़ावा देने का फैसला लिया है। आशा कार्यकर्ताओं और महिला समूहों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जबकि स्कूलों और सरकारी कैंटीनों में तेल के उपयोग की समीक्षा की जाएगी। कृषि क्षेत्र में प्राकृतिक खेती और जीरो बजट फार्मिंग को प्रोत्साहित करने की योजना है। वहीं 'पीएम सूर्य घर योजना' के तहत रूफटॉप सोलर परियोजनाओं और पीएनजी कनेक्शन विस्तार को भी तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि ऊर्ज़ा संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग में प्रशासन का सहयोग करें।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063